आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 116 | उज्जैन, मंगलवार 12 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# प्रदेश में फिलहाल शुरू नहीं होंगे परिवहन चेक पोस्ट, हाईकोर्ट ने लगाया स्टे

## परिवहन क्षेत्र में हलचल मची और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को मिली राहत, पिछले महीने कोर्ट ने ही दिया था इन्हें खोलने का आदेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आज प्रदेशभर में बंद पड़े परिवहन (आरटीओ) चेक पोस्टों को दोबारा शुरू करने के अपने पूर्व आदेश पर स्टे (रोक) लगा दी है। इससे परिवहन क्षेत्र में हलचल मच गई और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को राहत मिली है।



हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने 16 अप्रैल 2026 को एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए थे कि सभी बंद चेक पोस्ट 30 दिनों के अंदर दोबारा चालू किए जाएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने यह आदेश जनहित याचिका और ओवरलोडिंग नियंत्रण से जुड़े मुद्दे पर दिया था।

कोर्ट ने कहा था कि चेक पोस्ट बंद करने का 30 जून 2024 का सरकारी आदेश कोर्ट की पूर्व अंडरटेकिंग और 2018 के स्टे ऑर्डर का उल्लंघन है। चेक पोस्ट सड़क सुरक्षा, ओवरलोडिंग रोकथाम और परिवहन नियमों के पालन के लिए जरूरी हैं।

### आज कोर्ट ने उसी ऑर्डर को स्टे कर दिया

आज हाईकोर्ट ने उसी आदेश पर स्टे दे दिया। इससे चेक पोस्ट दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रुक गई है। यह फैसला संभवतः सरकार की अपील या संबंधित पक्षों की याचिका पर आया है। भोपाल के ट्रांसपोर्टर अमन भोंसले ने हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए स्टे ऑर्डर जारी किया गया है।

### 2024 से बंद हुए थे चेक पोस्ट

1 जुलाई 2024 से प्रदेश के अंतरराज्यीय चेक पोस्ट बंद कर दिए गए थे। सरकार का तर्क था कि इससे परिवहन क्षेत्र को सुविधा मिलेगी और अनावश्यक चेकिंग से बचत होगी। परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने अप्रैल के अंत में कहा था कि सरकार हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगी और लीगल ओपिनियन ले रही है। चेक पोस्ट दोबारा खुलने से ओवरलोडिंग चेकिंग बढ़ने और कथित उत्पीड़न का डर था। वे आंदोलन की चेतावनी दे रहे थे। आज का स्टे उन्हें राहत देगा। परिवहन विभाग नई एसओपी (स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) बनाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन अब स्थिति अनिश्चित हो गई है। सरकार अब डिवीजन बेंच में अपील दायर कर सकती है।

## देश विदेश

### टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट में टीएमसी ने दावा किया कि बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर भाजपा और टीएमसी में हार जीत का अंतर एसआईआर में काटे गए वोटों से कम है। सोमवार को टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने यह बात जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच से कही। बेंच बंगाल में एसआईआर प्रैक्टिस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा- पूर्व सीएम ममता बनर्जी और अन्य नेता बंगाल में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के खिलाफ नई याचिका दाखिल कर सकते हैं। इससे पहले कल्याण बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि एक मामले में उनके कैंडिडेट की हार 862 वोटों से हुई, जबकि उस सीट पर 5 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम लिस्ट से हटाए गए थे।

### ईरान का जंग रोकने का प्रस्ताव ट्रम्प ने ठुकराया

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया जा सकता। इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी। अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था।

### जैकलीन के सरकारी गवाह बनने पर ईडी की आपत्ति



**एजेंसी बोली- एक्ट्रेस पीड़ित नहीं, सुकेश के जुर्म पता होने के बाद भी लिए करोड़ों के गिफ्ट**

**मुंबई।** 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की एक अदालत में जैकलीन की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें उन्होंने 'सरकारी गवाह' बनने की मांग की थी। ईडी ने कोर्ट में साफ कहा कि जैकलीन को सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक बैकग्राउंड की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद वे उसके साथ लगातार संपर्क में रहीं और अपराध की कमाई से करोड़ों के गिफ्ट्स लेती रहीं। स्पेशल जज प्रशांत शर्मा के सामने दाखिल अपने जवाब में ईडी ने कहा कि जैकलीन कोई ऐसी मासूम पीड़िता नहीं हैं जिन्हें सुकेश के बारे में कुछ पता न हो। एजेंसी के मुताबिक, एक्ट्रेस सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक रिकॉर्ड को जानने के बाद भी उसके साथ रेगुलर और सस्टेंड कॉन्टैक्ट में थीं। सुकेश ने अपराध के जरिए कमाए गए पैसों से जैकलीन और उनके परिवार के लिए महंगे गिफ्ट्स, लग्जरी सामान और सुविधाओं का इंतजाम किया था। ईडी ने जोर देकर कहा कि जैकलीन का सुकेश के साथ जुड़ाव पूरी तरह सोच-समझकर लिया गया फैसला था।

**जांच में सहयोग न करने का आरोप-** एजेंसी ने जैकलीन के व्यवहार पर भी सवाल उठाए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया कि एक्ट्रेस ने जांच के दौरान बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया और उनके बयान भ्रामक रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2021 से जून 2022 के बीच दर्ज किए गए जैकलीन के बयानों में कई विरोधाभास थे। ईडी ने आरोप लगाया कि एक्ट्रेस ने अपनी स्क्रिप्ट राइटर अद्वैता काला को किए गए कैश ट्रांजेक्शन, विदेश में रहने वाले भाई-बहनों को भेजे गए फंड और बहरीन में माता-पिता के लिए खरीदी गई कारों जैसी अहम जानकारियां एजेंसी से छिपाईं।

### ईरान ने समुद्र में तीन हजार बैरल तेल बहाया

**तेल अवीव/तेहरान।** फारस की खाड़ी में ईरान के खार्ग आईलैंड के पास बड़ा तेल रिसाव देखा गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में समुद्र में फैला तेल साफ नजर आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रिसाव अमेरिकी प्रतिबंधों और होर्मुज में बढ़े तनाव के कारण हो सकता है। ऑर्बिटल एडर नाम की संस्था के अनुसार, समुद्र में तेल करीब 51 वर्ग मील से ज्यादा इलाके में फैल चुका है। अनुमान है कि 3 हजार बैरल से ज्यादा तेल पानी में बह गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों और नौसैनिक दबाव की वजह से ईरान के तेल निर्यात पर असर पड़ा है। कई तेल टैंकर फंसे हुए हैं और देश के पास तेल स्टोर करने की जगह कम पड़ रही है। इसी कारण यह आशंका जताई जा रही है कि एक्स्ट्रा ऑयल समुद्र में छोड़ा जा रहा है।

### ट्रम्प 13 से 15 मई तक चीन का दौरा करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 13 से 15 मई तक चीन का दौरा करेंगे। चीन ने सोमवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। इस दौरान उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात होगी, जिसमें ईरान, व्यापार और ताइवान समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर डोनाल्ड ट्रम्प चीन की राजकीय यात्रा करेंगे। ट्रम्प पहले मार्च या अप्रैल में चीन जाने वाले थे, लेकिन ईरान युद्ध शुरू होने के बाद उन्होंने दौरा टाल दिया था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक ट्रम्प चीन पर ईरान को लेकर दबाव बना सकते हैं। चीन ईरानी तेल का बड़ा खरीदार है। खासकर उसकी रिफाइनरियां रियायती दरों पर ईरान से तेल खरीदती हैं।

## मोदी की लगाम ट्रंप के हाथों, एपस्टीन का पूरा सच आना बाकी

# पर्ची से चल रही मध्य प्रदेश सरकार: पटवारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सतना**

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को सतना पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश और राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा। सतना सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव, लोकतंत्र और जिले में कुपोषण की स्थिति और हालिया प्रधानमंत्री मोदी की सोना नहीं खरीदने की अपील पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने पश्चिम बंगाल चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वहां लोकतंत्र की हत्या हुई और चुनाव को लूटा गया है। चुनाव के बीच में अधिकारियों के तबादले किए गए और करीब 70 लाख लोगों का मतदान होल्ड कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नहीं कराए गए।



**प्रदेश में कुपोषण की स्थिति पर जताई चिंता-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सतना जिले में कुपोषण की गंभीर स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे ज्यादा कुपोषण देखने को मिल रहा है, लेकिन सरकार केवल दावे कर रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि मात्र 40 रुपए में किसी बच्चे को पोषित करना कैसे संभव हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुपोषण दूर करने के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया जा रहा है और योजनाओं का लाभ जरूरतमंद बच्चों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा।

### प्रदेश में पर्ची से चल रही सरकार

प्रधानमंत्री द्वारा रविवार को देशवासियों से पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल और सोना नहीं खरीदने की अपील पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को ऐसा विश्वगुरु बनाना चाहते है जिसमें विदेश मत जाओ, सोना नहीं खरीदो। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि देश के सबसे कमजोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। प्रदेश की पर्ची वाली सरकार मोदी और शाह चला रहे हैं और भारत का शासन ट्रंप चला रहे हैं। पीसीसी चीफ ने कहा कि एपस्टीन फाइल का अभी आधा सच भी बाहर नहीं आया है। 33 हजार फाइल अभी खुलना बाकी है। जिस दिन पूरा सच सामने आएगा तो पता चलेगा कि मोदी की लगाम ट्रंप के हाथों में है।

## सेंसेक्स 1,313 अंक गिरकर 76,015 पर बंद



**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

शेयर बाजार में 11 मई को गिरावट रही। सेंसेक्स 1,313 अंक की गिरावट के साथ 76,015 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 360 अंक की गिरावट रही, ये 23,815 पर बंद हुआ। आज ऑटो, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही।

## बंगाल की भाजपा सरकार का फैसला

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित बीजेपी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने



राज्य में पुराने आईपीएस और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे।

# ईरान के नए सुप्रीम लीडर जिंदा: नेतन्याहू

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं, लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है। सीबीएस न्यूज के शो 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस समय 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कमजोर दौर में है। उनके मुताबिक, शासन के भीतर दरारें बढ़ रही हैं और अलग-अलग गुटों में मतभेद सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संघर्ष जारी रखना चाहते हैं, जबकि दूसरे लोगों को डर है कि इससे अर्थव्यवस्था टूट जाएगी और जनता सड़कों पर उतर सकती है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरानी शासन को सबसे ज्यादा डर अपनी ही जनता से है। उन्होंने दावा किया कि इजराइल और अमेरिका की कार्रवाई के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन बढ़े और लोगों ने शासन के खिलाफ आवाज उठाई।



# बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु के पीए हत्याकांड में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

### कोर्ट ने 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

### बिहार-यूपी से पकड़ाए उनमें एक शार्पशूटर

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से



गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्पशूटर है।

जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

# देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं: राहुल

## सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है।

एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं, ये विफलता हैं।'

### पीएम ने कहा था- पेट्रोल कम यूज करें

- पीएम मोदी रविवार को कहा था, 'आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं।'
- पेट्रोल, गैस और डीजल बचाने के लिए हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है।
- अनावश्यक वाहन उपयोग कम करें। मेट्रो में सफर और कारपूलिंग करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसमें बैठाकर ले जाएं।
- हर परिवार अगर खाने के तेल का इस्तेमाल थोड़ा कम करे तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और लोगों की सेहत भी बेहतर रहेगी।
- देश को रासायनिक उर्वरकों की खपत आधी करने का लक्ष्य रखना चाहिए और तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए।
- शादियों, छुट्टियों और अन्य कारणों से विदेश यात्रा कुछ समय के लिए टालना देशहित में होगा।
- सोने के आयात में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है। देशहित में लोगों को एक साल तक सोना खरीदने और दान करने से बचना चाहिए।

उन्होंने कहा, 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।

दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण की रक्षा हो सके।


## हिमाचल में 300 फीट गहरी खाई में गिरी कार

# गुजरात से आये 6 पर्यटकों की मौत

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश के चंबा-नूरपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। चंबा जिले के ककीरा क्षेत्र के घार इलाके में सुबह करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार इनोवा क्रिस्टा अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में वाहन में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार सभी यात्री गुजरात के पर्यटक थे। ये सभी मनाली की यात्रा पूरी करने के बाद डलहौजी की ओर जा रहे थे। हादसे के समय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी, जिससे सड़क पर फिसलन और दृश्यता कम होने की संभावना जताई जा रही है। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें चालक भी शामिल था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह इनोवा क्रिस्टा वाहन मंडी जिले के पंजीकरण नंबर पर दर्ज है।



### अंधेरे और गहरी खाई ने बढ़ाई रेस्क्यू की चुनौती

हादसा इतना भयावह था कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। रात का अंधेरा और दुर्गम खाई होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सभी छह मृतकों के शव खाई से बाहर निकाले गए और पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी नागरिक अस्पताल भेज दिए गए।

### पिकनिक मनाने गए भाई-बहन समेत 4 किशोरों की मौत

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

महाराष्ट्र के अमरावती जिले से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। जिले के धातखेडा गांव के एक तालाब में नहाने गए चार किशोरों की पानी में डूबने से मौत हो गई। इस दुखद हादसे में जान गंवाने वालों में दो सगे भाई-बहन भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डीसीपी गणेश शिंदे ने बताया कि फ्रेजरपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के धातखेडा गांव में एक तालाब है, जहां एक ही परिवार के 9 बच्चे पिकनिक मनाने गए थे। खाना खाने के बाद वे सभी पानी में उतर गए। उनमें से कुछ को तैरना आता था, जबकि कुछ को तैरना नहीं आता था। जिन्हें तैरना आता था, वह बचकर बाहर आ गए, लेकिन चार किशोर डूब गए। मामले में आगे की जांच जारी है।





## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## वाह रे वोट की सियासत

गरीब की जोरू सबकी भाभी की कहावत आपने सूनी ही होगी। पिछले दिनों उज्जैन एवं नागदा के छुकछुक स्टाप पर मगध प्रदेश के गरीब श्रमिक वर्ग के वासियों को पाटलीपुत्र जाते समय बाल श्रम की तस्करी की शंका में उतार लिया गया था। इनमें 20 नाबालिग थे। पूरा घटनाक्रम रात के समय हुआ था। बच्चे रात भर सो नहीं पाए थे। दूसरे दिन के हंगामें से बचने के लिए खानापूर्ति के लिए चाय, नाश्ता और खाना की बात कही गई थी। शंका रात में ही निर्मूल निकली थी। इसके बाद भी सभी 40-44 लोगों को दूसरे दिन तक रोके रखा गया था। दूसरे दिन दोपहर में मगध वासियों को पाटलीपुत्र जाने के लिए दोपहर में अन्य छुक-छुक में बैठा दिया गया।





संबंधित विभाग जिसने यह कार्रवाई की थी बगैर उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति में ही श्रमिक वर्ग के मगध वासियों ने फिर से छुक-छुक का किराया वहन करते हुए टिकट लिए थे। इस पूरे मामले पर बगैर पुख्ता एवं आधारहीन सूचना के मगधवासियों को रोकने एवं परेशान करने के मामले में किसी भी सियासतदार ने अपनी कोई भूमिका अदा नहीं की। वसुधैव कुटुंबकम की दुहाई देने वाले चूपचाप बैठकर पूरे मामले को ऐसे देखते रहे मानों कुछ हुआ ही न हो। यही मामला अगर यहां के सियासतदारों के वोट से जुडा होता तो ये आसमान सिर पर उठा लेते और पता नहीं कितने कानून नियमों के तहत आंदोलनों एवं ज्ञापनों की झडी लगा देते। इस स्थिति के बाद जबकि नाबालिगों ने पूरे मसले पर आपत्ति जताई और संबंधित विभाग को खरी-खरी सुनाई थी। खुसूर-फुसूर है कि आधारहीन सूचना पर इस तरह की कार्रवाई का मामला अगर यहां के वोटरों से संबंधित होता तो सियासतदार ऐसा करने वाले जिम्मेदारों को हासिए पर ले लेते और ऐसा गरब बनाते की उनसे अधिक आमजन का भला चाहने वाला कोई है ही नहीं। मगध प्रदेश के श्रमिक वासियों का यहां से कोई लेना देना ही नहीं था। बेचारे उपर से गरीब थे न तो उनके लिए कोई सियासतदार बोलने वाला था और न ही आवाज उठाने वाला था। ऐसे में वे बाल कानूनों के विपरित कार्रवाई भी सह कर चूपचाप चले गए और कोरे कागजों पर हस्ताक्षर अलग से कर गए। मगध प्रदेश के वासियों के स्थानीय संगठन भी ऐसे चूप बैठे हुए हैं कि जैसे उन्हें सांप सूंघ गया हो। यही कार्रवाई स्थानीय प्रदेश वासियों के साथ हो जाती तो अब तक सियासत से लेकर जिम्मेदार पूरी तरह से हील चुके होते।

## न्यूज कॉलम

### शनि जयंती पर लगेगा 56 भोग महाआरती एवं प्रसाद वितरण का होगा



**उज्जैन।** चिंतामन रोड स्थित ग्राम जवासिया के अहिल्या चौराहे पर स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनि जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं ग्रामीणजनों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति के अनुसार 16 मई, शनिवार को ज्येष्ठ अमावस्या एवं शनि जयंती का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस विशेष अवसर पर प्रातः 7 बजे शनिदेव को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात जनकल्याण हेतु अभिषेक, अनुष्ठान एवं महायज्ञ-हवन संपन्न होगा। आरती के बाद श्रद्धालुओं को देशी घी की नुक्ती का प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के समाजसेवी सजन चौधरी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या को हुआ था, इसलिए इस दिन का विशेष महत्व माना जाता है। आयोजन की विशेषता सामूहिक 56 भोग परंपरा है। ग्रामीणजन अपने-अपने घरों से पूड़ी, हलवा, खिचड़ी, खीर सहित विभिन्न व्यंजन बनाकर लाएंगे और सामूहिक रूप से शनिदेव को छप्पन भोग अर्पित करेंगे। मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा यह परंपरा पिछले कही वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है। इस वर्ष आयोजन का सातवां वर्ष रहेगा। रात में जागरण व भजन संध्या का आयोजन भी होगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से 16 मई, शनिवार प्रातः 7 बजे सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### अपंजीकृत क्लिनिक एवं अस्पतालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

# जागा स्वास्थ्य विभाग, कागजों में कार्रवाई के निर्देश

## नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा जताई, पंजीकृत की सूची छुपाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दो दिन पूर्व शहर के नीलगंगा थाना अंतर्गत हुए अपंजीकृत अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान बच्ची की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग का प्रशासन जागा है। विभाग ने कागजों में अपंजीकृत क्लिनिक एवं अस्पतालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा जताई गई है कि वे केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थानों का ही उपयोग करें, लेकिन पंजीकृत अस्पताल एवं क्लिनिक की सूची विभाग ने सार्वजनिक नहीं की है।

जिले में अपंजीकृत रूप से क्लीनिक एवं अस्पताल के संचालन की प्रवृत्ति बढ़ी है। हाल ही में ऐसे ही अस्पताल में राघवी थानाक्षेत्र के लिलियाखेड़ी निवासी 12 वर्षीय बालिका दीपिका पिता मेहरबान की अपेंडिक्स के आपरेशन के दौरान मौत होना सामने आया है। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने परिजनों के हंगामें के बाद जनसेवा नोबल अस्पताल के संचालक राजेश चौहान एवं उसके सहयोगी अन्य पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।



- **अपंजीकृत अस्पताल चलाना कानून के विरूद्ध-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश उपचर्या तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 की धारा 3 के अंतर्गत किसी भी क्लिनिक या अस्पताल का बिना पंजीयन के संचालन पूर्णतः अवैधानिक है। जिले में अनाधिकृत रूप से अपंजीकृत क्लिनिक एवं अस्पताल चलाना कानून के विरुद्ध है।
- **बीएमओ को निरीक्षण के निर्देश-** डॉ. पटेल ने जिले के समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों एवं मेडिकल ऑफिसरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण करें तथा अपंजीकृत एवं अवैधानिक रूप से संचालित क्लिनिकों एवं अस्पतालों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही, वैध रूप से पंजीकृत क्लिनिक एवं अस्पतालों का भी नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे सभी शर्तों एवं नियमानुसार संचालित हो रहे हैं।

### उज्जैन में 5 जांच दल

उज्जैन शहर में संचालित समस्त क्लिनिकों एवं अस्पतालों के प्रभावी निरीक्षण के लिए 5 जांच दलों का गठन किया गया है। ये जांच दल अपने निर्धारित क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण करेंगे और पाए गए अनियमितताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### आम जन से अपेक्षा जताई

जनहित को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थानों का ही उपयोग करें। किसी भी अपंजीकृत क्लिनिक या अस्पताल के संचालन की जानकारी मिलने पर तुरंत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय, उज्जैन को सूचित करें।

### पंजीकृत की सूची गायब

स्वास्थ्य विभाग प्रशासन ने आमजन से अपेक्षा जताते हुए पंजीकृत अस्पतालों में उपचार करवाने की बात कही है लेकिन शहर एवं जिले के पंजीकृत क्लिनिक एवं अस्पतालों की सूची आमजन के लिए सार्वजनिक नहीं की गई है। क्लिनिक एवं अस्पतालों में पंजीयन को सार्वजनिक कहीं नहीं किया जा रहा है।न ही उनके पंजीयन क्रमांक ही पर्चे पर उपयोग ही किए जा रहे हैं। इससे आमजन भ्रम की स्थिति में रहता है। स्वास्थ्य विभाग प्रशासन अपेक्षा जताने के पूर्व जिले एवं शहर में पंजीकृत क्लिनिक एवं अस्पतालों की सूची को सार्वजनिक करें। इसके साथ ही सभी अस्पतालों को पंजीयन का बोर्ड बाहर ही लगाने के लिए निर्देशित करे जो कि नियमों में है।

### स्वास्थ्य विभाग ही जांच के दायरे में

पूरे मामले में अगर सिरे से देखा जाए तो बच्ची की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग प्रशासन ने जांच के निर्देश जिले में दिए हैं। उसके पूर्व भी ऐसे कई मामले हो चुके हैं उसके बाद ही इस कार्रवाई को सख्ती से अंजाम दिया जाना था। मक्सी रोड पर पंवासा में भी ऐसा ही मामला पिछले वर्ष सामने आया था लेकिन तब से लेकर अब तक स्वास्थ्य प्रशासन का अमला हादसा होने वाले क्लिनिक एवं अस्पतालों पर ही कार्रवाई को लेकर अटका हुआ था। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग का पंजीयन विभाग एवं उसके जिम्मेदार ही जांच के दायरे में आ रहे हैं। ऐसे कई मामलों में पूर्व में शिकायतें भी हुई लेकिन उन पर कार्रवाई के नाम पर मात्र नोटिस ही जारी हुए और खाना पूर्ति विभागीय स्तर पर ही करवा दी गई। इसके चलते स्वास्थ्य प्रशासन की पंजीयन शाखा ही शंका के दायरों में घिरी हुई है।

### कलेक्टर करवाएं जांच

क्लिनिक एवं अस्पताल के साथ ही जिले में पैथालाजी लेब पंजीयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग में जमकर धांधली की बातें सामने आ रही है। पंजीयन आनलाईन किए जा रहे हैं और इसमें भी दस्तावेजों में धांधली की स्थिति बताई जा रही है। अस्पतालों ने पंजीयन के लिए बता कुछ रखा है और भौतिक स्थिति में हालात कुछ और हैं ऐसे ही पैथालाजी लेब के मामले में किया गया है। ऐसे में कलेक्टर से पंजीयन शाखा के पिछले तीन वर्षों के पंजीयनों की जांच के लिए चिकित्सा उपभोक्ता मांग कर रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन के बाहर नियमित सफाई नहीं

## गंदगी और बदबू से यात्री परेशान, पेशाबघर का अभाव, मजबूरी में खुले में पेशाब करने को विवश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं और यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेन के माध्यम से उज्जैन पहुंच रहे हैं, लेकिन रेलवे स्टेशन के बाहर फैली गंदगी और बदहाल व्यवस्थाएं यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। स्टेशन परिसर के बाहर नियमित सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी, कीचड़ और बदबू का माहौल बना हुआ है। साथ ही बाहर पेशाबघर का अभाव है इस कारण मजबूरी में यात्रियों को खुले में पेशाब करने को विवश होना पड़ रहा है

रेलवे स्टेशन के बाहर पेशाबघर की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां केवल एक निशुल्क पेशाबघर मौजूद है, जिसकी नियमित सफाई नहीं होने से वहां भी गंदगी फैली हुई है। हालत यह है कि लोग उसका उपयोग करने से बच रहे हैं और मजबूरी में खुले में पेशाब करने को विवश हो रहे हैं।







### अधिकारियों के दौरे से पहले होती है सफाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी रेलवे के अधिकारी निरीक्षण पर आते हैं, उससे पहले स्टेशन के अंदर और बाहर सफाई कर परिसर को चमका दिया जाता है। लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। नियमित सफाई व्यवस्था के अभाव में स्टेशन परिसर के बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है।

### अतिरिक्त ट्रेनें चल रहीं लेकिन सुविधाएं नहीं

महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसके बावजूद स्टेशन के बाहर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। श्रद्धालुओं को ट्रेन से उतरने के बाद सबसे पहले गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है।

# सांदीपनि चौराहा से लोहार पट्टी तक मार्ग चौड़ीकरण तेज

## बाधक बने 20 से अधिक मकानों को हटाया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य के तहत सोमवार को नगर निगम द्वारा सांदीपनि चौराहा से लोहारपट्टी गरुड़िया बस्ती क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 20 से अधिक मकानों को हटाया गया। ये मकान सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधक बने हुए थे, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था।

नगर निगम रिमूवल गैंग ने मौके पर पहुंचकर संबंधित मकानों को खाली करवाया और हटाने की कार्रवाई की। निगम अधिकारियों के अनुसार मार्ग चौड़ीकरण कार्य को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

कार्रवाई के दौरान सब इंजीनियर आनंद परमार सहित नगर निगम का रिमूवल अमला मौके पर मौजूद रहा। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में चल रहे विकास कार्यों के अंतर्गत जहां भी अतिक्रमण या बाधाएं सामने आएंगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### होटल मित्तल एवेन्यू पर निगम की कार्रवाई

# गीले कचरे का प्रसंस्करण नहीं और गंदगी पाए जाने पर 15 हजार का जुर्माना वसूला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम द्वारा शहर के बड़े होटलों में गीले कचरे के निष्पादन को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में होटल मित्तल एवेन्यू द्वारा होटल से निकलने वाले गीले अपशिष्ट कचरे का निर्धारित नियमों के अनुसार प्रसंस्करण नहीं करने तथा परिसर में गंदगी पाए जाने पर नगर निगम ने 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर के ऐसे बड़े होटल, जहां प्रतिदिन 50 किलो से अधिक गीला कचरा निकलता है, उन्हें थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में रखा गया है। नियमों के तहत इन होटलों को स्वयं कंपोस्ट पिट बनाकर गीले कचरे का निष्पादन करना अनिवार्य है, ताकि उससे तैयार खाद का उपयोग होटल परिसर एवं गार्डन में किया जा सके।

जांच के दौरान होटल मित्तल एवेन्यू द्वारा निर्धारित मापदंडों और स्वच्छता नियमों का पालन नहीं किया जाना पाया गया, जिसके चलते निगम द्वारा जुमार्ने की कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़, स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश, बंटी लोट एवं निगम अमले की उपस्थिति में संपन्न हुई।

### महापौर मुकेश टटवाल ने अधिकारियों को दिए समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश

# अधिकमास एवं क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा को लेकर निगम अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में आगामी पर्व एवं धार्मिक आयोजनों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेकर अधिकमास, शनिचरी अमावस्या, क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा एवं गंगा दशहरा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि 16 मई को शनिचरी अमावस्या, 17 मई से अधिकमास प्रारंभ हो रहा है, वहीं 25 मई को क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा एवं गंगा दशहरा का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए नगर निगम द्वारा सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख मंदिरों, सप्तसागरों, नौ नारायण मंदिरों एवं नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाले 84 महादेव मंदिरों पर विशेष सफाई व्यवस्था बनाए रखी जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।





### श्रद्धालुओं के लिए पानी, टेंट और निर्माल्य कुंड की व्यवस्था

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर प्याऊ एवं छायादार टेंट लगाने के निर्देश भी दिए गए। वहीं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सप्तसागरों पर पूजन सामग्री संग्रह हेतु निर्माल्य कुंड स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर में एक तरफ नगर निगम जलकर वसूली और राजस्व बढ़ाने के लिए चला रहा सख्त अभियान

# शहर में पानी चोरी का बड़ा खेल चल रहा बिना रोक-टोक के

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में एक तरफ नगर निगम जलकर वसूली और राजस्व बढ़ाने के लिए सख्त अभियान चला रहा है। दूसरी तरफ शहर में पानी चोरी का बड़ा खेल बिना रोक-टोक के चल रहा है। हालात यह है कि उद्यानों और सार्वजनिक स्थलों पर लगे बोरिंग, ट्यूबवेल और कुओं से लोग सीधे अपने घरों में अवैध कनेक्शन लेकर पानी उपयोग कर रहे हैं। पानी की कमी के चलते उद्यानों के पेड़-पौधे सूख रहे हैं।

शहर के विवेकानंद कॉलोनी क्षेत्र में स्थित दो प्रमुख उद्यान विवेकेश्वर और लोकमान्य तिलक उद्यान है, ये अवैध जल दोहन के केंद्र बने हुए हैं। लोकमान्य तिलक उद्यान में मौजूद कुएं और पीछे लगे बोरिंग से रहवासियों ने पाइपलाइन डालकर घरों में अंडरग्राउंड कनेक्शन करवा लिए हैं। कई परिवारों ने मिलकर पूरी तरह पाइपलाइन की जाल बिछा ली है, जिससे पार्क की सिंचाई के लिए उपयोग होने वाला पानी सीधे घरेलू टंकियों में पहुंच रहा है।







इसी तरह विवेकेश्वर उद्यान में भी स्थिति ऐसी ही है। यह समस्या शहर के कई वार्डों में है। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज की गई है, जिसका क्रमांक 38052696 है। शिकायतकर्ता के अनुसार मौके पर निरीक्षण जरूर हुआ था, उपयंत्री निशा वर्मा पहुंची थीं, लेकिन उसके बाद कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई।

### नियम साफ फिर भी खुलेआम शहर में हो रहा उल्लंघन

नियमों के अनुसार उद्यानों के बोरिंग और कुएं केवल पार्क की सिंचाई, पौधों की देखभाल और सार्वजनिक उपयोग के लिए होते हैं। इनका उपयोग निजी घरेलू सप्लाई के लिए करना पूरी तरह अवैध है। इसके बावजूद न तो नियमित निगरानी हो रही है और न ही मौके पर कड़ी कार्रवाई दिखाई दे रही है। अवैध कनेक्शन से सबसे पहले पार्कों की हरियाली प्रभावित होती है। पौधों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता और वे सूखने लगते हैं। इसके अलावा लगातार अधिक पानी खींचे जाने से भू-जल स्तर तेजी से गिरता है, जिससे आसपास के अन्य बोरिंग और कुएं भी प्रभावित होते हैं। सार्वजनिक जलस्त्रोतों पर अनियंत्रित दबाव से मोटर और पाइपलाइन सिस्टम भी जल्दी खराब हो जाता है। वहीं कई बार उद्यानों में उपयोग होने वाला पानी पेयजल मानकों के अनुरूप नहीं होता, जिससे इसका घरेलू उपयोग स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम भरा हो सकता है। नियमों के अनुसार बिना अनुमति के नल कनेक्शन पाए जाने पर नगर पालिक निगम जुमार्ना, कनेक्शन काटने और कानूनी कार्रवाई कर सकता है, लेकिन जमीनी स्तर पर सख्ती नदारद ही है।

**कोई शिकायत नहीं-** इस मामले की शिकायत फिलहाल मेरे पास नहीं आई है। मैं निरीक्षण कर स्थिति की जांच करवाऊंगा।

**-संदीप शिवा, अपर आयुक्त उद्यान प्रभारी, नगर निगम**

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर जिले में 95 हजार 392 किसानों का पंजीयन पूर्ण

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में फार्मर रजिस्ट्री सेचुरेशन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उक्त अभियान को 20 मई तक पूर्ण करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत फार्मर आईडी बनाए जाने का कार्य केन्द्र शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। फार्मर आईडी के अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमि स्वामी को यूनिक आईडी प्रदान की जाती है, जिससे किसानों को समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उल्लेखनीय है कि जिले की सभी तहसील में कुल 3 लाख 11 हजार 247 कृषक भू-स्वामी है, इनमें से 95 हजार 392 किसानों का पंजीयन कार्य पूर्ण हो चुका है। 2 लाख 15 हजार 855 कृषक भू-स्वामियों के पंजीयन शेष है, जिसको पूर्ण करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए है कि सभी भू-धारी किसानों हेतु फार्मर आईडी बनायी जाए। पंजीकृत किसानों की समस्त भूमियों को फार्मर आईडी से जोड़ा जाए।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिक सुरक्षा पर फोकस

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, श्री एन.एन. पांडे, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तथा सकारात्मक निराकरण पर विशेष ध्यान देंवे। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज संपन्न हुई बैठक में रेंडम रूप से सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित पांच प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर कुछ अधिकारियों के वेतन काटने के निर्देश भी जारी किए गए हैं बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जनगणना कार्य, सीएम हेल्पलाइन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जी प्लस थ्री व्यावसायिक भवनों में फायर सेफ्टी उपकरण, फायर एग्जिट प्लान एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा गठित दलों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। जिन भवनों में आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं पाए गए, उन्हें सील किया गया है तथा वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

### शनिश्चरी अमावस्या के लिए नर्मदा नदी का पानी लेना शुरू

**उज्जैन।** शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या स्नान पर्व के लिए नर्मदा का पानी शिप्रा में लिया जाने लगा है। नागफनी पाइपलाइन के जरिए शिप्रा में त्रिवेणी के घाटों पर यह पानी भर रहा है। उम्मीद की जा रही है कि 25 मई को गंगादशमी व शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के लिए भी शिप्रा के रामघाट व आगे तक भी यह पानी पहुंचाया जाएगा। इस बार शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या 16 मई को है। इस दिन शिप्रा के त्रिवेणी पर स्नान का महत्व है। श्रद्धालु आसानी से स्नान कर सके, इसके लिए प्रशासन ने 9 मई से नर्मदा का पानी शिप्रा में लेना शुरू कर दिया है। पाइप लाइन के जरिए आ रहा यह पानी त्रिवेणी के घाटों पर भरेगा, इसके बाद बैराज के गेट खोलने पर या ओवरफ्लो होकर आगे की तरफ बढ़ेगा। नदी में पुल-पुलिया व घाटों के निर्माण चल रहे हैं। ये प्रभावित न हो और पानी आगे बढ़ता रहे। नदी में कुछेक स्थानों पर पुल के लिए कॉलम खड़े किए गए हैं, पानी के एक तरफा बहाव से इनकी मजबूती पर फर्क न पड़े, यह भी देखना होगा। नदी में लिए जा रहे जल का स्तर ज्यादा न हो जाए कि बाद में निर्माण करने में ही परेशानी होने लगे।

### भीड़ को देखते अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**उज्जैन।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा रतलाम मंडल से होकर उधना-जयनगर, उधना- मधुबनी और उधना-झंझारपुर के मध्य स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया ट्रेन संख्या 09041 उधना-जयनगर स्पेशल शनिवार, 16 मई को 23.30 बजे उधना से चलकर रतलाम (5.26 बजे आगमन व 5.36 बजे प्रस्थान, रविवार) होते हुए सोमवार को 13:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 09042 जयनगर-उधना स्पेशल सोमवार, 11 एवं 18 मई को 15.00 बजे जयनगर से चलकर रतलाम (1.25 बजे आगमन व 1.35 बजे प्रस्थान, बुधवार), बुधवार को 7.45 बजे उधना पहुंचेगी। इधर ट्रेन 09045 उधना-मधुबनी स्पेशल रविवार, 10 व 17 मई को 1:30 बजे उधना से चलकर चलकर मधुबनी पहुंचेगी।

## लग्जरी लाइफस्टाइल की चमक के पीछे छिपा था करोड़ों की ठगी का खेल

# 6 करोड़ की शक्कर डकारने वाला कारोबारी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के कारोबारी हब सियागंज में करोड़ों रुपए की शक्कर खरीदकर भुगतान नहीं करने वाले हाई-प्रोफाइल कारोबारी को आखिरकार क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तरुण जैसवानी पर 19 व्यापारियों से करीब 6 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। लंबे समय से व्यापारी रकम वापस पाने के लिए दर-दर भटक रहे थे, लेकिन आरोपी हर बार उन्हें झूठे आश्वासन देकर टालता रहा। अब पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद उसके पूरे नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं।




क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक आरोपी चॉकलेट और कन्फेक्शनरी कारोबार से जुड़ा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि तरुण पहले व्यापारियों से छोटे-छोटे सौदे करता था और समय पर भुगतान कर उनका भरोसा जीतता रहा। धीरे-धीरे उसने बाजार में अपनी साख बनाई और फिर एक साथ बड़ी मात्रा में शक्कर खरीदना शुरू कर दिया। व्यापारियों को लगा कि कारोबारी भरोसेमंद है, इसलिए करोड़ों रुपए का माल उधार में देते गए। लेकिन जैसे ही करीब 6 करोड़ रुपए का माल उठाया गया, भुगतान बंद हो गया।

व्यापारियों का आरोप है कि महीनों तक वे आरोपी के चक्कर काटते रहे। कोई पैसे मांगने पहुंचता तो उसे अगले हफ्ते, चेक क्लियर होने और बड़ा पेमेंट आने जैसे बहाने सुनने को मिलते।

बताया जा रहा है कि आरोपी आलीशान लाइफस्टाइल जी रहा था। महंगी गाड़ियां, हाई-प्रोफाइल रहन-सहन और बड़े कारोबार का दिखावा कर उसने बाजार में अपनी अलग पहचान बना ली थी। इसी चमक-दमक के पीछे करोड़ों की ठगी का खेल चलता रहा और व्यापारी उसके जाल में फंसते चले गए।

जब लगातार भुगतान नहीं मिला तो सियागंज के 19 व्यापारी एकजुट होकर क्राइम ब्रांच पहुंचे और सामूहिक शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी को कई बार नोटिस भेजकर बयान और समझौते के लिए बुलाया, लेकिन वह हर बार पेश होने से बचता रहा। आखिरकार वरिष्ठ अधिकारियों तक मामला पहुंचने के बाद क्राइम ब्रांच ने तेजी दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।



### पूरे फजीवर्ड़े में कुछ फाइनेंसर और कारोबारी भी शामिल हो सकते

अब पुलिस आरोपी के बैंक खातों, कारोबारी लेनदेन, संपत्तियों और उसके संपर्क में रहे अन्य कारोबारियों की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि इस पूरे फजीवर्ड़े में कुछ फाइनेंसर और कारोबारी भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी ने सिर्फ सियागंज के व्यापारियों को ही निशाना बनाया या अन्य शहरों में भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है।

सियागंज के व्यापारियों में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद राहत जरूर है, लेकिन करोड़ों रुपए फंसे होने से बाजार में अब भी चिंता का माहौल बना हुआ है।

# देसाई नगर में हादसा, वृद्धा के पेट में घुसा सरिया

## महापौर अस्पताल लेकर पहुंचे, हालात चिंताजनक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सड़क चौड़ीकरण के दौरान बनाई जा रही नाली में गिरने से वृद्धा के साथ सोमवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। नाली निर्माण के लिए लगाया गया सरिया वृद्धा का पेट फाड़ कर आर पार हो गया। लोगों ने सरिया काटकर वृद्धा को निकाला। महापौर अस्पताल लेकर पहुंचे। वृद्धा की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

देसाई नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के साथ ही नाली का निर्माण किया जा रहा है इस दौरान मक्सी रोड की रहने वाली प्रेमलता हरिया निमार्णाधीन नाली के पास से गुजरने का प्रयास कर रही थी इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर नाली के गड्ढे में जा गिरी। नाली में खड़े सरिया लगे हुए थे एक सरिया पीठ के रास्ते पेट के आर पार हो गया। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण के लिए लगा सरिया काटकर वृद्धा को बाहर निकाला। मौके से महापौर मुकेश टटवाल गुजर रहे थे। उन्हें घटना की जानकारी लगी तो तत्काल वह वृद्धा को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने सर्जरी के बाद सरिया निकाल दिया है लेकिन वृद्धा प्रेमलता बाई की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि प्रेमलता बाई घरेलू कामकाज करती हैं और वह दोपहर में काम करने के बाद वापस लौट रही थी। हादसे की जानकारी लगते ही नगर निगम के अधिकारी और पार्षद भी अस्पताल पहुंच गए थे। परिवार भी जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंच गया था। शहर में चारों ओर चल रहे सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के कार्य आवागमन में परेशानी का कारण बने हुए हैं।





### दिल तक में पहुंचाया नुकसान

डॉक्टरों के अनुसार, सरिया महिला के शरीर में गहराई तक घुस गया था और दिल, डायाफ्राम व आंतों के पास तक चोट पहुंचने की आशंका है। डॉक्टरों की टीम लगातार इलाज में जुटी है, लेकिन महिला की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया, मैं एक कार्यक्रम से लौट रहा था, तभी देखा कि नाली निर्माण में सरिये खुले पड़े थे। महिला का संतुलन बिगड़ा और सरिया आर-पार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

# तहसील के कर्मचारी बदले जिले के कर्मचारियों को इंतजार

## लंबे समय से एक ही शाखा की संभाल रहे जिम्मेदारी, भू अभिलेख शाखा पर नहीं है नजर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तहसील कार्यालय में कर्मचारी की हर तीन माह में बदलाव की सूची जारी होती है किंतु जिला स्तर पर सदस्य कर्मचारी को नई जगह अभी तक नहीं मिल पाई है। भू अभिलेख शाखा को तहसीलों में समाहित करने के बाद भी वहां पर कर्मचारियों को नई पाद स्थापना नहीं दी गई।

एक ही कर्मचारी हर बार तबादला सूची में शामिल हो जाता है। कभी लंबी सूची जारी होती है तो कभी एकमात्र नाम सामने आता है। तहसील स्तर के कर्मचारियों को बार-बार यहां से वहां किया जा रहा है फिर भी जो लंबे समय से एक जगह पर जमे हुए हैं उन्हें हटाने पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया। यही नहीं जिला स्तर पर विभिन्न शाखों का काम वर्षों से एक ही कर्मचारी संभल रहा है, उन्हें अभी तक शाखा तक से बदलकर कहीं अन्य जगह नहीं भेजा गया।

जो कर्मचारी राजस्व सेवा के लिए लगे उन्होंने कभी राजस्व का काम देखा ही नहीं। जिले में इस तरह की मेहरबानी के कारण आए दिन शिकायत सामने आती है। यही नहीं जिला स्तर पर अगस्त शाखा से लेकर आवक जावक शाखा तक कर्मचारी एक ही जगह पर लंबे समय से जमे हुए हैं। कई अधिकारियों के कार्यालय की पहचान ही उक्त कर्मचारी बनकर रह गए हैं। सरकार ने भू अभिलेख शाखा को समाप्त कर राजस्व विभाग के साथ जोड़ दिया है फिर भी भू अभिलेख शाखा में पदस्थ कर्मचारियों का उपयोग अभी तक नहीं किया गया है, जबकि सहायक अधीक्षक भू अभिलेख को तहसील में पद स्थापना मिल गई है।

# जनसुनवाई पहुंचा मामला, कैंसर से जूझ रहे आवेदक ने लगाई न्याय की गुहार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

संगम नगर निवासी शैलेश मिश्रा ने ह्यप्रताप टेक्नोक्रेट्सह्न कंपनी पर वर्षों से भुगतान नहीं करने का आरोप लगाते हुए इंदौर कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदक का कहना है कि वर्ष 2017 से 2024 तक उन्होंने कंपनी के लिए भोपाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सहित विभिन्न स्थानों पर डीजल सप्लाई और प्रोजेक्ट से जुड़े कार्य किए, लेकिन आज तक पूरा भुगतान नहीं किया गया। आवेदन के अनुसार शैलेश मिश्रा वर्तमान में सेकंड स्टेज कैंसर से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उनकी तबीयत अत्यंत गंभीर रही और वे 6 महीने से अधिक समय तक पूरी तरह बेड रेस्ट पर रहे। इसी दौरान आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। आवेदक ने बताया कि उनका टू होम फाइनेंस का हाउसिंग लोन भी चल रहा है। बीमारी और आर्थिक संकट को देखते हुए उस समय कंपनी द्वारा कुछ समय के लिए किस्तों में राहत दी गई थी, लेकिन अब पुनः लगभग चार किस्तें बकाया हो चुकी हैं, जिससे परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बैंक द्वारा लगातार भुगतान का दबाव बनाया जा रहा है और घर पर कार्रवाई की आशंका बनी हुई है।

# हाथ में वेप, इंस्टा रील्स में उड़ रहा कानून का धुआं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में प्रतिबंधित हुक्का और वेप पैन का चलन अब केवल कैफे और पार्टियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सोशल मीडिया पर इसे ह्लस्टाइल सिंबलह्व बनाकर पेश किया जा रहा है। खासकर युवाओं में इंस्टाग्राम रील्स और वायरल वीडियो के जरिए इस ट्रेंड को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। ताजा मामला एक चर्चित इंस्टाग्राम अकाउंट इंदौरी बादशाह से जुड़ा सामने आया है, जहां युवक खुलेआम हाथ में प्रतिबंधित वेप पैन और हुक्का लेकर बदमाशी भरे अंदाज में रील बनाता दिखाई दे रहा है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो दो दिन पहले सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था, जिसे अब तक लाखों लोग देख चुके हैं। वायरल रील के बाद शहर में चर्चा तेज हो गई है कि आखिर प्रतिबंधित सामग्री खुलेआम कैसे इस्तेमाल हो रही है और सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो बिना रोक-टोक वायरल कैसे हो रहे हैं। शहर के सामाजिक संगठनों और अभिभावकों का कहना है कि इस तरह की रील्स कम उम्र के बच्चों और युवाओं को गलत दिशा में धकेल रही हैं। इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल होने वाले ऐसे वीडियो युवाओं में नशे और दिखावे की मानसिकता को बढ़ावा दे रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि वेप पैन और फ्लेवर हुक्के को कूल ट्रेंड के रूप में दिखाया जा रहा है, जबकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ पहले ही इसके गंभीर दुष्परिणामों को लेकर चेतावनी दे चुके हैं। बावजूद इसके, शहर में कई युवक खुलेआम वीडियो बनाकर वायरल करने में जुटे हुए हैं। मामला सामने आने के बाद अब पुलिस की खुफिया टीम और साइबर मॉनिटरिंग सिस्टम पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब वीडियो लाखों लोगों तक पहुंच गया तो आखिर पुलिस की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी। इंदौर में इससे पहले भी कई बार वेप पैन को लेकर कार्रवाई हो चुकी है।

### सोशल मीडिया बना वायरल बदमाशी का प्लेटफॉर्म



शहर में तेजी से बढ़ती रील संस्कृति के बीच अब युवक लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जोखिम भरे और कानून तोड़ने वाले वीडियो बनाने लगे हैं। कभी हथियारों के साथ वीडियो, कभी तेज रफ्तार बाइक स्टंट और अब प्रतिबंधित वेप-हुक्के के साथ रील्स – यह ट्रेंड पुलिस और समाज दोनों के लिए चिंता का विषय बन चुका है। अब देखना होगा कि वायरल वीडियो पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है और क्या सोशल मीडिया पर इस तरह की वायरल बदमाशी पर लगाम लग पाएगी या नहीं।

# स्काईलाइन क्लब एंड रिजॉर्ट की सुविधाओं पर उठे सवाल

## क्लब के कई सदस्यों ने प्रबंधन पर सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध नहीं कराने के आरोप लगाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर स्थित चर्चित स्काईलाइन क्लब एंड रिजॉर्ट इन दिनों अपनी अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। क्लब के कई सदस्यों ने प्रबंधन पर सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध नहीं कराने के आरोप लगाए हैं। सदस्यों का कहना है कि बड़ी संख्या में मेंबरशिप जारी किए जाने के बाद अब क्लब में भीड़ लगातार बढ़ गई है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

जानकारी के मुताबिक, डील स्टोर कंपनी के माध्यम से करीब ?8000 में बड़ी संख्या में मेंबरशिप कार्ड बेचे गए। इसके बाद क्लब में आने वाले लोगों की संख्या अचानक बढ़ने लगी। सदस्यों का आरोप है कि अब स्थिति यह हो गई है कि बैठने तक के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती, जबकि खाने-पीने के ऑर्डर आने में काफी देर लग रही है।



स्विमिंग पूल क्षेत्र में भी अव्यवस्थाओं की शिकायत सामने आई है। सदस्यों के अनुसार पूल उपयोग करने वालों को तौलिया जैसी मूलभूत सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं। महिलाओं के लिए केवल दो चेंजिंग रूम होने से लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। सदस्यों का कहना है कि क्लब के कुछ चेंजिंग रूम का उपयोग स्टोर रूम के रूप में किया जा रहा है। यदि उन्हें दोबारा चेंजिंग रूम के तौर पर शुरू किया जाए तो काफी हद तक समस्या कम हो सकती है। इसके अलावा कुछ सदस्यों ने होटल स्टाफ और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि कर्मचारियों की लापरवाही और समन्वय की कमी के कारण क्लब की व्यवस्थाएं लगातार बिगड़ती जा रही हैं, जिससे आने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इस पूरे मामले में होटल प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला नोडल अधिकारी (तम्बाकू नियंत्रण) श्री सिद्धार्थ जैन तथा अपर कलेक्टर श्री रोशन राय भी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक म विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जिले में कानून के परिपालन पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों, किशोरों और युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## न्यूज कालम



## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 15 पेटी बीयर सहित ईको वैन जब्त

**देपालपुर।** कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा के आदेश तथा सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग ने देपालपुर क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में 10 मई को की गई। वृत्त देपालपुर के उप निरीक्षक भगवानदास अहिरवार एवं उनकी टीम ने शहरी क्षेत्र में गश्त के दौरान संदेह के आधार पर चारपहिया वाहन क्रमांक एमपी 09 जेडएफ ७९७३ मारुति ईको वैन (ग्रे कलर) को रोककर तलाशी ली। तलाशी में वाहन के अंदर 15 पेटियों में 360 केन बडवाइजर मैग्नम इंटरनेशनल किंग ऑफ बीयर अंकित विदेशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। आबकारी दल ने मदिरा एवं वाहन को विधिवत जब्त कर कब्जे में लिया तथा वाहन चालक सूरज पिता चिमन बुंदेला, उम्र 28 वर्ष, निवासी रंगवासा राऊ, हाल मुकाम बाणगंगा जिला इंदौर को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में सबजेल तकीपूरा भेजा है। कार्रवाई में मुख्य आबकारी आरक्षक एवं आरक्षकों में बद्रीसिंह जमरा, सावन सिसोदिया, रवि बघेल, योगेश कुमार मोहविया, राशी सलोट तथा वाहन चालक मोनू का सराहनीय योगदान रहा।

## बस स्टैंड पर खुला मौत का चैंबर, हादसे को खुला न्योता

**सनावद।** शहर के सबसे व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय से लगे मार्ग पर स्थित एक क्षतिग्रस्त चैंबर प्रशासनिक लापरवाही की गंभीर तस्वीर पेश कर रहा है। चैंबर पूरी तरह टूटकर खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक आंखें मूंदे बैठे हैं।दिनभर इस मार्ग से सैकड़ों यात्री, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक गुजरते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चैंबर के आसपास सड़क भी धंसने लगी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि नगर पालिका कार्यालय से कुछ ही दूरी पर मौजूद इस खतरे को आखिर क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों और मौखिक सूचना के बावजूद केवल आश्वासन दिए गए, लेकिन सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि प्रशासन शायद किसी गंभीर दुर्घटना के बाद ही जागेगा।नागरिक अधिकार मंच ने इस मामले को गंभीर जनसुरक्षा का विषय बताते हुए तत्काल चैंबर की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## भीषण गर्मी में तड़प रहे घायल पक्षी को मिला जीवनदान

**सनावद-** जहां एक ओर भीषण गर्मी से इंसान बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पक्षियों की हालत और भी दयनीय हो चुकी है। तेज धूप और पानी की कमी के कारण रोजाना कई पक्षी घायल और कमजोर होकर दम तोड़ रहे हैं। ऐसे कठिन समय में ढकलगांव के युवा समाजसेवी गुरूदयाल सेजगायां ने एक घायल पक्षी की मदद कर इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।जानकारी के अनुसार गुरूदयाल सेजगायां को एक छोटा पक्षी घायल एवं बेहद कमजोर अवस्था में मिला।

## भीषण गर्मी से लोग बेहाल; दोपहर में सूनी रहीं सड़कें

**उज्जैन।** उज्जैन में सोमवार को गर्मी ने एक बार फिर तेवर दिखाए। करीब 16 दिन बाद अधिकतम तापमान दोबारा 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे दिनभर लोग भीषण गर्मी से परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार, इससे पहले 25 अप्रैल को 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। वहीं, 6 मई को अधिकतम तापमान 39 डिग्री था, लेकिन महज पांच दिनों में पारा 4 डिग्री बढ़ गया। तेज गर्मी के कारण दोपहर में शहर की कई सड़कें सूनी नजर आईं। जरूरी काम से बाहर निकले लोग गर्मी से बचाव करते दिखाई दिए। कोई सिर पर कपड़ा बांधकर निकला, तो कई लोग शीतल पेय का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सप्ताह गर्मी इसी तरह लोगों को परेशान करती रहेगी।

## नाली में गिरी महिला, सरिया शरीर के आर-पार उज्जैन में दर्द से तड़पती रही

**उज्जैन।** उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। सोमवार दोपहर एक महिला निमार्णाधीन नाली के गड्ढे में गिर गईं। गड्ढे में खुले पड़े लोहे के सरिए उनके शरीर के आर-पार घुस गए। दर्द से तड़प रही महिला को स्थानीय लोगों ने सरिया काटकर बाहर निकाला। मौके से गुजर रहे महापौर मुकेश टटवाल उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने दिल, डायाफ्राम और आंतों तक गंभीर नुकसान की आशंका जताई है। करीब दो घंटे तक सर्जरी चली। फिलहाल महिला की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। हादसे का ङ्कद्बस्रद्गश्व भी सामने आया है।घटना सोमवार दोपहर करीब 1 बजे की है। मक्सी रोड निवासी प्रेमलता हारिया देसाई नगर में हिमांशु शुक्ला के घर काम पर जा रही थीं। इसी दौरान निमार्णाधीन नाली के पास उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे गड्ढे में जा गिरीं।

## गोलोक धाम आश्रम में उपनयन संस्कार संपन्न

**सनावद।** नार्मदीय ब्राह्मण समाज, सनावद इकाई के तत्वावधान में पूज्य गुरुवर पं रमेश चन्द्र चौकड़े के पावन गोलोक धाम आश्रम, ओमकारेश्वर में आयोजित सामूहिक उपनयन संस्कार (यज्ञोपवीत) अत्यंत भव्य, निर्विघ्न एवं प्रभावशाली ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। सात बटुकों का यह पवित्र उपनयन संस्कार विद्वान पं शिवशंकर खेड़े एवं पंडित दिलीप खेड़े द्वारा पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया।

# आलीराजपुर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु विशेष हेलमेट एवं ओवरलोडिंग विरुद्ध अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



सड़क दुर्घटनाएं वर्तमान समय में एक गंभीर चुनौती हैं, जिनमें होने वाली अकाल मृत्यु और जनहानि को न्यूनतम करना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति अनुशासित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से, पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशों के पालन में आलीराजपुर पुलिस द्वारा जिले भर में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं नियमों का पालन न करनें वालें चालकों पर कार्यवाही हेतु विशेष चैंकिग अभियान चलाया जा रहा है।

सघन चेकिंग और प्रभावी कार्रवाई अभियान के तहत संपूर्ण जिलें सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य केंद्र बिंदु हेलमेट का प्रयोग न करने वाले दोपहिया वाहन चालक और क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले ओवरलोड वाहन रहे। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल ने न केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई की, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए चेतावनी और समझाइश भी दी।

अभियान के दौरान अबतक की कार्रवाई संपूर्ण जिलें में कुल 2352 चालान बनाये जाकर कुल 827 यात्री/माल वाहनों को चेक किया गया। वाहन चैकिंग के तहत संपूर्ण कार्यवाही में कुल 988400 रुपए का समनशुल्क से वाहन चालकों को दण्डित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से 1204 बिना हेलमेट, 254 हेलमेट लायसेंस निलंबन, 256 ओवरलोड चार पहिया वाहन, 107 मॉडिफाइड वाहन, ५७ बिना बीमा, 15 बिना लायसेंस, 12 फीटनेस संबंधी, 02 प्रदुषण संबंधी एवं 445 अन्य तकनीकी कारणों के तहत चालानी कार्यवाही की गई है। वाहन चैकिंग के दौरान विशेष रूप से चार पहिया वाहनों से अवैध रूप से लगे कैरियर भी हटवाए गए हैं। बार-बार चेतावनी व चालानी कार्यवाही के बावजुद यातायात नियमों के प्रति सुधार नहीं लानें वालें चालकों के पर डायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

चार पहिया वाहनों के द्वारा संख्या से अधिक सवारी ले जानें पर पैनी नजर रख जा रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीण अंचलों से श्रमिकों को लाने-ले जाने वाले मालवाहक वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है।

पुलिस की अपीलः सुरक्षा को बनाएं संस्कार आलीराजपुर पुलिस समस्त जिला वासियों से अपील है कि वे यातायात नियमों को केवल कानूनी बाध्यता न समझें, बल्कि इसे अपनी सुरक्षा का एक 'संस्कार' बनाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें और ओवरलोडिंग से बचें।

## साहित्यकार की लेखनी से तय होती है देश की दिशा और दशा-सीएसपी पाटिल

**बुरहानपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजागृति संस्था बुरहानपुर द्वारा उन साहित्यकारों का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से साहित्य व काव्य संग्रह प्रकाशित कर जिले व देश का नाम गौरवान्वित किया है। साहित्यकार सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर संस्था के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ने की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने कहा कि साहित्य का क्षेत्र वह क्षेत्र है जो किसी भी विषय पर अपनी लेखनी के माध्यम से इस देश की कल्पना को साकार कर सकता है। साहित्यकार की लेखनी के माध्यम से लिखे हुए एक-एक शब्द से देश की दिशा और दशा तय होती है। उन्होंने कहा कि मुझे आज बहुत खुशी है क्योंकि मैं भी साहित्य में रुचि रखता हूँ और मुझे किताबें पढ़ने का शौक है। जनजागृति संस्था द्वारा आयोजित समारोह में आमंत्रित करने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया। साहित्यकार सम्मान समारोह में जयंत भालेराव, डॉ विरेन्द्र निर्झर, डॉ रमेशचन्द्र शर्मा धुआधार, राजपाल सिंह चावला राज, राजेन्द्रकुमार मिश्रा सूरज, ठाकुर विरेन्द्र सिंह चित्रकार, डॉ सुरेन्द्र जैन भारती, संतोष परिहार, संदीप शर्मा निर्मल, डॉ. उर्मिला चौकसे, सुनीता चौकसे, कपिल मिश्रा, सुश्री रिया पाठक का सम्मान किया गया।

## शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. में संबल योजना अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸ बड़वानी



10 मई को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी में एवं एलेन कोचिंग के संयुक्त तत्वावधान में संबल योजना अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 40 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 36 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस चयन परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को कोटा में रहकर ह्श्वश्वञ्ज परीक्षा की तैयारी हेतु अध्ययन, आवास एवं भोजन की निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। यह परीक्षा पहली बार बड़वानी में आयोजित की गई। इसके पूर्व इस योजना की चयन परीक्षा का केंद्र सदैव इंदौर रहा है। परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी के छात्र-छात्राओं की रही। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा इससे जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। श्री जे एस डामोर सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग बड़वानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा को विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# प्रेस क्लब मंडलेश्वर की कार्यकारिणी घोषित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

प्रेस क्लब मंडलेश्वर की कार्यकारिणी का गठन सोमवार 11 मई 2026 को सर्वसम्मति से कर लिया गया। संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार श्याम मेवाड़े की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नवीन कुमार को प्रेस क्लब का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर आयोजित बैठक में नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। संरक्षक श्याम मेवाड़े ने कहा कि पत्रकारों की एकता और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार जरूरी था। चर्चा के बाद सभी सदस्यों की सहमति से नवीन कुमार के नाम पर अध्यक्ष पद के लिए मुहर लगी।

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर नवीन कुमार ने सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा, "प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना है। नगर की जनसमस्याओं को प्राथमिकता से शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर निराकरण कराना हमारी पहली जिम्मेदारी रहेगी। अब तक पत्रकार कलम के माध्यम जन समस्या से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं लेकिन, प्रशासन उन मुद्दों पर कोई कारवाही नहीं करता था। नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार ने प्रशासन को चेताया कि अखबारों में प्रकाशित समाचारों पर कारवाही नहीं होती है तो प्रेस क्लब सड़क पर भी उतरने से गुरेज नहीं करेगा। अध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संरक्षक श्याम मेवाड़े, मार्गदर्शक उदय सिंह पटेल, सलाहकार दिनेश मेवाडे, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर, सचिव आदर्श मेवाडे, कोषाध्यक्ष जितेंद्र तंवर, उपाध्यक्ष शिवशंकर रोकड़े व अमन वर्मा, सह-सचिव कृष्णपाल ठाकुर व वीरेंद्र सिंह पटेल, सह कोषाध्यक्ष तरुण कुमरावत व राजा गोखले मीडिया, कार्यालय प्रभारी असलम पठान, प्रभारी राजवीर छाबड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी विकास यादव, कार्यकारिणी सदस्य लखन ठाकुर, अमीन खान, अश्विन पिपल्दे, प्रवीण वर्मा, दिलबाग पटेल और महेंद्र शुक्ला के नामों की घोषणा की गई।

## काउसंलर एवं विषय विशेषज्ञो से आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** कैरियर काउंसिलिंग योजना अंतर्गत मार्गदर्शन देने हेतु अनुभवी काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के गेस्ट पैनल के गठन हेतु जिला रोजगार कार्यालय बड़वानी में वर्ष 2026-27 के लिये आवेदन आमंत्रित हैं। नामांकित काउंसलरों को निर्धारित दिवसों में काउंसिलिंग हेतु हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक मार्गदर्शन देने हेतु आमंत्रित किया जाएगा एवं आमंत्रित मनोवैज्ञानिक / विषय-विशेषज्ञ को काउंसिलिंग पूर्ण दिवस का १ हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री टीएस डूडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक 22 मई 2026 तक आवेदन पत्र जिला रोजगार कार्यालय बड़वानी में जमा कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक काउंसलर हेतु अनिवार्य योग्यता साइकोलाजी में स्नातकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा होना चाहिए।

## प्रदेश के सहकारिता एवं जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग सोमवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे

**खरगोन ।** सुबह 11 बंजे मंत्री का आगमन सर्किट हाउस पहुंचे, यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री श्री सारंग ने भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात कर बैठक ली। इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचाने, सोना न खरीदने का आह्वान का समर्थन किया। उन्होंने कहा एशियाई देशों में चल रहे युद्ध का असर हर देश पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था मजबूत रखने के लिये हर देशवासी को सहयोग करना पड़ेगा। ईंधन ओर सोना आयात होता है। इसे कम इस्तेमाल करेंगे तो हमे कम खर्च करना पड़ेगा। देश का धन बचेगा। मंत्री के आगमन पर फल ठेला व्यवसायी भी सर्किट हाउस पहुंचे थे। सड़क किनारे लगे ठेले हटाये जाने की कार्रवाई का विरोध दर्ज कराया। मंत्री ने फल विक्रेताओं की शिकायत गम्भीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि किसी को परेशान नही होने देंगे। कलेक्टर को निर्देश दिये कि वैकल्पिक व्यवस्था की जाय।

## घर में बर्तन रखने आई नाबालिग से अश्लील हरकत, हिंदूवादी संगठन ने आरोपी को पुलिस को सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के थाना चिमनगंज मंडी क्षेत्र के शिवशक्ति नगर में एक अधेड़ ने नाबालिग (12 वर्षीय लड़की) के साथ छेड़छाड़ की। घटना का पता चलते ही हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ क्चहस्> और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मामला रविवार का है। आरोपी नासिर खान के घर के पास में रहने वाले नाबालिग बर्तन रखने आरोपी के घर आई थी। उस समय नासिर घर में अकेला था। बच्ची से उसने बर्तन किचन में रखने के लिए कहा। इसके बाद अंदर से कमरा बंद कर बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। बच्ची जैसे-तैसे अपने आप को छुड़ाकर घर पहुंची और पूरी घटना अपनी मां को बताई।

**हिंदूवादी नेता आरोपी को थाने लेकर पहुंचे**

मां ने घटना के बारे में पति को बताते हुए हिंदू जागरण मंच को भी जानकारी दी। जिसके बाद हिंदू जागरण मंच के रितेश माहेश्वरी, बजरंग दल के शैलू यादव, हेमंत सोनी, सौरभ तंवर ने मिलकर थाना चिमनगंज में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उज्जैन पुलिस ने आरोपी नासिर खान को गिरफ्तार कर लिया।

## भीषण गर्मी में तड़प रहे घायल पक्षी को मिला जीवनदान

**सनावद-** जहां एक ओर भीषण गर्मी से इंसान बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पक्षियों की हालत और भी दयनीय हो चुकी है। तेज धूप और पानी की कमी के कारण रोजाना कई पक्षी घायल और कमजोर होकर दम तोड़ रहे हैं। ऐसे कठिन समय में ढकलगांव के युवा समाजसेवी गुरूदयाल सेजगायां ने एक घायल पक्षी की मदद कर इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार गुरूदयाल सेजगायां को एक छोटा पक्षी घायल एवं बेहद कमजोर अवस्था में मिला। भीषण गर्मी के कारण पक्षी उड़ने तक की स्थिति में नहीं था और तड़प रहा था। पक्षी की हालत देखकर गुरूदयाल सेजगायां ने तुरंत उसे सुरक्षित स्थान पर लेकर आए। उन्होंने बड़े ही स्नेह और संवेदनशीलता के साथ पक्षी को पानी पिलाया तथा उसकी देखभाल की। कुछ समय बाद पक्षी को राहत महसूस हुई।इस भावुक दृश्य को देखने वाले लोगों ने युवक के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि आज के समय में जहां लोग अपने स्वार्थ में व्यस्त रहते हैं, वहां बेजुबान जीवों के प्रति ऐसी संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायक है।गुरूदयाल सेजगायां ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में घरों की छतों, आंगन, खेतों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी के छोटे पात्र अवश्य रखें, ताकि प्यास से परेशान पक्षियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा प्रयास भी किसी बेजुबान जीव के लिए जीवनदान बन सकता है। यह घटना केवल एक पक्षी की मदद तक सीमित नहीं है।

# पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाली गैंग को किया गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पुलिस की तत्परता और सक्रियता से कालिका माता मंदिर में हुई चोरी का खुलासा मात्र २४ घंटे के भीतर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग (विधि विरुद्ध बालक) को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के पास से चोरी किया गया मश्रुका भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद मार्ग निवासी कालिका माता मंदिर के पुजारी नवनीत शर्मा ने १० मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने मंदिर का गेट तोड़कर प्रवेश किया। बदमाशों ने रेलिंग से वेल्डिंग किए गए दानपात्र को तोडने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद आरोपी वहां रखा आहुजा कंपनी का एम्पलीफायर सिस्टम और शार्प प्लस कंपनी की विद्युत मोटर (टिल्लू पंप) चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

**सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पकड़े गए आरोपी**

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पिंकी आकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने पिपलोदा फंटा सैलाना-रतलाम बायपास पर घेराबंदी कर दो आरोपियों को धरदबोचा।

**गिरफ्तार आरोपी और बरामदगी**

पुलिस ने आरोपी दिनेश पिता धन्नालाल मईडा 25 वर्ष निवासी मकोडि?ा रूण्डा, थाना सरवन, विजय पिता बसा मईडा 22 वर्ष निवासी नवलखा, सैलाना को गिरफ्तार किया साथ ही एक विधि विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 25 हजार रुपये कीमत का चोरी गया एम्पलीफायर और टिल्लू पंप बरामद कर लिया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी पिंकी आकाश, सउनि शंकरसिंह शक्तावत, प्रधान आरक्षक मनीष ओझा, पप्पू वाघेला, संदीप भदौरिया, आरक्षक फकीरचंद्र सोलंकी, तूफान भूरिया, दिनेश पाटीदार, यशपाल धनगर और महिला आरक्षक टीना सिसोदिया का विशेष योगदान रहा।

# मारपीट कर हड्डी तोड़ने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) बड़वानी श्री लीलाधर सोलंकी द्वारा अपने पारित फैसले मे आरोपियों द्वारा मारपीट करने के आरोप में आनंद पिता दिलीप पाटिल, नानेश्वर पिता दिलीप पाटिल, दिनेश पिता दिलीप पाटिल राहुल पिता दिलीप पाटिल निवासी मलफा तहसील पानसेमल बड़वानी को धारा भा.द.वि. की धारा 459 सहपठित धारा 3(2)(अ) एस.सी./एसटी. एक्ट में आजीवन कारावास व 1-1 हजार रुपए भा.द.वि. की धारा 325/34 सहपठित धारा 3(2)(अं) एस.सी./एसटी. एक्ट में 3-3 वर्ष व 1-1 हजार रुपए भा.द.वि. की धारा 323/34 (2 शीर्ष) सहपठित धारा 3(2)(अं) एस.सी./एस.टी. एक्ट में 6-6 माह व 101 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया । अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी बड़वानी सुश्री कीर्ति चौहान द्वारा की गई।

सहायक अभियोजन मीडिया प्रभारी एवं सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री कीर्ति चौहान द्वारा बताया कि २४ मई २०२३ को शाम करीब ७.३० बजे फरियादी जगदीश का बड़ा भाई राजेश मोटरसायकिल चलाकर पानसेमल से वापस घर आ रहा था, उनके घर के पडौस में प्रकाश पाटील का घर है, प्रकाश उसकी पत्नी व पोता के साथ खटिया पर अपने घर के सामने गली में बैठा था, फरियादी के भाई की मोटरसायकिल का बम्फर खटिया से टकरा गया, जिससे खटिया टूट गयी और प्रकाश के पोते को चोट लग गयी, तो प्रकाश उसके भाई को नंगी-नंगी गालियां देने लगा, इतने में उसके लडके विजय, चिन्नु, राहुल व दीपक भी आ गये व चारो नंगी-नंगी गालिया देकर झगडा करने लगे तो फरियादी उसके भाई राजेश को समझा कर वहां से घर ले गया, तत्पश्चात करीबन आधे-पोन घण्टे बाद प्रकाश का जवाई राहुल पाटील तथा राहुल के भाई आनंद पाटील, नानेश्वर पाटील, दिनेश पाटील अपने हाथ में डंडे लेकर उसके घर आये और उसका भाई राजेश घर में बैठा था, तो फरियादी घर का दरवाजा लगाने लगा, राहुल ने उसे डंडा मारा, जो उसे दाहिने हाथ की कोहनी में लगा, चारो आरोपीगण घर के अंदर घुस गये और राजेश को डंडो से मारने लगे ।

फरियादी व उसके पिता बालु बचाने गये तो उसके पिता बालु को भी राहुल के भाई आनंद ने डंडे मारे, जो उनके सिर व शरीर में लगे, भाई राजेश को दाहिनी आंख के उपर व शरीर के अन्य जगह चोटे लगी तथा उसे भी मारपीट में शरीर के अन्य जगह चोट लगी, बाद में प्रकाश का लडका राहुल भी आ गया था, उसने भी मारपीट व अश्लील गालिया देकर उनको जातिगत अपमानित किया, झगडा मोहल्ले के शंकर, भाईदास, रमेश, मुन्ना ने छुडाया और मोहल्ले वालो ने देखा।

उक्त सभी लोग अश्लील गालियां देते समय बोल रहे थे कि साले भीलडे आदिवासी सुधरेंगे नहीं, आज तो बचा लिया, अब उनके रास्ते आये तो जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की उक्त की रिपोर्ट पानसेमल थाने पर दर्ज करवायी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपीगण को गिरफ्तार किया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया अभियुक्तगण प्रकाश, दिपक, विजय, रविन्द्र व राहुल पिता प्रकाश को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### सवाई माधौपुर में मजदूरी करती मिली लापता नाबालिग

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र से 30 अप्रैल को नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 10 दिन बाद नाबालिग के राजस्थान में होने की खबर मिलते ही थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने एएसआई राजीवसिंह चौहान, आरक्षक राजेश सोयल, जीवन जाट और महिला आरक्षक मोनिका राव की टीम राजस्थान के सवाई माधौपुर रवाना की। जहां नाबालिग बालिका मजदूरी करती मिल गई। सोमवार सुबह बालिका को भाटपचलाना लाया गया और बयान दर्ज किये गये। बालिका ने परिवार से नाराज होकर बिना बताये घर से ट्रेन में बैठ सवाई माधौपुर तक जाना बताया। नाबालिग के सकुशल मिलने पर पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### फर्जी प्रिंसिपल को भेजा जेल, साथी की तलाश जारी

**उज्जैन।** बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 4.50 लाख की धोखाधडी करने वाले फर्जी प्रिंसिपल जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी शांतिपाट भक्तिनगर जलपाईगुडी पश्चिम बंगाल को कानुपर जेल से नीलगंगा थाना पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिये उज्जैन लाई थी। इस दौरान आरोपी ने धोखाधड़ी में अपने साथी सुमन गुप्ता का नाम कबूला, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले एमआर सतीशचंद्र पटेल ने 29 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होने अपने बेटे हर्ष का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम कटिहार मेडिकल कॉलेज से संपर्क किया गया था, लेकिन उनकी बात फर्जी प्रिंसिपल से हुई थी। जिसने 25 हजार रूपये तो कॉलेज के अकाउंट में जमा कराये थे और शेष राशि ठग ली थी। सोमवार को प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिये लाये गये फर्जी प्रिंसिपल का रिमांड खत्म होने पर उसे वापस जेल भेजा गया है। अब उसके साथी की तलाश में एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की जायेगी।

### पंखे का तार निकाल रही महिला को लगा करंट

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित मोतीनगर में रहने वाली नेहा पति मनोहर 30 साल को सोमवार दोपहर करंट लग गया। बेसुध होने पर पति चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। नेहा की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पति मनोहर ने बताया कि पंखा बंद करने के लिये नेहा ने तार निकाला था, उसी दौरान करंट लगा है। अस्पताल स्टॉफ ने घटना की जानकारी नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी है।

### दिल्ली के परिवार की नींद खुलने पर गायब मिला पर्स

**उज्जैन।** नईदिल्ली-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस से दिल्ली का तलवार परिवार महकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहा था। ट्रेन के सेकेंड एसी कोच ए-2 में यात्रा के दौरान परिवार की नींद लग गई। ट्रेन के नागदा पहुंचने पर परिवार जागा तो पर्स गायब मिला। पर्स में 80 हजार का आईफोन, 50 हजार रूपये नगद और अन्य कीमती सामान रखा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर परिवार ने मामले की शिकायत जीआरपी पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि पर्स की कीमत 25 हजार रूपये है। उसमें रखा सामान और नगद 1.30 लाख रूपये का है। जीआरपी ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच नागदा जीआरपी को भेजी है। विदित हो कि ट्रेनों में आये दिन यात्रियों का सामान चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। लम्बी दूरी की ट्रेनों में बदमाश यात्रा करते है और सामान चोरी के बाद रास्ते में ट्रेन का स्टापेज आने पर उताकर भाग निकलते है।

### उज्जैन-देवास मार्ग दुर्घटना में कार चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में उज्जैन-देवास मार्ग पर 3 मई को हुई दुर्घटना में राकेश पिता विजय खत्री निवासी विजसनगर देवास की मौत हो गई थी और रिश्तेदार मोनिका पति योगेन्द्र पांचाल निवासी भगवती विहार देवास गंभीर घायल हो गई थी। नरवर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। सात दिन बाद पता चला कि मृतक और घायल महिला की स्कूटी को पीछे से कार ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के बाद कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। जिसकी गिरफ्तारी कर कार को जप्त किया जायेगा।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में रहने वाले निखिल पिता राजेश 23 साल ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। परिजन भी कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं थे। ड्युटी कम्पाउंडर की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 588-1 | 770-4 |
| मेन बाजार | 899-6 | 579-1 |
| कल्याण नाइट | 577-9 | 259-6 |
| मिलन डे | 489-1 | 345-2 |
| मिलन नाइट | 128-1 | 580-3 |
| मधुर डे | 330-6 | 589-2 |
| मधुर नाइट | 356-4 | 789-4 |
| शुभांक | 2 | 8 5 |

# 34 दिन में दो बदमाशों ने तोड़े थे 3 दुकानों के ताले

## हिरासत में आने पर 40 किलो तांबे का स्क्रेप और 2 डीवीआर किये बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चिमनगंज क्षेत्र में 34 दिन में हुई चोरी की 3 वारदात में शामिल 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक बदमाश नाबालिग है, दोनों पारदी समुदाय के होना सामने आये है। जिनकी निशानदेही पर 90 हजार का मशरुका बरामद किया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 26 मार्च को उद्योगपुरी गोदाम से हजारों रूपये का तांबा स्क्रैप चोरी हो गया था। मामले की शिकायत गोदाम संचालक अमित जैन द्वारा दर्ज कराई गई थी। बदमाशों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे थे। इसी बीच 29 अप्रैल कृषि उपज मंडी में दीपक सोनी निवासी पार्श्वनाथ सिटी की फल दुकान के साथ आगररोड पर हरिओम नमकीन दुकान में चोरी की वारदात हो गई थी। नमकीन दुकान संचालक दीपक भिनवानी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया था। दोनों दुकानों से डीवीआर के साथ नमकीन और कुछ नगद चोरी हुआ था। 34 दिनों में 3 स्थानों पर हुई चोरी का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के साथ सायबर टीम की मदद ली गई और एएसआई राजेश पंचोली, प्रधान आरक्षक सतीश यादव, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप चौधरी, जगदीश गेहलोत, रवि पटेल, वीरसिंह यादव की टीम गठित की गई।

तकनीकी साक्ष्यों और कैमरों की मदद से थाने के समीप झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले साहिल उर्फ भेरिया की पहचान हो गई। जिसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ शुरू की गई तो उसने ग्राम लाखाहेड़ा में रहने वाले नाबालिग साथी के साथ मिलकर तीनों वारदात करना कबूल कर लिया। नाबालिग को हिरासत में लेकर दोनों की निशानदेही पर फल और नमकीन दुकान से चोरी किया गये 2 डीवीआर के साथ एक हजार की नगद राशि बरामद की गई। वहीं गोदाम से चोरी किया गया 40 किलो तांबे का स्क्रैप जप्त किया गया है। जिसकी कीमत 90 हजार रूपये होना पाई गई है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से साहिल को जेल भेजा गया है।

### इन वारदातों में बदमाशों को नहीं सुराग

शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरूपति डायमंड कालोनी में 26 अप्रैल को इंजीनियर-शिक्षिका दंपति के मकान में 40 लाख की बड़ी चोरी होना सामने आया था। वहीं 2 मई को सार्थक नगर में जैन परिवार के मकान लाखों की चोरी हुई थी। बदमाशों ने 1 मई को दिनदहाडे पंवासा थाना क्षेत्र के माधोपुरा में भाजपा की महिला पार्षद के घर को निशाना बनाया था। सार्थकनगर चोरी के मामले में बाइक सवार 2 बदमाश दिखाई दिये थे। वहीं पंवासा क्षेत्र की चोरी में कार की जानकारी मिली थी, लेकिन अब तक पुलिस को बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया है।

### अस्पतालों की जांच के लिये निकला स्वास्थ्य विभाग....

# अस्पताल- क्लीनिक छोड़ भाग निकले डॉक्टर- कंपाउंडर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में 11 वर्षीय बालिका की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल-क्लीनिक की जांच शुरू कर दी है। जांच टीम के पहुंचने से पहले अस्पताल और क्लीनिक छोड़ डॉक्टर कम्पाउंडर भाग रहे है। सोमवार को 2 दर्जन से अधिक अस्पतालों की जांच की गई। कुछ में सिर्फ पंखे चलते मिले।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे है। जहां नियम विरूद्ध मरीजों का उपचार किया जा रहा है। कई बार स्वास्थ्य विभाग नियमों को लेकर समय-समय पर नोटिस जारी कर चुका था। बावजूद निजी अस्पतालों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जिनका नतीजा शनिवार को एक बार फिर सामने आया था। मंछामन कालोनी में जनसेवा नोबाल पॉली क्लीनिक में 11 साल की दीपिका डाबी की अपेंडक्सि ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामे और चक्काजाम के बाद प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य विभाग का अमला हरकत में आ गया था। स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों और क्लीनिको की जांच के लिये पांच टीमों का गठन कर दिया। सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमे जांच के लिये निकली। इस दौरान ढांचा भवन और भैरवगढ़ क्षेत्र में अस्पताल-क्लीनिक खुले मिले, लेकिन डॉक्टर, कम्पाउंडर गायब थे, सिर्फ पंखे चल रहे थे। टीमों ने कई अस्पतालों की जांच की जहां काफी खामियां होना सामने आई। संचालकों को नोटिस जारी किये गये है। दिनभर में 2 दर्जन से अधिक अस्पतालों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शुरू की गई जांच के बाद अस्पताल और क्लीनिक संचालित करने वालों में हडकंप मच गया है। कई




तो अस्पताल बंद कर भाग निकले है।

**मेडिकलों की जांच में मिली खामियां**

अस्पतालों और क्लीनिको की जांच के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पतालों के समकक्ष संचालित होने वाले मेडिकलों की जांच भी शुरू की है। इस दौरान मेडिकलों पर खामियां होना सामने आया है। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल के अनुसार अब तक की गई जांच में अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जांच टीम आगामी दिनों में अपनी मुहिम को जारी रखेगी और नियम विरूद्ध अस्पताल-क्लीनिक संचालित करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जायेगा।

**राजनैतिक दबाव की सामने आई जानकारी**

जांच टीम में शामिल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि फ्रीगंज क्षेत्र में अस्पतालों पर पहुंची टीम के मांगने पर पंजीयन दिखाये गए, जबकि पंजीयन को बाहर ही लगाने का नियम है। यही नहीं इसके अतिरिक्त बायो मेडिकल वेस्ट के पंजीयन एवं विभागीय नियमों का पालन में कोताही मिली है। इसे लेकर जांच टीम में शामिल सदस्यों के पास राजनैतिक दबाव के लिए फोन पहुंचने शुरू हो गए हैं।

**नियम ये कहता है-**

स्वास्थ्य विभाग के रूग्णालय पंजीयन के नियमों पर अगर नजर डाली जाए तो क्लिनिक एवं अस्पताल के पंजीयन को बाहर ही सदृश्य होने वाली स्थिति में लगाया जाना है। इसके साथ ही संशोधित नियमों में बायो मेडिकल वेस्ट के पंजीयन के साथ ही डिग्री का प्रदर्शन भी किया जाना है। यही नहीं संबंधित क्लिनिक एवं अस्पताल के पर्चे पर पंजीयन का नंबर एवं दिनांक अंकित किया जाना है।

### झांसी-बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा यूपी का युवक

**उज्जैन।** चलती ट्रेन से सोमवार उत्तरप्रदेश का युवक गिर गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपने भाई और 2 साथियों के साथ सुरत जा रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव भाई के सुपुर्द किया, जिसे उत्तरप्रदेश ले जाया गया है।

उत्तरप्रदेश के हमीरपुर का रहने वाला जगदीश पिता उदयभान 39 साल गुजरात के सूरत में साड़ी फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को भाई अर्जुन, दोस्त जगत और एक अन्य के साथ झांसी बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन में उत्तरप्रदेश से सूरत जाने के लिये निकला था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने से पहले सोमवार तड़के 5 बजे के लगभग पिंगलेश्वर में गेट पर बैठा जगदीश अचानक गिर गया। भाई और दोस्तों को उसके गिरने का पता चला तो वह ट्रेन रूकवाने का प्रयास करने लगे, लेकिन ट्रेन कुछ देर में ही उज्जैन स्टेशन पहुंच गई।

भाई ने मामले की सूचना जीआरपी को दी, लेकिन मामला पंवासा थाना क्षेत्र का था। भाई और दोस्त पंवासा थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पुलिस पिंगलेश्वर पहुंची और जगदीश को अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। भाई ने बताया कि जगदीश सूरत की सा?ी फैक्ट्री में काम करता था और 2 बच्चों का पिता था। जगदीश 2 माह से उत्तरप्रदेश स्थित हमीरपुर घर पर था। जहां से वापस फैक्ट्री लौट रहा था। संभवत- गेट के बैठने होने पर ठंडी हवा का झोंका लगने पर सुबह-सुबह आंख लग गई और गिर गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव भाई और दोस्तों के सुपुर्द किया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आशीषसिंह पिता नवलेश्वरसिंह जी व अशोक पिता बद्रीलाल जी निवासी हातोद जिला इंदौर द्वारा ग्राम जलोदिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन स्थित भुमि सर्वे न. 835 रकबा 0.97 है. की भुमि स्वामी ज्योति पति मनीष जी जाति अहीर निवासी ग्राम जलोदिया तहसील बड़नगर से भुमि क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा एक सोदा चिठठी मेरे पक्षकार के पक्ष में उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध मे किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह संम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो, अथवा किसी के पक्ष मे कोई अनुबंध पत्र या भुमि सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम, या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त भुमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखीत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो- दिनांक- 11/05/2026

**रवि रावलसर्विस प्रोवाइडर**
**बडनगर जिला उज्जैन मो 9981226537**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चौराहा फ्रीगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 19 स्थित वार्ड न. 07 कालापीपल मण्डी तहसील कालापीपल जिला शाजापुर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे - आम रास्ता, पश्चिम में - आम रास्ता, उत्तर में- बजरंग मंदिर की भूमि दक्षिण में- रामनारायण का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति मदनलाल पिता श्री बंशीलाल ने इसके पूर्वस्वामी कमलेश सिंह चौहान से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2528 दिनांक 20/03/1989 के माध्यम से क्रय कि। एवं मदनलाल का स्वर्गवास दिनांक 15/02/2004 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर संजय पिता स्व. मदनलाल ने अपने नाम का नामातंरण ग्राम पंचायत कालापीपल में दिनांक 15/09/2014 को दर्ज करवाया तथा संजय के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफसी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो.9301860352**

### निर्माणधीन मकान की छत से गिरा 3 साल का बालक

**उज्जैन।** निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहे परिवार का 3 वर्षीय बालक सोमवार को छत से गिर गया। गंभीर हालत में बालक को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महामृत्यंज्य द्वार के पास चार मंजिला मकान बन रहा है। जहां मजदूरी के लिये बडवानी का रहने वाला उमेश भावरे पत्नी और बच्चे के साथ आया हुआ है। सोमवार सुबह पति-पत्नी काम में लगे थे, उसी दौरान खलते समय 3 वर्षीय पुत्र पियुष अचानक चौथी मंजिल की छत से दूसरी मंजिल की छत पर आ गिरा। आवाज सुनकर पति-पत्नी भागे और घायल हो चुके पुत्र को उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने अंदरूनी चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को मिली तो घायल बालक के परिजनों के बयान दर्ज करने पहुंची।

# हिरासत में महिला से गलत काम करने वाला युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घर के बाहर खड़ी महिला को धक्का देकर कमरे में ले जाने के बाद गलत काम करने वाला युवक पुलिस की हिरासत में आ गया है। जिसके खिलाफ दुष्कर्म की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड पर रहने वाली 30 वर्षीय महिला घर के बाहर ख?ी थी। उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला सचिन पिता अशोक राठौर आया और महिला से बोला दोस्ती करना चाहता हूं। महिला कुछ समझ पाती और विरोध करती उससे पहले सचिन ने धक्का देकर उसके कमरे में किया और गलत काम करने लगा। महिला ने खुद को बचाने का प्रयास किया और शोर मचाया। आवाज सुनकर महिला की बेटी आई तो सचिन धमकी देकर भाग निकला। महिला अपने साथ हुई घटना से काफी भयभीत हो गई थी। तभी सचिन दोबारा आया और कहा कि किसी को बताया तो अच्छा नहीं होगा। महिला ने मामले की शिकायत परिजनों के साथ थाने पहुंचकर की। पुलिस ने सचिन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# निजातपुरा में रहवासियों का फूटा गुस्सा

### जेसीबी रोककर रुकवाया चौड़ीकरण का काम, धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य से नाराज हुए क्षेत्रवासी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



निजातपुरा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य में बरती जा रही लापरवाही और अव्यवस्थाओं से परेशान रहवासियों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। क्षेत्रवासियों ने सड़क पर उतरकर निर्माण कार्य का विरोध किया और जेसीबी के सामने खड़े होकर काम रुकवा दिया। रहवासियों का आरोप है कि लंबे समय से चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन अब तक न तो सड़क निर्माण पूरा हुआ है और न ही नालियों का निर्माण किया गया है।

रहवासियों ने बताया कि पिछले 20 से 25 दिनों से क्षेत्र के कई घरों में नलों से पानी नहीं पहुंच रहा है। चौड़ीकरण के दौरान की गई खुदाई और तोड़फोड़ में कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते कई घरों में गंदा और मटमैला पानी पहुंच रहा है, व कई घरों में पानी ही नहीं आ रहा।जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण पूरा इलाका अव्यवस्थित हो गया है। जगह-जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं, नालियां अधूरी हैं और धूल-मिट्टी के बीच लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि चौड़ीकरण शुरू होने के बाद से क्षेत्र में नारकीय स्थिति बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**निरीक्षण और निर्देशों के बाद भी नहीं आई तेजी-** रहवासियों ने बताया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

## अपराध एक बीमारी



अमेरिका में एक पंद्रह साल का लड़का दुकान से चोरी करता हुआ पकड़ा गया। पकड़े जाने पर उसे अदालत में पेश किया गया। जज ने जुर्म सुना और लड़के से पूछा, तुमने क्या सचमुच चुराया था ब्रेड-पनीर का पैकेट? लड़के ने नजरें नीचे करके जवाब दिया- हां, मुझे जरूरत थी। मेरे पास पैसे नहीं थे। घर में सिर्फ मां हैं, जो बीमार और बेरोजगार हैं, ब्रेड और पनीर भी उन्हीं के लिए चुराई थी। जज ने पूछा- तुम कुछ काम नहीं करते? लड़के ने कहा- करता था एक कार वाश में। मां की देखभाल के लिए एक दिन की छुट्टी की, तो मुझे निकाल दिया गया। आज सुबह से घर से निकला था, पचास लोगों के पास गया, थोड़े से पैसे उधार मांगे, लेकिन किसी ने नहीं दिया; बिल्कुल आखिर में यह कदम उठाया।

जिरह खत्म हुई, जज ने फैसला सुनाना शुरू किया, जो अद्भुत था- ब्रेड की चोरी बहुत शर्मनाक जुर्म है और इस जुर्म के लिए हम सब जिम्मेदार हैं। इस अदालत में मौजूद हर शख्स-मुझ सहित- सब मुजरिम हैं, इसलिए यहां मौजूद हरेक शख्स पर दस-दस डॉलर का जुर्माना लगाया जाता है। दस डॉलर दिए बगैर कोई भी यहां से बाहर नहीं निकल सकेगा।

यह कहकर जज ने दस डॉलर अपनी जेब से बाहर निकालकर रख दिए और फिर आगे लिखना शुरू किया- इसके अलावा मैं उस दुकान पर एक हजार डॉलर का जुर्माना लगाता हूं कि उसने एक भूखे-प्यासे बच्चे से अमानवीय सुलूक करते हुए उसे पुलिस के हवाले किया। अगर चौबीस घंटे में जुर्माना अदा नहीं किया गया, तो यह अदालत दुकान को सील करने का हुक्म दे देगी। जुर्माने की पूरी राशि आरोपी किशोर को देते हुए अदालत उससे माफी तलब करती है। फैसला सुनने के बाद कोर्ट में मौजूद लोगों की आंखों से आंसू तो बरस ही रहे थे, लड़के की भी हिचकियां बंध गई थीं। जज साहब अपने आंसू छिपाते हुए बाहर निकल गए थे। जो भी ज्ञानी होंगे, उनका यही रुख होगा। चाणक्य ने कहा है कि यदि कोई भूखा व्यक्ति रोटी चुराते हुए पकड़ा जाए, तो उस देश के लोगों को शर्म आनी चाहिए। पूरा समाज इसके लिए जिम्मेदार है। क्या हमारा समाज और अदालतें इस तरह के निर्णय के लिए तैयार हैं? ओशो हमेशा हर तरह के दंड के खिलाफ रहे हैं। उनके मुताबिक, सजा से अपराध को रोका नहीं जा सकता। सजा से कोई इंसान बदला नहीं है, बल्कि और ज्यादा भ्रष्ट हुआ है। आदमी को दंड से नहीं, प्रेम से ठीक किया जा सकता है। जुर्म की ओर देखने का बिल्कुल नया विज्ञान, नया रवैया होना जरूरी है। अपराध एक बीमारी है, क्या किसी को कैंसर हुआ, तो आप उसे जेल में डाल देंगे और उससे कैंसर ठीक होगा?

**सम्पादकीय**

# अग्नि की ताकत

एक साथ कई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण भारत की प्रतिरोधक क्षमता के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि है। जिस मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल, यानी एमआईआरवी तकनीक से यह लैस है, उसमें मुख्य मिसाइल कई वॉरहेड्स दागती है। नतीजतन, दुश्मन की वायु सुरक्षा प्रणाली को चकमा देना आसान हो जाता है। भारत के अलावा अभी अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के पास ही यह तकनीक है। हालांकि, परीक्षण की गई मिसाइल की मारक-क्षमता नहीं बताई गई है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 में मिशन दिव्यास्त्र के तहत इसी तकनीक से लैस अग्नि 5 का सफल परीक्षण हो चुका है और उसकी रेंज करीब 5,000 किलोमीटर थी, इसलिए इस बार इससे अधिक ही होगी। इसे अग्नि 6 की पूर्वपीठिका भी कहा जा रहा है, जिसकी पुष्टि कम-से-कम दो तथ्य कर रहे हैं। पहला, परीक्षण की गई मिसाइल परमाणु-सक्षम इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक थी, जिसकी मारक क्षमता अमूमन 5,500 किलोमीटर से अधिक होती है। दूसरा, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत ने अभी-अभी कहा है कि संगठन अग्नि 6 मिसाइल के निर्माण के लिए तैयार है, बस सरकार से हरी झंडी मिलने की देर है।

ताजा परीक्षण आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी रक्षा तकनीक का अप्रतिम उदाहरण है। नई दिल्ली के पास निस्संदेह ब्रह्मोस, पृथ्वी, नाग, आकाश जैसी स्वदेशी मिसाइलों का जखीरा है, लेकिन इनमें ध्वजवाहक अग्नि ही है। गुजरे साढ़े तीन दशकों में इसने 700 किलोमीटर से लेकर 5,000 किलोमीटर तक की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की है। आज भारत के सुरक्षा बेड़े में इसकी पांचवीं पीढ़ी की मिसाइलें हैं, जो परमाणु हथियार तक ले जा सकती हैं। इस बीच ऐसी महारत भी हासिल की गई है कि ये मिसाइलें सड़क या रेल प्लेटफॉर्म से भी लॉन्च की जा सकती हैं। अभी जो परीक्षण हुआ है, उसका लक्ष्य विशेषकर पश्चिमी मोर्चे, उत्तरी सीमा और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की क्षमता को मजबूत करना है, जो सामरिक ताकत का नया केंद्र बनता जा रहा है। संभवतः इन्हीं वजहों से पाकिस्तान की तरफ से चिंता जताई गई है कि भारत दुनिया के किसी भी देश को निशाना बनाने की राह पर निकल चुका है। हालांकि, विश्व बिरादरी जानती है कि भारत के रक्षा कार्यक्रम आत्म-सुरक्षा के इस सिद्धांत पर आधारित हैं कि शत्रु को आक्रमण से रोकने के लिए न्यूनतम संख्या में हथियार रखे जाएं। अग्नि की इस सफलता का प्रभाव भारत के रक्षा उद्योग पर भी पड़ेगा।

**अब हकीकत से सामना**

# सिनेमाई नायक से जननायक बनने की विजय यात्रा



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की राजनीति विविध रंगों से सजी हुई हैं। राज्यों की राजनीति की ये सजावट वक़्त के साथ बदलती भी रहती हैं। पांच राज्यों के हालिया चुनाव में भी राजनीति के विविध रंग नजर आए। विविधताओं से भरी राजनीति सिर्फ राजनैतिक दलों के झंडो की विविधता के रूप में ही नहीं दिखती, यह विभिन्न राजनैतिक विचारों के रूप में भी नजर आती हैं। यह लोकतंत्र की सजावट हैं। पांच राज्यों के चुनावों में सबसे अधिक सुर्खियों में रहा पश्चिम बंगाल जंहा भाजपा के मजबूत संगठन ने ममता बेनर्जी के अभेद किले को भेदने में सफलता पाई। यहाँ शुभेन्दु अधिकारी के नैतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। असम में हेमंत विश्वशर्मा ने अपना जादू बरकरार रखा। केरलम में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। पूंडूचेरी में एनडीए गठबंधन विजय रहा। किंतु इन सबसे अलग, सबसे जुदा और परिवर्तनकारी सुर्खियां तमिलनाडु ने बटोरी जंहा राजनीति के मैदान में महज दो बरस पहले निर्मित एक नए नवेले राजनितिक दल के नेता थालपति विजय ने परदे के नायक की छवि के बल पर विधानसभा चुनाव में सफलता प्राप्त कर 60 सालो से भी अधिक समय से राजनीति कर रहे स्थापित दलों को धुल चटाई। थलापति विजय का 10 मई 2026 को चैन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करना एक फिल्मी अभिनेता का असल राजनीति में महज नेता बन जाने की कहानी भर नहीं, यह राज्य के मुखिया याने मुख्यमंत्री के पद पर काबिज होने की सफलतम कहानी हैं। यह कहानी भी फिल्म जैसी हैं। किंतु सच ये हैं की यह फिल्मी नहीं असल कहानी हैं। सिनेमाई किरदार को लेखक लिखता भी गढ़ता भी इसमें थोड़ी असली कहानी के साथ कल्पनाशीलता होती हैं। परदे का यह नायक बेईमानी के खिलाफ लडता हैं। गुंडों, बलात्कारियों, शराब तस्करों का भंडाफोड़ करता हैं। जनता के लिए लड़कर दर्शकों को ईमानदारी और नैतिकता का पाठ पढ़ाता हैं। जीवन की वास्तविकताओं से बिल्कुल अलग फिल्मी कहानी को महज तीन घंटे में प्रदर्शित करना होता हैं। हिंदी सिनेमा की नायक फिल्म में एक दिन का मुख्यमंत्री राज्य की बेहतरी के लिए फटाफट त्वरित निर्णय लेकर स्थापित मुख्यमंत्री की चुनौती को स्वीकार करता हैं। अपने कार्य से जन समस्या का त्वरित निराकरण फिल्म में ही सम्भव हैं। असल राजनीति में यह सम्भव नहीं हैं। इस फिल्म में नायक अनिल कपूर के अभिनय की तारीफ हुई थी। फिल्म ने उनकी छवि को निखारा भी था।

तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण करने वाले थालपति विजय के सामने अब फिल्मी नायक की छवि को बरकरार रखने का बड़ा सवाल खड़ा हुआ हैं। वह इसलिए की राज्य की असल राजनीति अनेकों बुराइयों से घिरी हुई होती हैं। असल में मुख्यमंत्री सम्पूर्ण राज्य का होता हैं। किंतु वह अपनी पार्टी के विधायक दल का नेता होता हैं। इस कारण अपनी राजनैतिक पार्टी के संरक्षण का जिम्मा भी उसी का होता हैं। एक मुख्यमंत्री जब विकास राशि का वितरण कर रहा होता हैं तब उसे अपनी पार्टी के विधायकों का अधिक ध्यान रखता होता हैं। अभी जैसे एक राजनैतिक जुमला डबल इंजिन की सरकार के रूप में प्रचलित हैं। इस राजनैतिक जुमले का अर्थ ही यही हुआ की केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होगी तभी विकास तेजी से होगा।

राजनैतिक दल जनता के द्वारा दी गयी धनराशि से नहीं चलाया जा सकता हैं। यह बड़े-बड़े उद्योगपतियों के दिए मोटे चंदे से चलता हैं। यह ओद्योगिक घराने चंदा देकर व्यवसायिक लाभ कमाने में माहिर होते हैं। फिल्मी नायक तो फिल्म में इस व्यवस्था का विरोधी होता हैं। किंतु थालपति विजय इन बुराइयों का असल मुख्यमंत्री रहते कैसे सामने कर पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। राजनीति में व्याप्त भाई भतीजा वाद से निपटना विजय के लिए खासा मशक्कत भरा हो सकता हैं। ऐसा नहीं हैं की थालपति विजय के पूर्व तमिलनाड़ु में कोई फिल्मी अभिनेता मुख्यमंत्री नहीं बना हो। एमजी रामचंद्रन वर्ष 1977 से 1987 तक 10 बरस तमिलनाडु के सीएम रहे हैं। जयललिता एक लोकप्रिय अभिनेत्री रही जो मुख्यमंत्री बनी, एम करुणानिधि तमिल फिल्मो के पटकथा लेखक से राजनेता बने तमीलनाड़ु राज्य के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। किंतु इन तीनो को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में लम्बा समय लगा, जबकि विजय को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने के लिए महज दो साल का सघर्ष करना पढ़ा इस लिहाज से तमिलनाडु की जनता ने थालपति विजय को कम समय में ही मुखिया की कुर्सी पर बैठा दिया। अब सवाल यह उठता हैं की फिल्म में नायक का किरदार निभाने वाले सुपर स्टार असल जीवन की काँटों भरी राजनीति में तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उसी तरह जनता के प्रिय बने रहेंगे, जैसे फिल्म के नायक के रूप में उनकी छवि जनता के मन में अंकित हैं। फिल्म में गरीबो का मसीहा, ईमानदार अफसर, सिद्धांत वादी नेता, माफियाओ का दुश्मन मुख्यमंत्री के रूप इन भूमिकाओ का निर्वहन कर पाएगा। जबकि मुख्यमंत्री के रूप में अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गयी मुहीम उन्हें जनता का असली नायक बना सकती हैं। टीवीके पार्टी के नेता के रूप में उन्होंने जनता से समाजिक न्याय और सच्चे धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना का वादा भी किया हैं।

तमिलनाड़ु राज्य के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें गठबंधन के साथियों के साथ अपने घोषणा-पत्र में किये वायदो को भी पूरा करना हैं। महिलाओं को 2500 रु मासिक सहायता, स्नातको के लिए 4000 रु बेरोजगारी सहायता और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसे लोक लुभावन वादे भी पुरे करना हैं। तब क्या यह माना जाए की जनता घोषणाओं के आकर्षण पर मतदान करती हैं। तमिलनाड़ु राज्य के चुनाव में नायक की छवि और घोषणाओं ने मिलकर कम समय में चुनाव में सफलता प्राप्त की हैं। आने वाले समय में यह सवाल कायम रहेगा की क्या नायक की छवि से न्याय कर पाए मुख्यमंत्री थालपति विजय राजनीति के विविध रंगों में दक्षिण के रंग भी असरकारी हैं। जिस प्रकार से फिल्मी नायको, नायिकाओं के प्रति आस्था यहाँ बताई जाती हैं वह काबिलेगौर हैं। फिल्मी कलाकारों को ईश्वर की तरह पूजने और उनके मंदिर बनाए जाने की दक्षिण राज्यों की संस्कृति और परम्परा हैं। अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के प्रति तमिलनाड़ु राज्य की जनता का प्रेम आस्था और विश्वास हैं। यह कला का सम्मान भी हैं। इसी जनता ने एमजी रामचंद्रन, जे जयललिता को भी मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया था। पटकथा लेखक एम करुणानिधि भी इसी क्रम में शामिल हैं।

## मुखौटों का बाजार

लाइब्रेरी की पुरानी लकड़ी की महक के बीच सुधीर चश्मा ठीक करते हुए एक पुरानी फाइल पलट रहे थे। सामने मिसेज खन्ना बैठी थीं, जो अपनी मखमली शॉल को बार-बार सहेज रही थीं। यहाँ न कोई फ्लैट था, न कोई युवा जोड़ा। यहाँ अनुभव की वे रेखाएँ थीं जो उम्र के साथ गहरी हो गई थीं।

सुधीर जी, क्या आपको नहीं लगता कि हम दोनों इस उम्र में एक 'एक्सपेरिमेंट' कर रहे हैं? मिसेज खन्ना ने अपनी चाय की चुस्की लेते हुए पूछा।

सुधीर ने सिर उठाया। उनकी मुस्कुराहट में व्यंग्य की एक महीन धार थी। एक्सपेरिमेंट? खन्ना जी, इस उम्र में तो लोग दवाइयों के कॉम्बिनेशन के साथ एक्सपेरिमेंट करते हैं। हम तो बस इस अकेलेपन के डर को 'लिव-इन' का आधुनिक लेबल लगाकर ढकने की कोशिश कर रहे हैं।

मिसेज खन्ना थोड़ा झेंप गईं। दुनिया इसे प्रगतिशीलता कहेगी। हमने समाज के डर से शादी नहीं की, बस साथ रहने का फैसला किया। क्या यह हिम्मत की बात नहीं है?

हिम्मत और जरूरत के बीच एक बहुत बारीक धागा होता है, सुधीर ने फाइल बंद करते हुए कहा। हम प्रगतिशील नहीं, दरअसल हम स्वार्थी हो गए हैं। हम चाहते हैं कि सुबह की चाय के वक्त कोई सामने बैठा हो, पर हम यह नहीं चाहते कि उसकी वसीयत या उसकी बीमारियों की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर आए। हमारा यह साथ उस नो-पार्किंग जोन की तरह है, जहाँ गाड़ी खड़ी तो है, पर ड्राइवर इंजन बंद नहीं करता कि कभी भी भागना पड़ सकता है। मिसेज खन्ना ने खिड़की के बाहर गिरती बर्फ को देखा। पर क्या यादें काफी नहीं हैं? हम एक-दूसरे के अतीत में दखल नहीं देते, यही तो इस रिश्ते की खूबसूरती है। यही तो इसकी सबसे बड़ी विडंबना है, सुधीर का स्वर अब और भी गहरा हो गया था। बिना अधिकार के अनुराग कैसा? हम दोनों एक ही छत के नीचे रहते हैं, पर हमारे बीच का फासला उस सरकारी फाइल जैसा है जो एक टेबल से दूसरी टेबल तक पहुँचते-पूँछते दम तोड़ देती है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 मई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:51 सूर्यास्त 18:55
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - दसमी 14:53 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - पूवार्भाद्रपद 25:17 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - वैधृति 23:19 उपरांत विष्कुंभ
करण - विष्टि
चन्द्रमा - कुंभ में है। 19:24 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 24 तारिख

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।समय अनुकूल है।

**मिथुन-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**सिंह-** स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**कन्या-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है।

**तुला-** धन प्राप्ति सुगम होगी। शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**वृश्चिक-** चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर-** थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**कुंभ-** राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**मीन-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। किसी न्यायपूर्ण बात का भी विरोध हो सकता है। विवाद न करें।

**समाज की चिंता**

## डीजे को ज्यादा शोर से ना बजाये

ध्वनि प्रदूषण का बढ़ना चिंताजनक है जो की स्वास्थ्य पर खतरे को आगाह करता है। अक्सर देखा गया कि विवाह या अन्य कार्यक्रमों में डीजे का शोर कुछ ज्यादा ही रहता है जबकि मापदंड निर्धारित है किन्तु उसका पालन किया नहीं जाता। कोई इसकी शिकायत भी नहीं करता। देखकर सुनकर सब अनदेखा कर जाते है। बीमार इंसान,छोटे बच्चे ,पशु पक्षियों, कच्ची दीवार बच्चों की पढ़ाई पर ज्यादा शोर से गहरा असर पड़ता है। शासन- प्रशासन एवं कई सामजिक संगठन है,उनका दायित्व है। इस बढ़ते शोर पर अंकुश लगाने की पहल करें डीजे की ध्वनि में भी ज्यादा शोर से बजाया जाता है। तेज आवाज में डीजे के बजाये जाने और उससे प्रभावित लोगो की शिकायते विवाद के रूप में समाचार के माध्यम से पढ़ने को आती रहती है। डीजे के पीछे चलती भीड़ के कारण कोई समस्या के हल करने की सोच से पीछे हट जाता है। सुझाव है कि ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्कूल कॉलेज, अस्पताल आदि की बाउंड्री पर फेंसिंग मेहंदी की झाड़ी,अन्य पौधो की होना चाहिए`ये झाडिया ध्वनि कप अवशोषित कर लेती है। साथ ही सड़कों के किनारों के दोनों और हरे वृक्ष लगाने से भी ध्वनि की तीव्रता को कम किया जा सकता है`डीजे संचालित करने वाले ध्वनि प्रदूषण को कम करने का संकल्प लेवे ताकि बढ़ती ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश हो कर एक स्वस्थ संगीत (कम ध्वनि ) से लोकप्रिय बन सकने में सहयोग कर सके।

# भाजपा का बढ़ता जनादेश: विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि नए युग का भारतीय मतदाता अब जात-पात, नफरत और अहंकार की राजनीति से ऊपर उठ चुका है। आज का मतदाता विकास और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। वह अपने गांव, जनपद, जिला पंचायत, विधानसभा और लोकसभा में ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहता है जो उसके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की ठोस गारंटी दे सके। इन चुनाव परिणामों को यदि खुले मन से विश्लेषित किया जाए, तो यह भी स्पष्ट होता है कि हारने वाले कई दल अपनी पराजय का ठीकरा चुनाव आयोग, ईवीएम या सरकारी तंत्र पर फोड़ने का प्रयास करते हैं। किंतु यह केवल आत्मसंतोष का एक माध्यम है। वास्तविकता यह है कि यदि ये दल ईमानदारी से आत्ममंथन करें, तो उन्हें अपनी हार के कारण अपने भीतर ही मिल जाएंगे।

वर्तमान भारतीय राजनीति की यह विडंबना बन चुकी है कि जनप्रतिनिधि अपने ही क्षेत्र में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद भी अपनी कमियों का आत्मविश्लेषण करने के बजाय बाहरी कारणों को दोष देते हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल लगातार चुनाव दर चुनाव कमजोर होते जा रहे हैं। बिना गंभीर आत्ममंथन के केवल औपचारिक समीक्षा कर पुनः चुनावी मैदान में उतरना उनकी सबसे बड़ी भूल साबित हो रही है। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी की सफलता का प्रमुख आधार उसका सतत आत्ममंथन और संगठनात्मक अनुशासन है। भाजपा की कार्यप्रणाली शुरू से ही ऐसी रही है कि वह छोटे से छोटे चुनावी पराजय का भी गहन विश्लेषण कर भविष्य की रणनीति तैयार करती है। इस दल में व्यक्ति से अधिक संगठन को महत्व दिया जाता है, जिसके कारण एक सामान्य कार्यकर्ता भी उच्च पदों तक पहुंचकर अपनी पहचान बना सकता है।

यह भी स्पष्ट है कि जाति, धर्म, धनबल या बाहुबल के सहारे मतदाता को सीमित समय तक ही प्रभावित किया जा सकता है। यदि किसी राजनीतिक दल को दीर्घकाल तक जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता बनाए रखनी है, तो उसे विकास और सुरक्षा की ठोस गारंटी बनना होगा। आज का मतदाता जागरूक है और वह राजनीतिक दलों की नीतियों तथा उनके व्यवहार का गहराई से आकलन करता है। वर्तमान समय में नफरत और अहंकार की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। राष्ट्र का विकास और सुरक्षा ही अब राजनीति का केंद्र बिंदु बन चुके हैं। जो भी दल इन मूल मुद्दों से भटकता है, उसे जनता अपने मत के माध्यम से नकार देती है। वैश्विक अस्थिरता और राष्ट्रीय चुनौतियों के इस दौर में विपक्ष से यह अपेक्षा की जाती है कि वह राष्ट्रहित के मुद्दों पर सरकार के साथ खड़ा रहे। किंतु जब विपक्ष संकीर्ण राजनीति करता है, तो जागरूक मतदाता उसे भली-भांति पहचान लेता है।

लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान परिदृश्य में विपक्ष निरंतर कमजोर होता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण सकारात्मक राजनीति के स्थान पर नकारात्मकता और व्यक्तिवाद को प्राथमिकता देना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्षी दल भाजपा के बढ़ते जनादेश से ईर्ष्या करने के बजाय उससे सीख लें। उन्हें जनता के बीच जाकर यह विश्वास दिलाना होगा कि वे भी विकास और जनहित के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, राष्ट्रहित के मुद्दों पर एकजुट होकर सरकार के कार्यों पर रचनात्मक निगरानी रखना भी उनकी जिम्मेदारी है।

## जरा मुस्कुरा दो मां

जरा मुस्कुरा दो माँ
तेरा आँचल मेरे चेहरे पर डाल
जब आँचल खींच बोलती ता
खिलखिलाहट से गूंज उठता घर
गोदी में झूला सा अहसास
मीठी लोरी माथे पर थपकी
अपलक निहारने नींद को बुलाने
आ जाने पर नरम स्पर्श से
माथे को चूमना
आँगन में तुलसी सी मां
मेरी तोतली जुबान पर मुस्कुराती माँ
क्योकि मैने तुतलाती जुबान से
पहला शब्द बोल माँ
जैसे बछड़ा बिना सीखाये
रम्भाता माँ
दुआओं का अनुराग लिए
रिश्ते -नातों का पाठ सिखाती माँ
खाना खा ले की पुकार लगाना
जैसे माँ का रोज का कार्य हो
वर्तमान भले बदला
माँ की जिम्मेदारी नहीं बदली
अब भी मेरी लिए सदा खुश रहने की
मांगती रहती है ऊपर वाले से दुआ
कहती रात हो गई
अभी तक नहीं आया
ऐसे करती रहती
मेरी फिक्र रोज माँ
ऐसी पावन होती है माँ
खुद चुपके से रो कर हमें हँसाने वाली माँ
पिता के डांटने पर मेरी पक्ष धर होती माँ
माँ कभी न रूठना तुम
सदैव मुस्कुराना माँ



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

**धर्म-आस्था**

# अनुर्मि सिद्धि क्या है? भूख-प्यास को नियंत्रित करने वाली इस योग शक्ति का रहस्य जानें

शास्त्रों में हनुमान जी को अष्ट सिद्धियों का दाता कहा गया है और इसके अलावा 64 सिद्धियों की भी बात की गयी है। आज भले ही इन सिद्धियों को चमत्कार की तरह देखा जाता है लेकिन सच्चाई ये है कि इन सिद्धियों की आवश्यकता उन साधकों को पड़ती है, जो भौतिक सीमाएं लांघकर लम्बी आराधना करना चाहते हैं। शास्त्रों में अष्ट-सिद्धियों के समूह में अनुर्मि-सिद्धि की व्याख्या मिलती है, जो एक पारंपरिक आध्यात्मिक सिद्धि है, जिसके अनुसार साधक को भूख-प्यास, शोक, बुढ़ापा और मृत्यु के भय से मुक्त रहने की क्षमता मिलती है। यह सिद्धि गहरे साधना, तप और आत्मसंयम का परिणाम मानी जाती है। यह सिद्धि दशार्ती है कि आत्मा शरीर से परे है, जिससे साधक को आत्मिक स्वतंत्रता का अनुभव होता है और वह मृत्यु और जीवन के भय से ऊपर उठ पाता है।



हिन्दू पौराणिक और तांत्रिक परंपराओं में अष्ट-सिद्धि, जैसे कि अणिमा, महिमा, लघिमा आदि का उल्लेख मिलता है और अनुर्मि-सिद्धि इन्हीं में गिनी जाती है। अनुर्मि-सिद्धि का मूल संदेश आत्मिक स्वतंत्रता है - शरीर-भावनाओं के बन्धन से ऊपर उठकर शांति और अविचलता प्राप्त करना। यह केवल शारीरिक बंधन से जुड़ा नहीं है, बल्कि दुःख-वियोग पर आंतरिक निर्भीकता भी दशार्ती है। अनुर्मि सिद्धि का अर्थ है - ऊर्मि यानि विकारों का अभाव।

यहाँ 'ऊर्मि' से तात्पर्य है शरीर और मन की वे तरंगें या इच्छाएँ, जो हमें लगातार प्रभावित करती हैं। योग और वेदांत ग्रंथों में बताया गया है कि मनुष्य का शरीर छह प्रकार की 'ऊर्मियों' से प्रभावित होता है - क्षुधा (भूख), तृष्णा (प्यास), शोक, मोह, जरा (बुढ़ापा) और मृत्यु। जब साधक इन सभी पर पूर्ण नियंत्रण पा लेता है, तब उसे अनुर्मि सिद्धि प्राप्त होती है।

### कैसे प्राप्त होती है यह सिद्धि?

पारंपरिक शास्त्र कहते हैं कि इस सिद्धि-प्राप्ति के लिए नियमित तप, गुरु-शरण और नैतिक जीवन अनिवार्य है। दीर्घकालिक ध्यान, ब्रह्मचर्य और संयम से मन-इन्द्रियों का नियंत्रण आता है, जो अनुर्मि-लक्षणों की दिशा में सहायक है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। इसके लिए साधक को कठोर तप और साधना करनी होती है, प्राणायाम और ध्यान में निपुण होना पड़ता है और इंद्रियों पर पूर्ण नियंत्रण विकसित करना होता है। योग साधना और ध्यान के उच्च स्तर पर पहुँचकर ही यह संभव माना जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी-5101-5750, डालर-3461-8000, मटर-1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन-2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,51,000 रवा- 1,51,800 चांदी-टंच- 2,50,000 पाट- 2,50,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## अभा पोरवाल युवा संगठन ने 24 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**महिदपुर रोड।** पोरवाल समाज के अ भा पोरवाल युवा संग ठन का 24 वां स्थापना दिवस पर 11 मई को पूरे उज्जैन जिले मे बड़ी धूम धाम से मनाया। नगर इकाई उज्जैन द्वारा अस्पताल जाकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल फ्रूट वितरित किये गये वहीं बड़नगर नगर इकाई द्वारा राहगीरों को ठंडी छाछ का वितरण किया उन्हेल नगर इकाई द्वारा गौ शाला जाकर पशुओं को गोग्रास तथा हरे चारे से सेवा की गई। नागदा नगर इकाई द्वारा अन्नक्षैत्र में जाकर दरिद्र नारायण बुजुर्गों को भोजन कराया गया, खाचरौद नगर इकाई द्वारा पशुओ को हरी सब्जी तरबूज हरी ककड़ी पालक खिलाया गया महिदपुर सिटी नगर इकाई द्वारा राजा टोडरमल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाकर समाज सेवा का संक ल्प लिया गया। महिदपुर रोड़ नगर इकाई द्वारा गौशाला जाकर हरा चारा गोवंश को खिलाया गया इन सभी सेवाओं की अ भा पोरवाल युवा संगठन जिला अध्यक्ष उज्जैन गौरव मांदलिया ने सराहना की तथा युवा संगठन के उद्देश्य पर सभी पदाधि कारी के साथ समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया जानकारी जिला मिडिया प्रभारी राहुल पोरवाल झार्डा ने दी

**बिना नंबर बाइक पर कट्टा लेकर घूम रहा था बदमाश**

## देवास के तीन मामलों का आरोपी जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार, बाइक जब्त



**देवास।** देवास जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बरोठा पुलिस ने सोमवार को एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। वह बिना नंबर की बाइक पर घूम रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक खोकरिया से बरोठा की ओर काले रंग की बिना नंबर की बाइक से जा रहा है और उसके पास अवैध हथियार है। इस सूचना पर बरोठा थाना पुलिस ने सुल्पाखेड़ा चौराहे पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शुभम बामनिया (25) निवासी बरखेड़ी, थाना बरोठा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने हथियार के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली, जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी शुभम बामनिया के खिलाफ बरोठा थाने में आयुध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सविता सिंह जाटव और उनकी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डिलीवरी के कुछ घंटे बाद महिला की संदिग्ध मौत, लापरवाही का आरोप लगाया




**सीहोर।** मुख्यालय के एक मां गायत्री हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला मयूरी राठौर की मौत के बाद सोमवार को परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही और गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने इन आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मयूरी के परिजनों ने मीडिया को बताया कि महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में एक इंजेक्शन लगाने के 5-7 मिनट बाद ही महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उनकी मौत हो गई। पति मनीष राठौर का यह भी कहना है कि जब उन्होंने डॉक्टर से स्थिति के बारे में जानना चाहा, तो उन्हें संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार, मृतका मयूरी एक एएनएम थीं, जिन्होंने कुछ घंटे पहले ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था। निजी अस्पताल की डॉक्टर सुजाता परमार ने आरोपों को खारिज करते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उन्होंने मरीज को देखा था और संभवतः चाय पीने के बाद सांस नली में अटकने के कारण यह घटना हुई होगी। डॉक्टर ने जोर देकर कहा कि इलाज प्रोटोकॉल के तहत ही किया गया था और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई। अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।


## प्राइवेट छात्र नहीं पढ़ पाएंगे प्रैक्टिकल वाले विषय

**सीहोर।** मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। अब प्रदेश के किसी भी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में उन विषयों की प्राइवेट (स्वाध्यायी) पढ़ाई पूरी तरह बंद कर दी गई है, जिनमें प्रैक्टिकल कार्य अनिवार्य होता है। विभाग का मानना है कि प्रैक्टिकल के बिना इन विषयों की पढ़ाई अधूरी है और इससे डिग्री की प्रामाणिकता पर सवाल उठते हैं। बता दें कि सीहोर जिले में 14 शासकीय कॉलेज और 40 से अधिक निजी कॉलेज हैं जहां पारंपरिक विषयों की पढ़ाई होती है। अब तक आर्ट-कॉमर्स के साथ साइंस के स्टूडेंट भी प्राइवेट फार्म भरकर पढ़ाई करते थे। लेकिन इस सत्र से प्रैक्टिकल वाले विषयों को प्राइवेट छात्रों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब छात्रों को फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायलॉजी और अन्य विज्ञान संकाय के विषयों की पढ़ाई करने के लिए अनिवार्य रूप से नियमित (रेगुलर) छात्र के रूप में कॉलेज में प्रवेश लेना होगा।

बिजली संकट का हुआ अंत

# ढाई महीने बाद शहरी फीडर से जुड़ीं पाडल्या रोड की तीन कॉलोनियां उपभोक्ताओं को मिली राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



सारंगपुर शहर के पाडल्या रोड स्थित तीन प्रमुख कॉलोनियो जिनमें पुष्पद कॉलोनी, बजरंग कॉलोनी और बादशाह कॉलोनी के निवासियों के लिए रविवार को राहत भरी खबर आई, जिसमें पिछले ढाई महीनों से जारी बिजली की समस्या का स्थायी निराकरण विद्युत कंपनी के द्वारा कर करते हुए इन कॉलोनियों का विद्युत कनेक्शन पुनः शहरी फीडर से जोड़ दिया गया है।

यह थी कालोनीवासियों की समस्या, आंदोलन की दी थी चेतावनी

दरअसल लगभग ढाई महीने पहले अंडरग्राउंड केबल खराब हो जाने के कारण विद्युत कंपनी ने व्यवस्था सुधारने के बजाय इन तीन कॉलोनियों को शहरी फीडर से हटाकर ग्रामीण फीडर से जोड़ दिया था। इस बदलाव के कारण क्षेत्र में बिजली की भारी कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या पैदा हो गई थी। इसका सबसे बुरा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ रहा था। शहर के प्याऊ को जल आपूर्ति करने वाले खेड़ापति हनुमान मंदिर के ट्यूबवेल और कुएं का कनेक्शन भी इसी क्षेत्र में आता है, जिससे भीषण गर्मी में जल संकट गहराने लगा था। इस समस्या को लेकर खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ के संयोजक निजाम कुरैशी के नेतृत्व में रहवासी पिछले दो महीनों से अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे। सुनवाई न होने पर आक्रोशित रहवासियों ने 4 मई को चक्काजाम और बिजली बोर्ड के घेराव की चेतावनी दी थी। उस समय कंपनी के जूनियर इंजीनियर उमेश मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर तीन-चार दिन के भीतर समस्या हल करने का लिखित आश्वासन दिया था। इसी वादे को निभाते हुए रविवार को कंपनी ने केबल सुधार कार्य पूरा कर शहरी फीडर से विद्युत आपूर्ति बहाल की। समाधान होने पर क्षेत्र के रहवासियों ने इस सुधार कार्य के लिए विद्युत विभाग और संघर्ष करने वाली समिति का आभार व्यक्त किया है। अब क्षेत्र में 24 घंटे शहरी मानक के अनुरूप बिजली मिल सकेगी। रविवार को जब बिजली आपूर्ति शहरी फीडर से पुनः शुरू की गई, तो मौके पर उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान मंच संयोजक कुरैशी ने कहा कि यह जनता की एकजुटता की जीत है। ढाई महीने से लोग परेशान थे, लेकिन अब सुचारू बिजली मिलने से पेयजल की समस्या भी दूर हो जाएगी। नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने कहा कि आज श्री खेडापति हनुमान मंदिर, पुष्पद कॉलोनी, बजरंग कॉलोनी एवं बादशाह कॉलोनी की डीपी को ग्रामीण क्षेत्र के फीडर से हटाकर शहरी क्षेत्र के फीडर से सफलतापूर्वक जोडा गया। इस महत्वपूर्ण कार्य से अब क्षेत्र के सभी रहवासियों को बिजली की समस्या से बडी राहत मिलेगी और नियमित एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। क्षेत्रवासियों की सुविधा और विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा भी मौजूद रहे। वही खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ संयोजक निजाम कुरैशी, सदर बादशाह कॉलोनी कमेटी गनी बाबा मंसूरी, जगदीश मीणा, पटेल दिनेश पुष्पद, इकबाल मंसूरी, अमान बंटी भाई, अलरजा कुरैशी, विजय सिंह उमठ, पप्पू भाई, सतीश मालवीय एडवोकेट, बाबू भैया चौहान, रोहित पुष्पद और मोहित पुष्पद आदि उपस्थित थे।

## पति ने पत्नी को फंदे से लटका की हत्या मायके वालों को हार्ट अटैक बताया

**बदनावर।** बदनावर के ग्राम कारोदा में एक पति ने अपनी पत्नी की फाँसी लगाकर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। 25 वर्षीय रानी, पत्नी कान्हा उर्फ कृष्णा मुनिया, को परिजन बदनावर के सिविल अस्पताल में मृत अवस्था में लाए थे। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।



**ससुर को बताई दो बातें**

पुलिस ने बाद में शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मंगवाई और मृतिका के पिता व अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए। मृतक के पिता ने बताया कि शनिवार सुबह आरोपी पति ने उन्हें फोन पर पहले रानी द्वारा दवाई पीने और फिर हार्ट अटैक आने की जानकारी दी थी। जब रानी के पिता और अन्य लोग बदनावर अस्पताल पहुंचे, तो उन्होंने मृतिका के गले में फाँसी के निशान देखे। शरीर पर अन्य जगह भी चोट और रगड़ के निशान पाए गए। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी गले में फाँसी लगाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई।

**आरोपी गिरफ्तार**

पीएम रिपोर्ट और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने इसे हत्या का अपराध मानते हुए मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी पति कृष्णा पिता राधेश्याम भील को गिरफ्तार कर लिया है। जाँच में यह भी सामने आया है कि शादी के बाद से ही आरोपी पति कृष्णा शराब पीकर आए दिन अपनी पत्नी रानी के साथ मारपीट करता था।

बदनावर में शिव-महापुराण कथा में झूमे श्रद्धालु

## शिव कथा भवसागर से पार कराती- महाराजजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर के अनु नगर कॉलोनी में नवनिर्मित केदारेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं 101 कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक महोत्सव में प्रतिदिन यजमानों की ओर सो आहुतियां दी जा रही हैं।

यह महायज्ञ 15 मई तक चलेगा, जिसके अंतिम दिन शिव परिवार और हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। नौ दिवसीय इस महोत्सव के अवसर पर कॉलोनी में शिव महापुराण कथा का भी आयोजन हो रहा है।

महाराज बोले-कथा भवसागर से पार कराती है

कथा के चौथे दिन रविवार रात को कथावाचक पंडित भरतशरण महाराज ने शिव कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भवसागर से पार जाने के लिए शिवमहापुराण कथा नौका के समान है। जो शिवरूपी नौका पर बैठते हैं, वे भवसागर से पार हो जाते हैं।

महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि जब मनुष्य को स्वयं के दोष दिखने लगें, तब समझना चाहिए कि उसकी प्रगति के मार्ग खुल गए हैं। उन्होंने जोर दिया कि शिव महापुराण कथा में भीड़ बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि शिव को पाने के लिए आना चाहिए। भक्ति भाव और श्रद्धा को जितना बढ़ाओगे, उतनी ही फल प्राप्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि शिव महापुराण कथा जीव के पूर्व जन्मों के समस्त पापों को दूर करके शिव कृपा का मार्ग प्रशस्त करती है। भगवान शिव की कथा से शरीर, वाणी और मन द्वारा किए गए पाप धुल जाते हैं। कथा के बीच-बीच में संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते हुए भी नजर आए। कथा प्रतिदिन शाम 6 बजे से शुरू होती है।

## महासंयोग: 20 साल में चौथी बार शनिवार को मनेगी शनि जयंती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



इस वर्ष शनि जयंती और वट सावित्री व्रत का एक दुर्लभ और शुभ महासंयोग बनने जा रहा है। ज्योतिष गणना के अनुसार पिछले 20 वर्षों में यह केवल चौथा अवसर है जब न्याय के देवता भगवान शनिदेव की जयंती उनके प्रिय दिन शनिवार को मनाई जाएगी। पंडित पवन पारीक के अनुसार 16 मई को होने वाले इस आयोजन को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सूर्यपुत्र शनिदेव की जयंती पर इस बार शोभन और सौभाग्य योग की उपस्थिति इसे और भी फलदायी बना रही है। इसी दिन वट अमावस्या होने के कारण सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करेंगी।

**मंदिरों में विशेष आयोजन**

कपिलश्वर तीर्थ स्थल स्थित शनि मंदिर सहित अन्य मंदिरों में आयोजन की तैयारियां जोरो पर है और मंदिरों की सज्जा की जा रही है। पंडित पारीक के अनुसार जिन जातकों की कुंडली में शनि की ढैय्या, साढेसाती या महादशा चल रही है, उनके लिए यह दिन विशेष पूजा-अर्चना का है। इस दिन शनि देव को नीले फूल, काले तिल और तेल अर्पित करना तथा छाता, वस्त्र व भोजन का दान करना कष्टों के निवारण में सहायक माना गया है। पंडित पारीक ने बताया कि पिछले दो दशकों में शनिवार के दिन शनि जयंती के दुर्लभ संयोग इन तिथियों पर बने हैं जिनमें 27 मई 2006, 8 जून 2013, 4 जून 2016 तथा इस बार 16 मई 2026 रहेगा। पारीक ने बताया कि इस बार शनि अमावस्या तिथि को जयंती सुबह 5:11 बजे शुरू होकर अगले दिन 17 मई दोपहर 1:30 बजे तक रहेगी।

## फायरिंग कांड में परिजनों ने निर्दोषों को फंसाने का आरोप लगाया

**सुसनेर।** सुसनेर थाना क्षेत्र के मगीशपुर गांव में 5 मई को माँ-बेटे पर हुई फायरिंग की घटना ने अब नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में पुलिस द्वारा नामजद किए गए आरोपियों के परिजनों ने सोमवार दोपहर सुसनेर थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस को ज्ञापन सौंपकर निर्दोषों को फंसाने का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने फायरिंग मामले में कुल चार लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें ईश्वर सिंह और हेमराज भी शामिल हैं। इन दोनों के परिजनों का आरोप है कि उन्हें फर्जी तरीके से मामले में फंसाया गया है, जबकि उनका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। आरोपी ईश्वरसिंह के भाई मांगूसिंह ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की अपील की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक या किसी अन्य दबाव में आकर बेगुनाह लोगों को आरोपी न बनाया जाए। मांगूसिंह ने वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने और निर्दोषों को न्याय दिलाने की मांग की। थाने पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन करेंगे।

## अकोदिया में 15 किसानों की मोटर-केबल चोरी

**50 हजार का नुकसान, ग्रामीणों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया




अकोदिया के अजनाई गांव में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने 10 से 15 किसानों के खेतों से ट्यूबवेल मोटर और सौर ऊर्जा केबल चुरा ली। इस चोरी से किसानों को लगभग 50 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है, जिससे उनका कृषि कार्य भी प्रभावित हुआ है।

**ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

ग्रामवासियों ने रविवार को अकोदिया थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि 9 मई की रात चोरों ने ट्यूबवेल की मोटर और सोलर पैनल से जुड़ी 40 से 50 फीट लंबी केबल काटकर चुरा ली थी।

एक साथ इतनी चोरियों से गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही इन घटनाओं से किसान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सिंचाई के लिए लगाई गई मोटर और सोलर सिस्टम की चोरी से खरीफ सीजन की तैयारियों पर भी असर पड़ा है। कई किसानों ने ये उपकरण कर्ज लेकर लगाए थे।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस**

कमल सिंह, एमल सिंह, केदार सिंह, विनोद चंद्र सिंह, राकेश, हेम सिंह, जसपाल, सुभाष सिंह, बने सिंह और राकेश सहित कई ग्रामवासियों ने थाना प्रभारी से मामले की गहन जांच करने, अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की है।

थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने ग्रामीणों का आवेदन स्वीकार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जाएगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी साहिल पठान को पकड़ा

**बड़ौद।** नगर में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शाहील पठान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र निवासी एक नाबालिग के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार किया था। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद रविवार रात बड़ौद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। मामला दर्ज होते ही पुलिस की टीम ने आरोपी की तलाश के लिए दबिश दी। थाना प्रभारी रूप सिंह बेस ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने आरोपी शाहील पिता भय्यू पठान को उसके निवास स्थान के पास से हिरासत में ले लिया। आरोपी नगर में ही प्रजापत धर्मशाला के पास का रहने वाला है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ईश्वर शर्मा पिता श्री मांगीलाल शर्मा जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम ढाबलाधूता, तहसील घटिया, जिला उज्जैन से उनके एकल स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 130/3 रकबा 0.580 हेक्टेयर भूमि, स्थित ग्राम ढाबलाधूता, पटवारी हल्का नंबर 00077, तहसील घटिया, जिला उज्जैन में स्थित हैं एवं राजेश शर्मा पिता श्री मांगीलाल शर्मा जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम ढाबलाधूता, तहसील घटिया, जिला उज्जैन से उनके एकल स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 130/2 रकबा 0.570 हेक्टेयर भूमि, स्थित ग्राम ढाबलाधूता, पटवारी हल्का नंबर 00077, तहसील घटिया, जिला उज्जैन में स्थित हैं, उक्त वर्णित संपूर्ण कृषि भूमि कुल रकबा 1.150 हेक्टेयर अर्थात 5 बीघा 15 बीसवा भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

सो सूचित हो । दिनांकः-11.05.2026

**दिलीप चौहान, एडवोकेट**
**सीएफ-6, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-99266-42552**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार विकास कुमावत पिता श्री अनिल कुमावत उम्र 34 वर्ष व्यवसाय अध्ययन निवासी 64, श्री कृष्ण कॉलोनी, उज्जैन ने भूमि स्वामी हरीश कटारिया पिता श्री प्रदीप कटारिया उम्र 36 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी 11/1 कुम्हार गली द्रविड मार्ग, गली नंबर 1, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 678/1/2 रकबा 0.70 हेक्टर में से 0.60 हेक्टर पूर्व तरफ की लगानी बरूए रेट की ग्राम सिपावरा तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांकः 11-05-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मोबा. 99812-60727**

In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री सृष्टि पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000213/2026)
**लक्ष्मण सिंह पंवार----------वादी**
**Vs**
**सर्व साधारण---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 07/07/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थीगण क्र. 1 लक्ष्मन सिंह पंवार पिता रतनसिंह पंवार, आयु-80 वर्ष, व्यवसाय-कुछ नहीं, निवासी-विश्वास नगर भटखेडी इंदौर, क्रं.2 ज्योति सिंह पति संजय सिंह, आयु-47 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-उमिया पाटीदार विद्यालय के पास, 1044/1 कोदरिया इंदौर ने आपके विरूद्ध वाद घोषणात्मक सहायता विधिक मृत्यु घोषित किये जाने बाबत वादीगण क्र.1 एवं क्र.2 आपस में पिता एवं पुत्री है वादी क्रं. 1 की पत्नि एवं वादी के 2 की माता राजकुमारी बाई पिता पर्वतसिंह पत्नि श्री लक्ष्मनसिंह पंवार की दो पुत्रिया एवं एक पुत्र रहे है तथा एक पुत्री इंदूबाला का स्वर्गवास दो वर्ष पूर्व हो चुका है तथा एक पुत्र निर्मल सिंह पंवार है। श्रीमती राजकुमारी बाई वर्ष 1990 में बिना बताये घर छोडकर चली गई थी तत्समय इस संबंध में सूचना/रिपोट भी पुलिस थाना चिमनगंज उज्जैन में दर्ज कराई गई थी परन्तु आज दिनांक तक वादीगण को श्रीमती राजकुमारी बाई के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 30 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सृष्टि पटेल)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 पर देर रात एक अज्ञात ट्रक ने गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें भरा करीब 40 क्विंटल गेहूं सड़क पर बिखर गया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 1 बजे ग्राम टुकराना निवासी ट्रैक्टर चालक मदनलाल पिता सिद्धूनाथ अपने गांव से गेहूं लेकर सुनेरा स्थित उपार्जन केंद्र जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे चालक मदनलाल को चोटें आईं। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

## अलग-अलग घटनाओं में यूपी के दो यात्री घायल

**शाजापुर।** हापा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो यात्री घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पहली घटना सोमवार सुबह शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर हुई। यहां ट्रेन के गेट पर बैठे एक यात्री का पैर प्लेटफॉर्म से टकरा गया, जिससे उसे दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। दूसरी घटना आक्या चौहान रेलवे स्टेशन पर हुई। यहां ट्रेन रुकने पर पानी भरने के लिए नीचे उतरे एक यात्री का पैर अचानक फिसल गया, जिससे वह घायल हो गया। घायलों की पहचान बलिया (उत्तर प्रदेश) निवासी मुक्तिनाथ यादव और गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी सुमित कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों यात्री मजदूरी और निजी कंपनी में काम करने के सिलसिले में अहमदाबाद जा रहे थे। फिलहाल, दोनों यात्रियों का शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## अज्ञात कारणों के चलते उठाया खौफनाक कदम

**शाजापुर।** शहर में एक युवक द्वारा खौफनाक कदम उठाने का दर्दनाक मामला सामने आया है। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। हालांकि, मौत को गले लगाने से ठीक पहले उसने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपना दर्द भी बयां किया था। जानकारी के अनुसार, भाजपा कार्यालय के पास रहने वाले दीपक जाटव ने रविवार रात करीब 9 बजे जहरीली दवा पी ली। हालत गंभीर होने पर उसे शाजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजन श्याम ने बताया कि दीपक हाल ही में ससुराल में एक शादी समारोह से लौटा था, जिसके बाद उसने अचानक यह कदम उठा लिया। युवक ने जहर क्यों खाया, इसका स्पष्ट कारण फिलहाल अज्ञात है। इस आत्मघाती कदम से पहले दीपक ने इंस्टाग्राम पर तीन भावुक स्टोरी शेयर की थीं। इनमें से एक पोस्ट में उसने लिखा था- रो दोगे एक दिन ये सोचकर के था कोई जिद्दी सा चाहने वाला, पता नहीं कहां चला गया। अन्य दो स्टोरी में भी इसी तरह के संदेश थे। सोमवार को शव शाजापुर लाया गया, जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले में पुलिस कारणों की जांच कर रही है।

## नाराज किसानों ने रोड पर किया चक्का जाम

**गुना।** जिले की बमौरी तहसील अंतर्गत बाघेरी खाद गोदाम केंद्र पर खाद न मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार सड़क पर चक्का जाम कर दिया। जिसकी सूचना किसानों ने बमौरी विधायक ऋषि भैया को दी गई की बघेरी खाद गोदाम पर किसानों को खाद नहीं मिल रहा है, किसानों ने रोड पर जाम लगा दिया है। इस पर विधायक ऋषि अग्रवाल के द्वारा तुरंत अधिकारियों से बात की जिस पर अधिकारियों ने कहाँ की खाद से अधिक ई टोकन बुक हो गए थे, इसलिए यह समस्या आई है। कल इन सभी किसानों को खाद दिया जायेगा। विधायक के द्वारा अधिकारियों से कहा यदि कल से कोई समस्या आती है तो में खुद किसानों के साथ रोड पर बैठ जाऊंगा, विधायक के आश्वासन पर किसानों ने बमुश्किल जाम खोला।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** जिले के शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर मिलने वाले चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ अब तक नहीं मिल सका है। इस प्रशासनिक लेटलतीफी से आक्रोशित प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाजापुर ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर क्रमोन्नति की कार्रवाई शुरू नहीं की गई, तो जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन ने 1 जुलाई 2023 से उन सभी शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति देने का आदेश जारी किया था, जिनका 35 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो चुका है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसके आदेश जारी हो गए हैं और प्रक्रिया निरंतर चल रही है। इसके विपरीत, शाजापुर जिले में अब तक आदेश जारी नहीं होने से शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। ऐसे में पात्रता के बावजूद लाभ न मिलने पर एसोसिएशन के पदाधिकारी 11 मई 2026 को दोपहर 1 बजे डीईओ कार्यालय पहुंचे।

# अशोक जाट के जिलाबदर के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

## एएसपी के पीछे पैर पड़ने के लिए घूमते रहे विधायक महेश परमार, वीडियो वायरल

**दैनिक अवन्तिका » उज्जैन**

किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट को जिलाबदर किए जाने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस, किसान संगठनों और जाट समाज ने उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें किसान जयराम जाट घायल हो गए। वहीं तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक महेश परमार और पुलिस अधिकारियों के बीच हुई बहस का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में विधायक महेश परमार एडिशनल एसपी आलोक शर्मा के पीछे-पीछे घूमते हुए उनके पैर पड़ने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वे सड़क पर दंडवत प्रणाम करने लगे, जबकि एएसपी वहां से हटते नजर आए।

जिलाबदर कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे अशोक जाट- इधर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट ने जिला बदर की कार्रवाई को इंदौर हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कार्रवाई के खिलाफ याचिका दायर की है। मामले में अब 13 मई को सुनवाई होगी। महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि वे किसानों की लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उज्जैन आते समय पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं।

**गुंडे खुलेआम घूम रहे, किसान नेता पर कार्रवाई — महेश परमार**

कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक जाट किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा सक्रिय रहते हैं। ऐसे नेता को जिलाबदर कर दिया गया, जबकि शहर में गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को कलेक्टर परिसर तक नहीं पहुंचने दिया।

**बैरिकेड पर चस्पा किया ज्ञापन-** जाट समाज के युवा नेता राधे जाट ने बताया कि कांग्रेस, किसान संगठन और जाट समाज के लोग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन कलेक्टर मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पर ही ज्ञापन चस्पा कर विरोध दर्ज कराया।

राधे जाट ने प्रशासन को 21 मई तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि अशोक जाट पर की गई कार्रवाई वापस नहीं ली गई और मांगें नहीं मानी गईं, तो 21 मई को प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अगला प्रदर्शन भोपाल में होगा। ट्रैक्टरों के साथ उज्जैन पहुंच रहे थे कार्यकर्ता



कांग्रेस विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और किसान कार्यकर्ता ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने उज्जैन पहुंच रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें बड़नगर रोड स्थित ब्रिज के नीचे रोक दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आंदोलन में शामिल होने आ रहे करीब 2000 किसानों को मोहनपुरा और मुल्लापुरा ब्रिज के नीचे रोका गया, जबकि 1500 किसानों को कानीपुरा और आगर रोड सहित अन्य सीमाओं पर रोक दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कांग्रेस के डीजे वाहन को भी धमकाकर वहां से हटाया। जब किसानों और नेताओं ने बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, तब पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठियां भांजीं। दोपहर 12 बजे शुरू हुआ आंदोलन करीब पांच घंटे तक चला। हजारों किसान और कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कोठी स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और घेराव किया। प्रदर्शनकारी करीब साढ़े तीन घंटे तक तेज धूप में धरने पर बैठे रहे, लेकिन प्रशासन का कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। इसके बाद आक्रोशित किसानों ने कलेक्टर कार्यालय के गेट पर ही ज्ञापन चस्पा कर दिया। इस दौरान पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि मंडियों के बाहर व्यापारी किसानों की फसल तौलते समय एक क्विंटल पर 8 से 10 किलो अतिरिक्त अनाज ले रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर किसान नेता अशोक जाट ने विरोध किया और कार्रवाई की मांग उठाई, लेकिन व्यापारियों पर कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन ने अशोक जाट पर ही सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज कर उन्हें जिलाबदर कर दिया।

# गोवंश को बचाने में घायल हुए गौरक्षक

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

इंसानियत और सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश करते हुए शाजापुर की गौरक्षा सेना ने एक बेजुबान की जान बचा ली। शहर के इंद्रानगर कॉलोनी में एक गोवंश लगभग 40 फीट गहरी सूखी कुंडी में जा गिरा था। सूचना मिलते ही गौरक्षकों ने तत्परता दिखाई और अपनी जान जोखिम में डालकर एक जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस दौरान गोवंश को बचाते हुए एक सदस्य घायल भी हुआ, लेकिन टीम के हौसले पस्त नहीं हुए। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की है। इंद्रानगर कॉलोनी के मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में बनी गहरी कुंडी में गोवंश के गिरने की खबर मिलते ही गौरक्षा सेना की टीम मौके पर पहुंची। कुंडी लगभग 30 से 40 फीट गहरी और पूरी तरह सूखी थी, जिससे गोवंश को सुरक्षित बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती था। हालात की गंभीरता को देखते हुए रेस्क्यू



विशेषज्ञ अशोक खींची ने मोर्चा संभाला। वे बिना समय गंवाए रस्सी के सहारे उस गहरी कुंडी में उतरे और गोवंश को सुरक्षित रूप से रस्सियों से बांधा। इसके बाद ऊपर मौजूद टीम और स्थानीय नागरिकों ने उसे धीरे-धीरे ऊपर खींचना शुरू किया।

**गोवंश को बचाने में छिले हाथ-** रेस्क्यू के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण पल तब आया जब गोवंश कुंडी की मुंडेर तक पहुंचा। बाहर आते ही गोवंश घबराकर बुरी तरह छटपटाने लगा, जिससे उसके वापस उसी गहरे गड्ढे में गिरने का खतरा पैदा हो गया। इस नाजुक वक्त में टीम के सदस्य हर्षित परमार ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपनी परवाह न करते हुए गोवंश को मजबूती से पकड़ लिया। इस जद्दोजहद में गोवंश के छटपटाने से हर्षित के पैर में चोट आई और रस्सियों की रगड़ से उनके हाथ बुरी तरह छिल गए। इसके बावजूद उन्होंने अपनी पकड़ नहीं छोड़ी और अंततः गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## अधिवक्ता परिषद चुनाव 12 मई को

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्यों का दिनांक 12 मई 2026 को चुनाव होना है, जिस हेतु जिला मुख्यालय गुना, सिविल न्यायालय आरोन, राघौगढ एवं चांचौड़ा में मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं विशेष न्यायाधीश गुना आर.के. जैन ने बताया है कि जिला मुख्यालय गुना में अधिवक्ता संघ गुना के भवन के प्रथम तल को मतदान केन्द्र अधिसूचित किया गया है, जिसमें 12 मतदान प्रकोष्ठ निर्मित किए गए हैं। मतदान का समय प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक है। मतदान हेतु मतदान प्रक्रिया की अवधि में प्रत्येक मतदाता को प्रभारी मतदान अधिकारी के निर्देश पर राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा या जिला अथवा तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा जारी परिचय पत्र दिखाना आवश्यक होगा।

## चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में यात्री गंभीर रूप से घायल

**शाजापुर।** पश्चिम मध्य रेल के शाजापुर स्टेशन पर ऑपरेशन सेवा के तहत आरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए एक गंभीर रूप से घायल यात्री को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। घटना 11 मई 2026 सोमवार की है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ट्रेन संख्या 09526 के पहुंचने पर गश्त कर रहे एएसआई प्रकाश बिल्लौरे और आरक्षक मुकेश कुमार मीणा को एक यात्री ने मदद के लिए बुलाया। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो 23 वर्षीय सुमित कुमार निवासी गजपतपुर, गाजीपुर, उ.प्र. के पैर के पंजे में गहरी चोट थी और काफी खून बह रहा था। घायल के सहयात्री बबलू और गोविंद ने बताया कि वे सभी गाजीपुर से राजकोट जा रहे थे। सहारनपुर स्टेशन पर सुमित पानी लेने उतरा था, तभी ट्रेन चल दी। चलती ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से वह गिर गया। साथियों ने फुर्ती दिखाते हुए उसे अंदर खींचा और शर्ट व रुमाल से बांधकर खून रोकने की कोशिश की। शाजापुर स्टेशन पर आरपीएफ ने चोट की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मोर्चा संभाला और घायल युवक को प्राथमिक सहायता देते हुए इलाज के लिए शासकीय चिकित्सालय शाजापुर में भर्ती कराया।

## मासूम की लज्जा भंग करने वाले आरोपी को 5 साल की जेल

**शाजापुर।** एक मासूम बच्ची को अमरूद (जामफल) खिलाने के बहाने ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने वाले युवक को न्यायालय ने 5 साल की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जुर्माने से भी दंडित किया है। इसके साथ ही, कोर्ट ने पीड़ित बच्ची के पुनर्वास के लिए मुआवजे (प्रतिकर) की अनुशंसा भी की है। जिला मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना 9 दिसंबर 2025 की है। जानकारी के अनुसार, जब बच्ची की मां मजदूरी करके घर लौटी, तो उसे जेठानी ने बताया कि गांव का ही युवक राहुल बच्ची को अमरूद खिलाने का बोलकर अपने साथ ले गया है। कुछ देर बाद जब मां छत पर सूखे कपड़े लेने गई, तो उसकी नजर घर के पीछे बाड़े पर पड़ी। वहां आरोपी राहुल मासूम को गोद में बिठाकर उसके साथ गंदी हरकतें कर रहा था। जब चीख-पुकार मचाई, तो घबराया आरोपी बच्ची को वहीं छोड़कर अपने घर भाग निकला। रोती-बिलखती और खौफजदा बच्ची जब घर आई, तो उसके गले पर खरोंच के गहरे निशान थे। डरी-सहमी बच्ची ने परिजनों को आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब मासूम ने चिल्लाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके गाल पर चांटा मारा और गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। इस खौफनाक घटना के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तेजी से विवेचना पूरी कर चालान न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रदीप भटेले ने शासन की ओर से पैरवी की। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों और दलीलों को पुख्ता माना। कोर्ट ने आरोपी राहुल एरवाल 20 वर्ष, निवासी ग्राम बायहेड़ा, थाना कोतवाल को दोषी मानते हुए 5 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

## डिग्री नहीं, आत्मनिर्भर भविष्य की नींव है उच्च शिक्षा, पीएम

**शाजापुर।** 12 वीं कक्षा पास कर चुके विद्यार्थियों को कॉलेज में एडमिशन और करियर चुनाव के लिए भटकना नहीं पड़े, इसको लेकर उच्च शिक्षा के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय) में कॉलेज चलो अभियान के तहत सोमवार को प्रवेश मेला व जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने विद्यार्थियों को ई-प्रवेश प्रक्रिया, स्कॉलरशिप और रोजगारोन्मुखी कोर्सेज की बारीकियां समझाईं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा को सिर्फ एक डिग्री पाने का जरिया न मानें, बल्कि यह आपके सफल और आत्मनिर्भर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने युवाओं को नियमित पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट और डिजिटल शिक्षा की अहमियत भी बताई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस.के. तिवारी ने की। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को आसान बनाने और छात्रों की शंकाओं के समाधान के लिए कॉलेज कैंपस में ही प्रवेश सहायता केंद्र, तकनीकी सहायता और विषय चुनने के लिए काउंसलिंग सेंटर बनाए गए हैं। युवाओं के लिए एक सेल्फी स्टैंड भी लगाया गया है। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग ने टोल-फ्री नंबर 18008908399 और हेल्पलाइन 8000063632 भी जारी किए हैं, जिन पर घर बैठे मदद ली जा सकती है। शिविर में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साह से हिस्सा लिया और अपने सवालों के जवाब जाने। डॉ. बोड़ाने ने जिले के 12वीं पास विद्यार्थियों से अपील की है कि वे एक्सीलेंस कॉलेज में उपलब्ध सभी आधुनिक सुविधाओं और पाठ्यक्रमों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते हुए अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

## विद्यार्थियों को दी जानकारी

**शुजालपुर।** जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत सीएम राइज एवं शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया गया। अभियान का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देना रहा। प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक छात्र को कॉलेज तक पहुंचाना है, ताकि वे उच्च शिक्षा के माध्यम से नए आयाम स्थापित कर सकें तथा प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में ही अपना स्थान सुनिश्चित कर सकें। वहीं डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने विद्यार्थियों को विभिन्न सॉफ्टवेयर गतिविधियों एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि शुजालपुर एवं आसपास के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में यह अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सहायक प्राध्यापक मोना जाटव, अंकिता वर्मा एवं जयेश मालवीय उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा 1 सत्यनारायण पाटोदिया पिता श्री हरसहाय पाटोदिया 2- गोपाल पाटोदिया पिता श्री रामसहाय पाटोदिया, निवासीगण 5, मानसरोवर , घी मंडी, दौलतगंज, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन म्यु. क्रमांक 05, जो कि घी मंडी, दौलतगंज, उज्जैन में स्थित हैं। भूखण्ड/भवन का कुल क्षेत्रफल 1600 वर्गफीट हैं, जिसके पूर्व दिशा में भवन नितिन शाह का, पश्चिम दिशा में भवन देनिक अग्निपथ, उत्तर दिशा में सड़क एवं दक्षिण दिशा में शिकारी गली हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सूचित हो। ईति दिनांक 11-05-2026

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी इंदर सिंह पिता श्री अमर सिंह निवासी ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-606/1/2 रकबा 1.10 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोडर, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 11.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आरजी सर्वे नं. 199/1/2/2 (एस) रकबा 0.20 हेक्टेयर, सर्वे नं. 199/1/11 (एस) रकबा 0.41 हेक्टेयर, सर्वे नं. 199/1/3 (एस) रकबा 0.40 हेक्टेयर, कुलकीता 3 कुल रकबा 1.01 हेक्टेयर ग्राम राठौरखेड़ी प.ह. चिरोला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को मेरे पक्षकार दिलीपसिंह पिता प्रेमसिंह निवासी ग्राम सोलसिंदा (धरमपुरी) तहसील सांवेर जिला इन्दौर ने भूमि स्वामी लीलाबाई पति जीवनसिंह निवासी एवं कृषक ग्राम राठौरखेड़ी प.ह. चिरोला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से क्रय करने का सौदा कर आशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त वर्णित कृषि भूमि में के संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, क्लेम हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति एवं दावा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय वैधानिक असल लेखी दस्तावेज लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा बाद अवधि मियाद बीत जाने पर उक्त उल्लेखित सर्वे नम्बर की कृषि भूमि का विक्रय पंजीयन पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय, विक्रय, दान, हस्तांतरण, हिबा, नामांतरण संबंधी कार्य करने का व्यवहार नहीं करे। सूचित हो।

इति दिनांक -12.05.2025

**सुनील कुमार सिंह, एडवोकेट**
**कार्यालय - नवीन न्यायालय परिसर जिला कोर्ट, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 8839926136**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि विक्रेता वजेसिंह पिता इंदरसिंह जी गुर्जर निवासी पद्माखेडी तह. घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर सर्वे क्रमांक 137/1/1/1 रकबा 0.13 हे., सर्वे क्रमांक 137/1/1/2 रकबा 0.20 हे., सर्वे क्रमांक 137/1/2 रकबा 0.20 हे., भूमि मेसे 0.53 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.53 हेक्टर भूमि ग्राम कागदी कराडीया तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है। को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा करके अनुबंधपत्र का संपादन कर लिया है। उक्त का भूमि का निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । इति दिनांक 24/02/2026

**पीयुष शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मोबा - 90094-38990**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे फूलसिंह पिता सुखलाल निवासी कबीरखेड़ी जिला इंदौर द्वारा ग्राम ब्राह्मण बड़ोदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन स्थित भुमि सर्वे न. 1/1 रकबा 0.69 है. की भुमि स्वामी उमरावबाई पति रामा जी जाति बलाई व बाबू पिता रामा जी बलाई जी जाति बलाई निवासी ग्राम ब्राह्मण बडोदा तहसील बड़नगर से भुमि क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा एक सोदा चिठठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध मे किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह संम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो , अथवा किसी के पक्ष मे कोई अनुबंध प्त्र या भुमि सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम ,या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त भुमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखीत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

सुचित हो-दिनांक- 11/05/2026

**रवि रावल सर्विस प्रोवाइडर**
**बडनगरजिला उज्जैन मो -9981226537**

## शहर के मध्य डीपी में अचानक लगी आग से मचा हड़कंप

**नीमच।** शहर के जैन भवन के सामने स्थित बिजली की डीपी (ट्रांसफार्मर) में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें उठते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, डीपी से अचानक चिंगारियां निकलने लगीं और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के चलते आसपास के क्षेत्र की बिजली सप्लाई कुछ समय के लिए बाधित रही। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या ओवरलोड माना जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली।

## 58 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के भानपुरा थाना पुलिस ने ग्राम बाबुल्दा में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस ने भेरूलाल माली के खेत पर स्थित टापरी से 58.285 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 8 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी भेरूलाल माली को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ कर इस अवैध नशे के नेटवर्क और मुख्य स्त्रोतों का पता लगाया जा रहा है।

## पंछियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था हेतु सकोरे वितरित

**नीमच।** शहर के अन्तर्राष्ट्रीय ब्रह्मा कुमारी संस्थान के 'पावन धाम' परिसर के सद्भावना सभागार में इस भयंकर गर्मी में पंछियों की प्यास बुझाने एवं उनकी आहार व्यवस्था के लिए मिट्टी के सकोरे निःशुल्क वितरित किये गए। ये सकोरे ब्रह्माकुमारीज संस्थान से संबंधित समाज सेवा प्रभाग के सदस्य एवं राजयोग के नियमित अभ्यासी जगदीश चन्द्र शर्मा के सौजन्य से वितरित किये गए। साठ से अधिक बीके भाई बहनों ने पंछियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया एवं सकोरे प्राप्त किये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप भ्राता से ब्रह्माकुमारीज संस्थान की सबझोन संचालिका राजयोगिनी बीके सविता दीदी, बीके श्रुति दीदी एवं सबझोन डायरेक्टर राजयोगी बीके सुरेन्द्र भाई ने मंच पर सभी को सकोरे वितरित किये ।

## महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्र समर्पण की अमर गाथा है–विधायक

**नीमच।** महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी को अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करने तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। मेवाड के वीर शासक महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्र समर्पण की अमर गाथा है।उक्त आशय के उद्गार ग्वालटोली चौराहा स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा पर राजपूत पदाधिकारियों के साथ उन्हें श्रद्धा के साथ माल्यार्पण एवं नमन कर व्यक्त किए। विधायक ने उपस्थित लोगों से एकजुट होकर अपने धर्म, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या SnT_RTM_26_04_Signal दिनांक : 07.05.26.** निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक ( एस एण्ड टी ) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई-निविदाए आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्य के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग: **1)- पवासा:** सिंहस्थ 2028 के संबंध में उज्जैन और पिंगलेश्वर के बीच नए "बी" श्रेणी के स्टेशन का प्रावधान। **2)-लेकोडा** - सिंहस्थ 2028 के संबंध में मौजूदा "डी" वर्ग को "बी" वर्ग में अपग्रेड करना। **कार्य की अनुमानित लागत: ₹11,63,04,064.26/- बयाना राशि: ₹ 23,26,100.00/- निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य/- **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 29/05/2026 समय 15.00 बजे तक। **तकनीकी निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 29/05/2026 समय 15.30 बजे के बाद। **व्यवसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा। **वैधाता:** निविदा खुलने की दिनांक से 90 दिन। **कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह। निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन E - निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है। CRY/IND/46

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

# सीतामऊ अग्निकांड में 7 दुकानें जली, प्रशासन की लापरवाही पर भड़का आक्रोश, व्यापारियों ने किया नगर बंद और चक्काजाम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

मंदसौर जिले के सीतामऊ बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार देर रात हुए एक किराना दुकान से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की करीब सात दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक करोड़ रुपये से अधिक के माल के जलकर खाक होने का अनुमान है।

घटना के बाद सोमवार को नगर के व्यापारियों और आम नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा, जिसके चलते पूरा सीतामऊ बंद रहा और आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद का घेराव कर घंटों चक्काजाम किया।

रविवार रात करीब 11 बजे बस स्टैंड स्थित उदिया सेठ की किराना दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में रखे तेल के



आगजनी से राख हुई दुकाने व घटना के दूसरे दिन लदूना चौराहे पर चक्काजाम करते हुए नगरवासी।

ड्रमों के कारण लपटें तेजी से फैलीं और कॉम्प्लेक्स की ऊपरी मंजिल तक जा पहुँचीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सूचना देने के आधे घंटे बाद तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुँची, जिससे स्थिति बेकाबू हो गई।

इस दौरान स्थानीय पुलिसकर्मी, व्यापारी और नागरिक अपनी जान जोखिम में डालकर निजी टैंकरों से आग बुझाने का प्रयास करते रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूरे क्षेत्र की बिजली काट दी गई। बाद में मंदसौर, नगरी और सुवासरा से बुलाई गई दमकलों की मदद से रात करीब ढाई बजे आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक व्यापारियों का सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

नगर परिषद की इस बड़ी लापरवाही के विरोध में सोमवार सुबह से ही व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारी हाथों में चूड़ियां लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुँचे और बैरिकेडिंग तोड़कर परिसर के भीतर घुस गए। लोगों ने सीएम का पूतला भी फूंका जिसको लेकर पुलिस और जनता आमने सामने नजर आई। व्यापारियों का सीधा आरोप है कि नगर परिषद स्वागत द्वारों और दिखावटी निर्माण कार्यों पर पैसा खर्च कर रही है, लेकिन मूलभूत सुविधा जैसे फायर ब्रिगेड की लंबे समय से मरम्मत नहीं कराई गई। इस निष्क्रियता के कारण लदुना चौराहे पर तीन घंटे से अधिक समय तक चक्काजाम रहा, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर पहुँची एसडीएम शिवानी गर्ग ने आक्रोशित जनता को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब तक नई दमकल नहीं आती, तब तक एक अस्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कर दी जाएगी।

लोगों ने सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई एवं प्रभावित व्यापारियों को उचित मुआवजे की भी मांग की जिस पर एसडीएम ने पंचनामा तैयार करने की बात कही। हालांकि, प्रदर्शनकारी स्थानीय विधायक हरदीप सिंह डंग को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### लायंस क्लब रतलाम एवं वैश्विक हॉस्पिटल बड़ौदा द्वारा

## वृहद आर्थोपेडिक जांच शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

लायंस हॉल रतलाम में लायंस क्लब रतलाम एवं वैश्विक हॉस्पिटल बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद आर्थोपेडिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. जेमिन जेसलपुरा एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 150 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श एवं उपचार संबंधी सलाह प्रदान की गई।




शिविर के दौरान मरीजों के लिए निःशुल्क बीएमडी टेस्ट, सीबीसी रक्त परीक्षण, ब्लड शुगर टेस्ट एवं ब्लड प्रेशर की जांच की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर लायंस क्लब रतलाम द्वारा अपने नवीन स्थायी प्रकल्प "लायंस फिजियोथैरेपी सेंटर" का शुभारंभ भी किया गया। सेंटर का उद्घाटन रीजन चेयरपर्सन लायन प्रेमलता दवे एवं नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता लायन शीतल गेलड़ा द्वारा फीता काटकर एवं मशीनों का पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन दिनेश कुमार, सचिव लायन योगेश तिवारी, कोषाध्यक्ष एवं अपने माता-पिता एवं भाई की पुण्य स्मृति में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले लायन ज्ञानेंद्र नलवाया सहित लायन नीरज सुरोलिया, लायन गोपाल जोशी, लायन हिम्मत सिंह राजपुरोहित, लायन विक्रम सिंह सिसोदिया, लायन स्नेह सचदेव, लायन रामनारायण मौर्य, लायन अमन अग्रवाल, लायन प्रवीण रामावत, लायन दिनेश गहलोत एवं लायंस इन्वेस्टिगेशन सेंटर के स्टाफ ने अपनी सक्रिय सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्लब पदाधिकारियों ने सभी चिकित्सकों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



## महिला प्रकोष्ठ ने सकोरे वितरित कर जीव दया का संकल्प लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महिला प्रकोष्ठ द्वारा जीव दया प्रकल्प के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई है। इस मानवीय प्रयास के तहत चिलचिलाती धूप में पानी की तलाश में भटकने वाले और प्यास के कारण दम तोड़ने वाले बेजुबान पक्षियों की रक्षा हेतु सकोरों का वितरण किया गया। संस्था की सदस्यों ने इस भीषण गर्मी में अनबोले जीवों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए आमजन से अपील की कि वे अपने घरों की छतों और आंगन में पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें ताकि प्यास से किसी भी पक्षी के प्राण न जाएं। इस सेवा कार्य के दौरान जीव दया की भावना को सर्वोपरि रखते हुए बड़ी संख्या में सकोरे वितरित किए गए। इस अवसर पर महिला प्रधान सुनीता खाबिया, नेहा बाफना, पुष्पलता चंडालिया, नीमा जैन, आशा चौधरी, सरोज चपरोत, नीलिमा सखलेचा, राखी हींगड़, श्रुति जैन, मोना कोठारी, मोना जैन, रश्मि जैतावत, पूजा दूग्गड, चहेती सुराणा, मुनमुन डोसी और हीना जैन सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रही।

## ग्रीष्मकाल में पेयजल और अग्नि सुरक्षा को दें प्राथमिकता–कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के सभी नगरीय निकायों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सीएमओ को पानी की नियमित जांच और अवैध पानी चोरी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन की भी समीक्षा की और नोडल अधिकारियों को मंडियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को भुगतान में देरी न हो।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आत्मनिर्भर भारत और नवाचार पर व्याख्यान

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाशचंद्र सती ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रक्षा तकनीक, अंतरिक्ष अनुसंधान और डिजिटल विकास के क्षेत्र में भारत निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. व्यास, डॉ. आर.डी. गुप्ता और डॉ. योगेश सैनी ने भी विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और शोध के प्रति जागरूक किया।

# प्रभुप्रेमी संघ के सत्संग में हुआ विकास प्राधिकरण पदाधिकारियों का सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

स्थानीय गीता मंदिर टीआईटी रोड पर प्रभुप्रेमी संघ द्वारा मासिक सत्संग एवं प्रार्थना कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रतलाम विकास प्राधिकरण के नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।



अध्यक्ष हरीश सुरोलिया एवं सचिव प्रमोद राघव ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष कैलाश व्यास ने परमपूज्य स्वामी अवधेशानंदजी महाराज के विचारों का उल्लेख करते हुए मधुर वाणी और सद्भाव का संदेश दिया। प्रार्थना सत्संग में गायत्री मंत्र, ?कार मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, हनुमान चालीसा एवं भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने कहा कि वे और उनकी टीम पूर्ण निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करेंगे। गोविंद काकाणी एवं प्रवीण सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान श्रीमती राखी व्यास, श्रीमती किरण महावर, धीरज व्यास एवं राजेंद्र सिंह गोयल का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती शारदा पवन मुजावदिया एवं श्रीमती गुंजन प्रमोद राघव का जन्मदिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर सीमा प्रभु, सरिता सुरोलिया, संजय सोनी, राकेश पोरवाल, के.बी. व्यास, श्रीमती नीलू दुबे, मुकेश सोनी, विष्णुदत्त नागर, विजयलक्ष्मी भट्ट, लल्लनसिंह ठाकुर, भूषण व्यास, वीरेंद्र जोशी, अनिल पोरवाल, योगेन्द्र दलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किये जाए–कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

कार्यालय कलेक्टर भू-संसाधन प्रबंधन, जिला नीमच द्वारा जारी आदेश दिनांक 8 मई के अनुसार शासन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्रेशन नंबर से लिंक कुल भूमि के अनुपात में ही फसलों का उपार्जन किया जा रहा है तथा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से कृषकों को खाद वितरण किया जा रहा । अपर कलेक्टर श्री बीएस कलेश ने बताया किउक्त कार्य की शत-प्रतिशत प्रगति हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत/हल्का स्तर पर संलग्न शिविर कार्यक्रम अनुसार शिविर का आयोजन किया जाए। शिविर में संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी तथा पंचायत सचिव निर्धारित दिनांक को अनिवार्यतः उपस्थित रहें। शिविर आयोजन का कार्य फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को गति प्रदान किये जाने हेतु किया जा रहा है। शिविर आयोजन के बाद भी फार्मर रजिस्ट्री के लंबित कार्यों को 31 मई तक शत प्रतिशत पूर्ण* किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित शिविर तिथि के कम से कम एक दिन पूर्व फार्मर रजिस्ट्रेशन/बकेट क्लेमिंग से वंचित कृषकों को शिविर मे उपस्थित होने हेतु पंचायत सचिव के द्वारा कोटवार के माध्यम से सूचना दी जाए तथा ग्राम पंचायत की शत प्रतिशत निजी भूमि को फार्मर आई डी से लिंक किया जाये।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या. SNT_RTM_W_EPC_26_01 दिनांक : 08.05.2026. परियोजना का नाम:** रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे के नागदा - उज्जैन - ताजपुर, फांडा-संत हिरदाराम नगर, उज्जैन - करछा और मंगलियागांव - इंदौर खंड के बीच डबल | लाइन (आरई) खंड पर स्टेशनों पर उपयुक्त परिवर्तनों के साथ-साथ ऑटो हट और अन्य संबद्ध कार्यों में ईआई और ड्यूल मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर के साथ 4 - पहलू स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **लंबाई TKM में:** 115.46RKMs **परियोजना की अनुमानित लागत:** 127.72 Cr **पूर्ण करने की अवधि:** 18 महीने। बोली दस्तावेज को रेलवे की वेबसाइट (**https://www.ireps.gov.in/**) के आधिकारिक पोर्टल पर 08.05.2026 से 19.06.2026 (15.00 बजे तक IST) से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय बोली और तकनीकी बोली (**https://www.ireps.gov.in/**) पर 15:00 बजे IST तक या उससे पहले जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त बोलियां 24.06.2026 को 15:30 बजे IST पर खोली जाएंगी। किसी अन्य माध्यम से बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, पावर ऑफ अटॉर्नी और संयुक्त बोली समझौते आदि को बोलीदाता द्वारा 24.06.2026 15:00 घंटे IST पर या उससे पहले भौतिक रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है। कृपया ध्यान दें कि "मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर W-1 चर्च गेट WR " बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। CRY/IND/47

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें : x.com/WesternRly

# नोटों की बारिश का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

जिले की अफजलपुर पुलिस ने नोटों की बारिश कर धन दोगुना करने का लालच देकर लोगों को ठगने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी वर्दीचन्द्र निवासी नंदावदा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अमर सिंह नामक व्यक्ति ने उसे एक गुरुजी के माध्यम से नोटों की बारिश करवाकर पैसा दोगुना करने का प्रलोभन दिया था। इस झांसे में आकर फरियादी ने पहले ग्राम झावल के खेतों में आयोजित एक कथित पूजा के नाम पर 2 लाख 51 हजार रुपये दिए। इसके बाद आरोपियों ने पूजा असफल होने का नाटक किया और दोबारा पूजा के लिए फरियादी और उसकी पत्नी को ओंकारेश्वर ले गए। वहाँ घाट पर पूजा के दौरान गिरोह के एक सदस्य ने मरने का नाटक किया, जिससे फरियादी बुरी तरह डर गया।

आरोपियों ने इस नकली मौत का डर दिखाकर और मृतक के परिवार को पैसे देने के नाम पर फरियादी से टुकड़ों में कुल 7 लाख 70 हजार रुपये ऐंठ लिए। बाद में जब अमर सिंह ने नशे की हालत में फरियादी को बताया कि वह व्यक्ति जीवित है, तब फरियादी को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी जगदीश पिता गोवर्धनलाल सोलंकी और मौत का नाटक करने वाले आदतन अपराधी भैरुलाल पिता मांगीलाल कनारची (दोनों निवासी कुचड़ौद) को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रकरण में मुख्य आरोपी वाहिद हुसैन, जिसने गुरुजी बनकर धोखाधड़ी की, और अमर सिंह बागरी फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ४० हजार रुपये नकद, एक अल्टो कार और एक पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### न्यूज कालम



## उर्स व होलिका दहन की जगह प्रस्तावित पेयजल टँकी का निर्माण अन्यत्र करे

**मल्हारगढ़।**नगर में उर्स व होलिका दहन की जगह प्रस्तावित पेयजल टँकी का अन्यत्र निर्माण करने को लेकर सोमवार को दोपहर 12 बजे नगर कांग्रेस कमेटी ने एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी स्वाति तिवारी को सोपा ज्ञापन में लिखा कि नगर परिषद द्वारा चिल्लाह दरगाह के सामने मैदान में पेयजल टँकी का निर्माण करने जारही है टँकी निर्माण के लिए जगह का नगर परिषद ने चयन किया है उक्त जगह पिछले कई वर्षों से लगभग 18 से 20 वर्षों तक कोमिएकता मेले का आयोजन होता आरहॉ है । प्रतिवर्ष मोहर्रम का लंगर भी समाज द्वारा यही किया जाता है साथ ही होलिका दहन भी यही होता है।एवं पूर्व में रावण दहन भी यही होता था,नगर में खुले मैदान के रूप में एक मात्र मैदान यही बचा हुवा है।मैदान निचली जगह होने से निर्माण करने पर बारिश में टँकी गिरने का भी अंदेशा बना रहेगा एवं भविष्य में जनहानि होने की संभवाना है ऐसे में नगर परिषद दवस्रा उर्स मैदान पेयजल टँकी निर्माण का निर्णय वापस लेकर इस टँकी को नगर में अन्य स्थान पर बनाया जाय अन्यथा आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।ज्ञापन का वाचन मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने किया।

## कांग्रेस प्रभारी मंत्री यादव का कांग्रेस जनों ने किया आत्मिय अभिनंदन



**पिपलिया मंडी।** मंदसौर नीमच जिला कांग्रेस प्रभारी मंत्री श्री सदाशिव यादव दिनांक 11 मई को बंजारी बालाजी में आयोजित कांग्रेस सम्मेलन से नीमच के लिए हुआ प्रस्थान के दौरान पिपलिया मंडी चपाटी पर स्थानीय कांग्रेस जिनो ने श्री यादव का पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बोतल गंज मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता पार्षद बाबू भाई मसूरी, अनिल बोराना ,लालचंद सैनी ,पप्पू गुर्जर श्रीमती अनीता खोखर, राजेश शर्मा गोपाल गुर्जर, शहीद कई कांग्रेस जन उपस्थित थे।श्री भीम सिंह राठौड़ प्रदेश अधक्ष बंजारा समाज अजय शर्मा श्री अजय शर्मा विश्वकर्मा समाज प्रदेश महा सचिव, ठाकुर सुरेंद्रजी सिंह प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस भी श्री यादव के साथ थे।

## कुं. रणजीत सिंह ने प्रभारी सदाशिव यादव का दुपट्टा डालकर किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** 11 गई को कांग्रेस पार्टी द्वारा नवनियुक्त जिला प्रभारी सदाशिव यादव के मल्हारगढ़ विधान सभा क्षेत्र की संगठनात्मक मीटिंग में उपस्थित होने पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने धर्म दुपट्टा डालते हुए स्वागत एवं सम्मान किया इसके साथ ही साथ विधानसभा प्रभारी आदरणीय बंसीलाल जी पाटीदार एवं भीम सिंह बंजारा समाज अध्यक्ष का भी गर्म जोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने एवं राहुल गांधी जी के सपनों को सरकार करने हेतु मध्य प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कंधों को मजबूत करने हेतु अपील की। शक्तावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सत्ता में आना है या सत्ता में लाना है तो निम्न पंक्ति में बैठे हुए कार्यकर्ता को सम्मान देना अति आवश्यक होगा पिछली पंक्ति में बैठे हुए गरीब किसान,भाइयों,बहनों को सम्मान देना अति आवश्यक होगा।



## पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन




**मन्दसौर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा मंदसौर के प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के आराधना हॉल में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संस्कृत विद्यालय के बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें भारत के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और एसडीएम शिवलाल शाक्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 137 विद्यार्थियों का हुआ परीक्षण

**रतलाम।** डॉ कैलासनाथ काटजू विधि महाविद्यालय रतलाम एवं जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 137 विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया।



पर्यावरणप्रेमी शिक्षक परिहार की पर्यावरण के प्रति लगन

## भीषण गर्मी में अपने द्वारा लगाये पोधो को टेंकर की सहायता से पिला रहे पानी

**तराना।** पर्यावरण प्रेमी एवं शिक्षक देवीसिंह परिहार द्वारा विगत 27 वर्षो से लगातार मेहनत कर अनेक स्थानों पर पोधारोपण किया गया है, वर्तमान में भीषण गर्मी के दोर में परिहार द्वारा उपरोक्त पोधो को अपने निजी खर्च पर प्राईवेट पानी के टेंकरो की सहायता से पानी दिया जा रहा है । परिहार द्वारा अपनी पदस्थानाओं के दोरान विभिन्न शासकीय विद्यालयों, एवं आस पास के गांवों व नगरों के प्रमुख स्थानों पर 53000 पोधे लगाये है जिसमें सिहोदा माताजी प्रांगण, हनुमान मंदीर परिसर, बघेरा मोड़, शासकीय स्कूल परिसर (रोजवास, बंजारी, मक्सी, तराना, गौलवा, नैनावद, लसुल्डिया अमरा, करंज, छापरी, फानिया, दिलोद्री, बोरदा धाकड़, पिर उमरोद, सामगी, बोरदा गुर्जर, लिम्बोदा, बरण्डवा, बगोदा, कनार्दी, छावनी) शासकीय महाविद्यालय मक्सी, शासकीय महाविद्यालय तराना, जय जवान महाविद्यालय तराना, शा.कन्या उ.मा.वि., तराना, शा. उत्कृष्ट मा.वि. तराना, पुलिस थाना मक्सी, मांगलिक भवन रोजवास, मुक्तिधाम कनासिया, ए.बी. रोड के पास रोजवास मोड़ आदि स्थान प्रमुख है । शिक्षक परिहार द्वारा राहगीरों, सामाजीक संस्थाओं, शिक्षको, विद्याथीयों अन्य पर्यावरण प्रेमीयों आदि को विभिन्न धार्मिक एवं सामाजीक आयोजनों मे पोधे भेंट भी किये जाते है ।परिहार द्वारा लगाये गये अनेक पोधे वृक्ष बन चुके है, कुछ वृक्ष बन रहे है । वर्तमान में भीषण गर्मी एवं पानी की भीषण समस्या के बीच में भी परिहार द्वारा अपने पर्यावरण प्रेम की लगन को बनाये रखते हुए स्वयं के खर्च पर निजी पानी के टेंकरो के माध्यम से विभिन्न स्थानो पर स्वयं के द्वारा लगाये गये पोधो को पानी दिया जा रहा है ।

सरकारी अस्पताल का मामला

## स्टॉफ नर्स ने मरीज को लगाया इंजेक्शन, सुई टूटकर कमर के अंदर रह गई



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के सिविल अस्पताल ब्यावरा में स्वास्थ्य सेवाओं के हाल बेहाल है। बिगड़ी हुई स्वास्थ्य सेवाओं के चलते मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ के मामले बढ़ते जा रहे हैं। एक स्टाफ नर्स की लापरवाही का हैरतअंगेज कारनामा उस वक्त सामने आया जब स्टॉफ नर्स ने अस्पताल में भर्ती बोरखेड़ा जागीर निवासी मरीज भिलाला को ऐसा इंजेक्शन लगाया कि इंजेक्शन की नीडल (सुई) मरीज की कमर के अंदर ही टूट कर रह गई, स्टाफ नर्स की लापरवाही को देखते हुए नाराज परिजन जब आक्रोशित हुए तो नर्स ने तत्काल एंबुलेंस बुलवाई और उक्त मरीज को रेलवे स्टेशन तिराहा स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले गए जहां डॉक्टर गुप्ता ने मरीज का ऑपरेशन कर टूटी हुई सुई को बाहर निकाल दिया तत्पश्चात एंबुलेंस से उक्त मरीज को वापस सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर आए जहां पर भर्ती मरीज का नर्स द्वारा गहन उपचार किया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन ने टक्कर से युवक हुआ गंभीर घायल



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर के समीप सुठालिया रोड पर स्थित धनिया खेड़ी निवासी राहुल पिता अमृतलाल जाटव को पीछे से एक अज्ञात पिकअप वाहन ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, घनश्याम शाक्यवार ने घायल युवक राहुल जाटव को ऑटो में बैठ कर तत्काल सिविल अस्पताल ब्यावर पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा।

## सूर्यपुत्र शनिदेव जन्मोत्सव पर होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**सुसनेर।** नगर की सत्यनारायण गली स्थित श्री सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर में शनिजयंती (शनिचरी अमावस्या) के पावन अवसर पर 16 मई शनिवार को भव्य धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 9 बजे शनिदेव का विशेष तेलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे पूणार्हुति महाआरती का आयोजन होगा। वहीं रात्रि 8 बजे संध्या श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन श्री शनि मंदिर सत्यनारायण गली सुसनेर में संपन्न होगा। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने हेतु समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु तैयारियों में जुटे हुए हैं। निवेदक पंडित सुभाष जोशी एवं निलेश जोशी (टोनी बाबा) ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शनिजयंती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी।

# पोरवाल समाज ने हर्षोल्लास से मनाई भगवान गरुड़ गोपाल जी विग्रह की वर्षगांठ

### ध्वजारोहण कर किया लाभार्थी परिवार का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर





पोरवाल समाज द्वारा भगवान गरुड़ गोपाल जी विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की वर्षगांठ समारोह पूर्वक हर्षोल्लाह से मनाई गई । इस अवसर पर प्रातः काल पंडित अंकित रावल के आचार्यत्व में जवाहर मार्ग स्थित गरुड़ गोपाल मंदिर में भगवान की मूर्ति का अभिषेक, पूजन कर मूर्तियों का आकर्षक श्रंगार किया गया । कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार श्रीमती इंदुबाला डॉ. रामचंद्र गुप्ता परिवार के निवास स्थान तिलक पथ दर्जी बाखल से बैंड बाजो के साथ चल समारोह निकाला गया । जगह जगह समाज जनों द्वारा भगवान लड्डू गोपाल जी एवं ध्वज का पूजन कर स्वागत किया गया । चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचा, जहां पंडित गोविंद प्रसाद मुखिया के आचार्यत्व में मंदिर के शिखर पर लाभार्थी गुप्ता परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया । महा आरती के पश्चात प्रसादी का आयोजन रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, परिजन एवं इष्टमित्र शामिल हुए ।

**लाभार्थी परिवार का किया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान मंदिर के सभा मंडप में पोरवाल समाज की ओर से समिति पदाधिकारियों एवं पोरवाल महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम के आयोजक एवं लाभार्थी परिवार श्रीमती इंदुबाला डॉ. आरसी गुप्ता परिवार का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । लाभार्थी परिवार की ओर से गोपाल सेठिया जावरा द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी समाज जनों का आभार व्यक्त किया गया ।

**ये हुए शामिल**

इस अवसर पर पोरवाल समाज अध्यक्ष जगदीश पोरवाल, वरिष्ठ समाजसेवी अरुण चौधरी, लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र चौधरी कैलाश पोरवाल, अशोक पोरवाल, कृष्णकांत पोरवाल झारड़ा, अनिल चौधरी, महेश चौधरी, राजकुमार पोरवाल, दिलीप पोरवाल, रमेश पोरवाल, प्रह्लाद पोरवाल, सुरेश पोरवाल, प्रदीप पोरवाल, उमेश चौधरी, विजय चौधरी, सुनील पोरवाल, महेश पोरवाल, संजय पोरवाल, शैलेश चौधरी, मनीष चौधरी, अजय पोरवाल नागदा, सोहन पोरवाल नागदा, दिलीप पोरवाल आलोट, दीपक पोरवाल देवास, प्रमोद मेहता आलोट, शैलेन्द्र पोरवाल, प्रमोद पोरवाल झारड़ा, डॉ. मयंक चौधरी, चेतन चौधरी, गौरव पोरवाल आदि सहित पोरवाल महिला मंडल, पोरवाल पोरवाल युवा संगठन के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे ।



नेकी की दीवार पर बच्चों संग मनाया मदर्स डे

## माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड एवं संदेश प्रस्तुत किए

**शुजालपुर।** नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर रविवार को विभिन्न विशेष अवसरों के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर मदर्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड एवं संदेश प्रस्तुत करने से हुई। बच्चों ने तू इतनी अच्छी है, तू इतनी भोली है ओ मां.. गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शाजापुर के समाजसेवी स्व. प्रो. निर्मलजीत सिंह मग्गो की स्मृति में उनके सुपुत्र गुरमीत सिंह मग्गो द्वारा निःशुल्क कोचिंग के बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए शुद्ध एवं पौष्टिक खरबूजे का पना वितरित किया गया। वहीं अलीराजपुर की युवा समाजसेवी सुरभि सपन जैन एवं नागपुर की सुनिधि श्रेयांश जैन की प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम में ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, राजकुमारी अग्रवाल, तेजकिरण जैन एवं परमजीत कौर खालसा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में कुल 174 प्रकरणों का निराकरण तथा 25,10,500 की रिकवरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निदेर्शानुशार तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा न्यायालय परिसर खाचरोद में आज दिनांक 09.05.26 को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.50 बजे प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफाली सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ खण्ड, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड निर्मला पटेल ने दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर एवं अभिभाषक संघ खाचरोद के अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, अभिभाषक विद्युत मंडल कनिष्ठ यंत्री संजय मालवीय, शशिरंजन, सौरभ शर्मा एवं समस्त बैंकों के बैंक मैनेजर, तथा नगरपालिका खाचरोद के समस्त पदाधिकारीगण एवम् न्यायालय खाचरोद के कर्मचारीगण द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका खाचरोद के शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयोजित नेशनल लोक अदालत में नीतू कांता वर्मा प्रथम जिला एवं सत्र के न्यायालय के 17 विधुत अधिनियम के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा के न्यायालय से 05 क्लेम प्रकरण एवं 01 हिंदू विवाह अधिनियम का निराकरण किया गया, व्यवहार न्यायाधीश शैफाली सिंह के न्यायलय के कुल 101 प्रकरण का निराकरण किया गया। निर्मला पटेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के न्यायालय के कुल 34 प्रकरणों का निराकरण किया गया, आपराधिक प्रकरण 07, एन आई एक्ट के 02 प्रकरण, नगर पालिका जलकर व दुकान किराया, जलकर, दूर संचार विभाग व बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरण में से 51 तथा विद्युत के प्रीलिटिगेशन 14 प्रकरणों का निराकरण हुआ, इस प्रकार कुल 174 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 2510500 रुपये प्राप्त हुए। न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में से 106 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### पत्नी की मौत से दुखी पति ने आत्महत्या की

# उज्जैन में पहले भी कोशिश कर चुका था कहता था- मैं भी उसके पास जाऊंगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



उज्जैन जिले के ग्राम काट बड़ौदा में पत्नी की मौत के सदमे में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी की मौत के बाद वह लंबे समय से परेशान था। परिजन के अनुसार वह हमेशा कहता था, वह चली गई अब मैं भी जाऊंगा।

जानकारी के अनुसार, सुभाष भाटी (25) ने करीब पांच साल पहले कोमल से प्रेम विवाह किया था। शादी के करीब एक साल बाद सड़क हादसे में कोमल की मौत हो गई थी। इस घटना ने सुभाष को पूरी तरह तोड़ दिया था। वह पहले भी कई बार सुसाइड की कोशिश कर चुका था।

**सुभाष हमेशा पत्नी को याद करता था**

रिश्तेदार राजेश भाटी ने बताया कि सुभाष हमेशा पत्नी को याद करता था। हादसे के बाद परिवार ने उसकी दूसरी शादी कराने की कोशिश की, लेकिन वह हर बार मना कर देता था। अब परिवार को उसकी मासूम बेटी की चिंता है। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ सालों में सुभाष कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। उसने एक-दो बार ट्रेन के सामने आने की कोशिश की, लेकिन हर बार परिवार ने समय रहते उसे बचा लिया। इसके बाद से परिजन उसे अकेला नहीं छोड़ते थे।

**गांव से बाहर जाकर जहर खाया**

रविवार दोपहर सुभाष गांव से बाहर गया और जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे देवास जिला अस्पताल ले गए। वहां से उसे उज्जैन रोड स्थित एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**अब 4 साल की बेटी अकेली रह गई**

सुभाष की चार साल की बेटी है। परिजन उसे बेटी का हवाला देकर जिंदगी जीने के लिए समझाते थे, लेकिन वह हमेशा कहता था, बेटी को परिवार संभाल लेगा मुझे तो उसके पास जाना है।

**समाज के कार्यक्रम में दोस्ती, फिर शादी**

सुभाष और कोमल एक ही समाज के थे। किसी कार्यक्रम में उनकी दोस्ती हुई। फिर दोनों ने शादी का फैसला किया। इस पर परिवार की भी सहमति थी। 2020 में दोनों ने शादी की। 2022 में दोनों की बेटी हुई।

देवास में युवक ने की खुदकुशी

## सांवेर से छुट्टियों में आया था, पुलिस जांच में जुटी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

शहर के कालानी बाग में एक 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक सांवेर क्षेत्र का निवासी था और गर्मियों की छुट्टियां बिताने देवास आया था। मृतक की पहचान अमित चौधरी (26 वर्ष) निवासी कूड़ाना, सांवेर के रूप में हुई है। वह कुछ दिन पहले अपने मामा के घर देवास आया था। घटना के बाद परिजनों ने अमित को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार, अमित के पिता एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गुर ने 15 वें वित्त आयोग से

# विभिन्न ग्रामों में पेयजल व्यवस्था एवं अंडर ग्राउंड नाली निर्माण कार्य हेतु राशि करवाई स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



जिला पंचायत के माध्यम से 15 वित्त आयोग की अंतर राशि से जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 के जिला पंचायत सदस्य दलजीत कौर गुर ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत के मुख्यालय ग्राम तथा उनके अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शीतल पेयजल व्यवस्था ,आंतरिक नाली निर्माण के लिये चौदह लाख से अधिक की राशि स्वीकृत करवाई है

जिला पंचायत सदस्य दल में जीत कौर गुर ने बताया ग्राम पंचा यत सेकाखेडी के चोरवासा ग्राम में सौर ऊर्जा हेतु चार लाख 80 हजार ग्राम रोहिडा में अंडरग्राउंड नाली निर्माण हेतु चार लाख रुपए , ग्राम कढ़ाई के चिंतामन गणेश मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये शीतल जल व्यवस्था हेतु 7500 0 ,पेटलावद ग्राम के पंपापुरी मंदिर परिक्षैत्र में शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु 75000, झूटावद ग्राम में बस स्टैंड पर यात्रियों के शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु 75000 नारायण खेड़ी ग्राम पंचायत के ग्राम झरावदा में स्थित झरादेश्वर मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये शीतल पेय जल व्यवस्था हेतु 750 00 , ग्राम पंचायत गोगापुर के महिदपुर रोड में बैंक ऑफ इंडिया तथा पास स्थित अन्य बैंकों में आने वाले ग्रामीणों की पेयजल व्यवस्था हेतु 75000 ग्राम गोगापुर के बजरंगबली मंदिर के निकट शीतल पर जल व्यवस्था हेतु 75000 ग्राम पंचायत सगवाली के ग्राम सगवाली में बस स्टैंड पर यात्रियों के लिये शीतल पेयजल व्यवस्था 75000 की राशि 15वें वित्त आयोग से ग्रामीणों तथा ग्राम पंचायत सरपंचों की मांग पर आवश्यकता को दृष्टि गत रखते हुए अनटाइड मद से रा शि स्वीकृत करवाई गई है ग्रामों में राशि स्वीकृत पर संबंधित ग्रामों के सरपंचों तथा ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्ति करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गुर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कमरे में युवक ने लगाई फांसी परिजनों को घटना का कारण पता नही



**बदनावर।** थाना क्षेत्र के कारोदा गांव में रविवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पवन पिता जितेंद्र सरगरा (19) के रूप में हुई है। वह रात में घर के पीछे के कमरे में अकेला था। इसी दौरान उसने कमरे में लगे लोहे के एंगल से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल बदनावर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाया। शव को नीचे उतारकर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार सुबह उसका पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इस बारे में परिजनों को भी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा हो सके।

## बदनावर फोरलेन पर पलटी कार, एक की मौत:दो युवक घायल

**महाकाल दर्शन कर गुजरात लौटते समय हादसा**

**बदनावर।** उज्जैन-बदनावर फोरलेन पर नागेश्वर के पास रविवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार कार पलट गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान जयदीपसिंह पिता छत्रसिंह झाला (31) के रूप में हुई है। घायलों में शिशुपालसिंह पिता किशोरसिंह (30) और यश पिता सुभाष भाई डांगी (30) शामिल हैं। तीनों गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के निवासी हैं और उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर जननी एक्सप्रेस के पायलट अनिरुद्ध जोशी और 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को सिविल अस्पताल बदनावर लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद जयदीपसिंह को मृत घोषित कर दिया। डायल हंड्रेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कार में रखा सामान अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक और घायलों के परिजनों को सूचित किया। परिजनों के आने के बाद आज सोमवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कर शव उन्हें सौंप दिया गया। घायलों को भी सुरेंद्रनगर ले जाया गया है; यश को अंदरूनी चोटें आई हैं, जबकि दूसरे को मामूली चोट लगी है। हादसे में कार को भी काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी यज्ञ अनुष्ठान

# वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज रहा धर्मशाला परिसर, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर




नगर में फूल माली समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, आस्था एवं भक्तिभाव के साथ जारी है। महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मशाला मालीपुरा स्थित धर्मशाला में प्रतिदिन वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर समाजजनों सहित नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन धर्मशाला पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

महोत्सव के अंतर्गत यज्ञशाला में सुबह से ही पूजन, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम प्रारंभ हो जाता है। वैदिक आचार्य पंडित वेद प्रकाश भट एवं पंडित गोविंद शर्मा के सानिध्य में विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि एवं हवन की सुगंध से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है।

श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ यज्ञ में आहुति देकर परिवार एवं नगर की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार यज्ञ को सफल बनाने हेतु समाज के विभिन्न यजमान प्रतिदिन यज्ञशाला में बैठकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभा रहे हैं।

मुख्य यजमान के रूप में पवन नंदलाल मंडावरा शामिल हुए। प्रथम दिवस पर पिंटू मंडावरा, कालू माली, जीतमल मंदिर वाला एवं जगदीश राजोरा यजमान के रूप में शामिल हुए। वहीं द्वितीय दिवस पर नेमीचंद माली, शिव नारायण एवं लोकेश राजोरिया ने यज्ञ में आहुतियां देकर धर्म लाभ प्राप्त किया। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समाजजनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव के अंतिम दिन 14 मई को नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम दरबार की प्रतिमा स्थापना एवं मंदिर शिखर पर कलश स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा शाम को महाप्रसादी एवं भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज माली ने दी।





फैटी लिवर की समस्या में 7 से 10 प्रतिशत तक वजन कम करने से लिवर में जमे फैट को कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए, आप अपने वजन को कम करने के लिए हेल्दी डाइट, लाइफस्टाइल और शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दे सकते हैं, जो वेट लॉस के लिए फायदेमंद होता है

# फैटी लिवर में वेट लॉस कैसे करें?



आज के समय में खराब लाइफस्टाइल और डाइट के कारण लिवर से जुड़ी समस्याएं काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। कई लोग फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं। फैटी लिवर एक ऐसी समस्या है जो लिवर में ज्यादा फैट जमा होने के कारण होती है। अगर समय पर फैटी लिवर का इलाज न किया जाए तो यह आगे चलकर लिवर सिरोसिस जैसी स्थिति का कारण बन सकती है। फैटी लिवर के मरीजों को अक्सर वजन कम करने की सलाह दी जाती है। रिपोर्ट के अनुसार फैटी लिवर को कंट्रोल करने के लिए 7 से 10% वजन कम करना सबसे ज्यादा असरदार माना जाता है। वजन कम करने से लिवर में जमा फैट कम होने लगता है, जो इस समस्या से राहत दिलाने में फायदेमंद होता है। मेटा-एनालिसिस से पता चलता है एक्सरसाइज नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज, या मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज वाले मरीजों के लिवर में जमा फैट और सीरम ट्रांसएमिनेस लेवल को सही तरीके से कम करती है। बेहतर बनाने और वजन कम करने के लिए तीन महीने से ज्यादा समय तक हफ्ते में कम से कम तीन बार रेगुलर एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखें कि वजन घटाने का आपका तरीका सही होना चाहिए क्योंकि अगर आप गलत तरीके से (जैसे- क्रैश डाइट से) या अचानक बहुत ज्यादा वजन घटाते हैं, तो यह भी लिवर के लिए खतरनाक हो सकता है और लिवर की सूजन को बढ़ा सकता है। इसलिए वजन घटाने के लिए आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में जो भी बदलाव कर रहे हैं, वो अपने डॉक्टर से जरूर डिस्कस करें।

## शारीरिक गतिविधियां

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट का कहना है कि फैटी लिवर को ठीक करने और वजन को कम करने में एक्सरसाइज अहम भूमिका निभाता है। फिजिकल एक्टिविटी करने से लिवर में जमे फैट को बर्न करने में मदद मिलती है। इसलिए फैटी लिवर के मरीजों के लिए नियमित शारीरिक गतिविधियां करने से इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम करने में मदद मिलती है, जिससे शरीर लिवर में एक्स्ट्रा ग्लूकोज को स्टोर करने के स्थान पर उसे एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करने लगता है। इसलिए, फैटी लिवर के मरीज को रोजाना कम से कम 30 से 40 मिनट की शारीरिक गतिविधियां करनी चाहिए।

2018 रिसर्च में बताया गया है कि कई क्लिनिकल ट्रायल्स से पता चलता है कि एरोबिक और रेजिस्टेंस एक्सरसाइज दोनों ही लिवर में फैट की मात्रा को कम करने में मदद करती है। इस स्टडी से यह साफ है कि एक्सरसाइज फैटी लिवर की बीमारी पर अलग-अलग तरीकों से असर डालती है। बेहतर पेरिफेरल इंसुलिन रेजिस्टेंस लिवर में फ्री फैटी एसिड सिंथेसिस के लिए फ्री फैटी एसिड और ग्लूकोज के ज्यादा रिलीज को कम करती है। एक्सरसाइज, फैटी एसिड ऑक्सीडेशन को बढ़ाती है, फैटी एसिड सिंथेसिस को कम करती है और डैमेज से जुड़े मॉलिक्यूलर पैटर्न के रिलीज को भी घटाती है।

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट कहते हैं कि फैटी लिवर में वजन कम करने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करना भी बहुत जरूरी है। इसलिए फैटी लिवर के मरीज अपनी लाइफस्टाइल में हेल्दी बदलाव कर सकते हैं, जिसमें समय पर सोना और जागना, 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, हेल्दी डाइट फॉलो करना और नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करना शामिल हैं।



## फैटी लिवर में वजन कैसे कम करें?

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने बताया कि फैटी लिवर में वजन कम करने से इसे जल्दी रिवर्स करने में मदद मिलती है। स्टडी के अनुसार, 180 लोगों पर किए गए इस स्टडी में यह पाया गया कि वजन कम करने से लिवर की सेहत में सुधार हो सकता है। इस स्टडी में बताया गया है कि 21 लोगों (11.7%) ने अपना वजन कम किया, जिसके कारण उनमें फैटी लिवर ठीक होने की संभावना 18.37 गुना बढ़ गई। इसके उलट, 38 लोगों (21.1%) का वजन बढ़ा, जिसके कारण उनमें बीमारी ठीक होने की संभावना कम होकर सिर्फ 0.28 गुना रह गई, जबकि 121 लोगों (67.2%) का वजन स्थिर रहा। इस स्टडी के अनुसार नॉर्मल वजन वाले मरीजों के लिए भी वजन कम करना लिवर स्वास्थ्य में सुधार के लिए बहुत प्रभावशाली होता है। इसलिए, आप वजन कम करने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल, डाइट और शारीरिक गतिविधियों को अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

## डाइट में बदलाव

फैटी लिवर में वजन कम करने और हेल्दी रहने का एक बेहतर तरीका डाइट में हेल्दी बदलाव करना है। फैटी लिवर के मरीजों की डाइट फाइबर और पोषक तत्वों से भरपूर होनी जरूरी है। इसलिए, इन मरीजों को अपनी डाइट में मैदा और चीनी की जगह ओट्स, दलिया और होल ग्रेन्स शामिल करना चाहिए, जो लिवर की सूजन को बढ़ने से रोकने, वजन कम करने और फैटी लिवर को रिवर्स करने में मदद कर सकता है।

स्टडी के मुताबिक, फैटी लिवर में वजन कम करने के लिए डाइट में कैलोरी की मात्रा कम करना फायदेमंद हो सकता है। आप अपने खाने में साबुत अनाज, फाइबर से भरपूर फल, सब्जियां और प्रोटीन से भरपूर दालों को शामिल कर सकते हैं।

## क्या ज्यादा नमक खाने से वजन बढ़ता है?

**अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को नमक का सेवन सीमित मात्रा में करने की सलाह दी जाती है। ज्यादा नमक का सेवन करने से व्यक्ति को हाई ब्लड प्रेशर, किडनी पर स्ट्रेस पड़ने और दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ता है। लेकिन क्या अधिक नमक का सेवन करने से वजन भी बढ़ता है?**



डाइटिशियन के अनुसार,अक्सर लोग मानते हैं कि ज्यादा नमक खाने से सीधे वजन बढ़ता है, लेकिन डाइटेटिक्स के नजरिए से यह पूरी तरह सही नहीं है। नमक यानी सोडियम खुद शरीर में फैट नहीं बढ़ाता, बल्कि इसका मुख्य प्रभाव 'वॉटर रिटेंशन' यानी शरीर में पानी रूकने के रूप में दिखाई देता है।

डाइटिशियन के अनुसार, जब हम ज्यादा नमक का सेवन करते हैं, तो शरीर सोडियम के संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक पानी रोकने लगता है। इससे शरीर में सूजन, भारीपन और वजन में अचानक 1-2 किलो तक का अस्थायी बढ़ाव दिख सकता है। लेकिन यह फैट गेन नहीं होता, बल्कि पानी का वजन होता है, जो नमक कम करने और पर्याप्त पानी पीने से वापस सामान्य हो सकता है।




### सुपरकिंग्स ने सुपरजायंट्स को पांच विकेट से शिकस्त दी

# चेन्नई ने चेपॉक पर लखनऊ को चित किया

## उर्विल पटेल ने जमाया तूफानी अर्धशतक, काम न आई जोस की पारी

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

चेपॉक स्टेडियम में रविवार को क्रिकेटप्रेमियों ने टी-20 के रोमांच का पूरा मजा लिया। उतार-चढ़ाव भरे मैच में अंत तक चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) दोनों जीतते नजर आ रहे थे। उर्विल पटेल ने इस दौरान आईपीएल के सबसे तेज पचासे का रिकॉर्ड (13 गेंद पर) बराबर किया। फिर अंत में शिवम दुबे ने आखिरी ओवर में एडेन मार्करम पर दो गेंदों पर दो छक्के मारकर टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। इस जीत के साथ ही टीम ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत भी किया।

**आक्रामक पारियां :** पहले जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी से लखनऊ ने टॉस हारकर आठ विकेट पर 203 रन पर बनाए। इसके बाद चेन्नई ने उर्विल पटेल की रिकॉर्डतोड़ अर्धशतकीय पारी (65) और कप्तान रुतुराज के 42 रन की मदद से जोरदार आगाज किया।



### अच्छी शुरूआत के बाद झटके

उर्विल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। हालांकि बीच के ओवरों में बल्लेबाजों के लगातार विकेट गंवाने से अंतिम ओवरों में लखनऊ भी जीत के करीब पहुंचती नजर आ रही थी। हालांकि अंत में मेजबान टीम ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। लखनऊ की ओर से दिग्वेश राठी और शाहबाज अहमद ने दो-दो विकेट लिए जबकि एक विकेट आवेश खान को मिला।

इससे पहले इंग्लिस ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़े। एक समय लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 112 रन था लेकिन उसके बाद ओवरटन की अगुआई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर मेहमान टीम की रनगति पर अंकुश लगा दिया। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के आवरों में बने कम रन की कुछ भरपाई की। शाहबाज ने 25 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। ओवरटन ने तीन विकेट लिए जिसमें इंग्लिस का विकेट भी था।

### एशियाई भारोत्तोलन में 20 भारतीय पेश करेंगे चुनौती

**गांधीनगर।** भारोत्तोलक सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में घरेलू समर्थन के बीच चुनौती पेश करने उतरेंगे। इसके साथ ही वे राष्ट्रमंडल तथा एशियाई खेलों से पहले तैयारियों को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे अतिथि देशों सहित 30 देशों के 170 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## महिला रिकर्व टीम का स्वर्णिम निशाना

एजेंसी ▸▸ शंघाई

भारतीय महिला धनुर्धरों ने रविवार को सटीक निशाने लगाते हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के दावेदार चीन को शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। इस तरह दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की रिकर्व टीम ने भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।



**भारत ने बढ़त ली :** रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने पर शूट-ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर नौ अंक जुटाकर भारत को पांच साल में पहला विश्व कप स्वर्ण दिलाया।

सिमरनजीत कौर के लिए हालांकि यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और बाद में चैंपियन बनीं दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ लगातार सेट में 0-6 से हार झेलनी पड़ी। फिर कांस्य के प्लेऑफ में वह एक और कोरियाई जांग मिनही से 4-6 से हार गईं। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया।

### गेंदबाजों को नए तरीके अपनाने होंगे

**जयपुर।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड का मानना है कि टी-20 क्रिकेट में लगातार बेहद आक्रामक होती जा रही बल्लेबाजी के साथ तालमेल बैठाने के लिए गेंदबाजों को खुद को बदलना होगा और नए तरीके अपनाने होंगे। उनका मानना है कि जो गेंदबाज अपने कौशल को सफलतापूर्वक निखार पाते हैं वे इस प्रारूप में सुपरस्टार बन सकते हैं। रॉयल्स के गेंदबाजी कोच बॉन्ड ने माना कि उनकी टीम जानी-पहचानी परिस्थितियों के हिसाब से खुद को अच्छी तरह ढालने में नाकाम रही है। मैच के बाद बॉन्ड ने कहा, जब मैं गेंदबाजों को देखता हूं तो मुझे लगता है कि उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने चौकीदार के सिर पर तानी बंदूक, जमीन पर कब्जा करने पहुंचा था

**इंदौर।** इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में जमीन कब्जाने का मामला सामने आया है। देपालपुर क्षेत्र के पास ग्राम धन्नड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम ने जमीन की चौकीदारी कर रहे युवक को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित युवराज डाबी निवासी ग्राम मोथला ने बताया कि वह पिछले चार-पांच महीनों से ग्राम धन्नड़ स्थित एक जमीन की चौकीदारी कर रहा है। उसके अनुसार इंदौर का बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम लगातार उसे जमीन छोड़ने के लिए धमका रहा था। युवराज के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे आरोपी अपने चार-पांच साथियों के साथ लाल रंग की कार में मौके पर पहुंचा। वहां गाली-गलौज करने के बाद उसने बंदूक निकालकर उसके सीने पर तान दी और धमकाते हुए कहा कि आज तो तुझे मार ही देता हूं। आरोपी ने यह भी कहा कि यह जमीन वे हथिया लेंगे और बीच में आने पर जान से मार देंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को हत्या के मामले में आरोपी बताते हुए कहा कि मुझ पर 302 लग चुकी है, पुलिस और जेल से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। युवराज का कहना है कि आरोपी ने दोबारा जमीन पर दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जितेंद्र सेन उर्फ पटेल ने जमीन कब्जाने के लिए विष्णु बमबम को सुपारी दी है। युवराज के अनुसार संबंधित जमीन पर गौरव माहेश्वरी का कब्जा है। आरोप है कि बदमाशों ने मौके पर लगी फेंसिंग उखाड़ दी और चौकीदार के कमरे में तोड़फोड़ भी की। देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल का कहना है कि युवक को धमकाने की शिकायत मिली है, लेकिन घटना थाना क्षेत्र की नहीं बताई जा रही है। इसके बावजूद वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। वहीं एएसपी ग्रामीण रुपेश द्विवेदी ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी। यदि बंदूक दिखाकर धमकाने की बात सही पाई जाती है तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईपीएस कैंपस में पुलिस की दबिश परीक्षा के बाद दो छात्र पकड़े गए

**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित तक्षशिला कैंपस में स्थित आईआईपीएस परिसर में सोमवार को पुलिस पहुंची। पुलिस ने यहां से दो युवकों को पकड़ा। मामला पुराने विवाद से जुड़ा है, जिसमें पुलिस को इनकी तलाश थी। पुलिस वक्त रहते नहीं पहुंचती तो आज भी यहां झगड़ा हो जाता। मामले में भंवरकुआं टीआई संतोष दूधी ने बताया कि मामला पुराने विवाद से जुड़ा हुआ है। 30 अप्रैल को केशव पाटीदार नामक युवक के साथ मारपीट हुई थी, जिसमें वह घायल हुआ था। शिकायत पर मामला दर्ज कर दो लड़कों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि इस मामले में दो छात्र सक्षम चौहान और रितेश राजपूत एग्जाम देने पहुंचे हैं। आज उनकी एमबीए की आखिरी परीक्षा है, जिसके बाद वे यहां से भाग सकते थे। वहीं, जिसके साथ मारपीट की घटना हुई थी, वे भी यहां पर इकट्ठा हो गए थे। इस पर पुलिस बल तुरंत मौके पर भेजा गया और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। इधर, सोशल मीडिया पर एक छात्र को अभाविप से जुड़ा होना बताया जा रहा था, जबकि इस मामले में अभाविप के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों को पुलिस ने पकड़ा है, वे अभाविप से जुड़े हुए नहीं हैं। इस साल आईआईपीएस की कार्यकारिणी घोषित ही नहीं की गई है। मौके पर अभाविप का कोई भी कार्यकर्ता मौजूद नहीं था।

### बिना लाइसेंस के चल रही आइसक्रीम फैक्टरी पर खाद्य सुरक्षा की कार्रवाई



**इंदौर।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने रविवार को दो आइसक्रीम निर्माण इकाइयों पर औचक कार्रवाई की। संयुक्त जांच दल ने निरीक्षण के दौरान कुल 10 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए। एक फैक्टरी का निर्माण कार्य बंद करा दिया गया, जबकि दूसरी इकाई को नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सबसे पहले चैंपियंस आइसक्रीम एंड फ्रोजन फूड फैक्टरी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान संचालक नीलेश विश्वकर्मा मौजूद मिले। अधिकारियों को फैक्टरी में कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। इकाई के पास निर्माण का वैध लाइसेंस नहीं था। पैकेजिंग सामग्री पर लेबलिंग संबंधी जरूरी जानकारी अधूरी पाई गई। कच्चा माल अस्वच्छ और अव्यवस्थित तरीके से रखा गया था, जबकि कुछ जंग लगे सांचों का उपयोग भी किया जा रहा था। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि निर्माण में इस्तेमाल हो रहे पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। फ्रीजर रूम में खाद्य सामग्री का भंडारण भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला। अधिकारियों ने वनीला फ्रोजन डेजर्ट, केसर पिस्ता कुल्फी, मावा और चॉकलेट पेस्ट सहित चार नमूने जांच के लिए लिए। वैध लाइसेंस मिलने तक फैक्टरी का निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। इसके बाद टीम ने रुद्राक्ष आइसक्रीम इकाई का निरीक्षण किया। यहां प्रभारी नरेश कुमावत मौजूद मिले। जांच में पाया गया कि विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम गंदगी के बीच तैयार की जा रही थी। कई फ्लेवर बिना लेबल के पाए गए, जिन पर आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी। खाद्य पदार्थों के भंडारण स्थल पर भी अव्यवस्था मिली। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने आइसक्रीम के पांच और टूटी-फ्रूटी का एक नमूना लेकर कुल छह नमूने जांच के लिए भेजे। बिना लेबल वाले फ्लेवर को मौके पर ही नष्ट कराया गया। परिसर में मिली अनियमितताओं को लेकर संबंधित संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवम वर्मा ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### कार के हैंड ब्रेक के पास छिपाई 20 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 2 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक गुटकेश्वर महादेव मंदिर वीआईपी रोड के पास एक व्यक्ति के ड्रग्स के साथ होने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर एक कार सवार युवक को पकड़ा। कार की तलाशी में मिली एमडी ड्रग्स पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अकरम खान निवासी देपालपुर बताया। कार की तलाशी लेने पर हैंडब्रेक के पास प्लास्टिक में रखी 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

**निशानदेही पर दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार**- अकरम की निशानदेही पर पुलिस ने जावेद उर्फ जग्गू निवासी हातोद को भी गिरफ्तार किया। शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी ड्रग्स सस्ते दाम में खरीदकर नशा करने वालों को ऊंचे दाम पर बेचते थे। 4.50 लाख का माल जब्त पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एमडी ड्रग्स, एक मोबाइल फोन और एक कार सहित कुल 4 लाख 50 हजार रुपए का माल जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अकरम दिहाड़ी मजदूरी पर ड्राइवरी करता है और 10वीं तक पढ़ा हुआ है। मामले में आगे पूछताछ जारी है।

अवैध पार्किंग में 20 से ज्यादा बसें खड़ी थीं, वेल्डिंग के दौरान हुआ हादसा, चश्मदीद बोले- गैस सिलेंडर भी फटे

# नवलखा इलाके में खड़ी 5 बसों में लगी आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के नवलखा इलाके में खड़ी 5 बसों में आग लग गई। इसकी लपटें करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई दीं। सूचना मिलते ही दो दमकल मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग लगने के दौरान 4 धमाके भी सुनाई दिए। ये गैस सिलेंडर फटने के जैसे थे। फिलहाल, इसकी प्रशासनिक पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना नवलखा इलाके में तीन इमली के पास सोमवार सुबह की है। यहां बसें पार्क की जाती हैं। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, एक बस में मरम्मत का काम किया जा रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग के दौरान बस ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने पांच बसों को चपेट में ले लिया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि हादसे के वक्त मौके पर 20 से ज्यादा बसें खड़ी थीं। आनन-फानन में इन्हें यहां से हटाया गया। आसपास रिहायशी बस्ती होने की वजह से लोगों में घबराहट फैल गई। वे घरों से बाहर निकल आए।





#### पार्षद बोले- कई बार शिकायत की

- स्थानीय पार्षद मनीष शर्मा ने कहा- रिहायशी इलाके में निजी बसों की पार्किंग और मरम्मत को लेकर पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। सुनवाई नहीं होने से हमेशा बड़े हादसे का खतरा बना रहता है।
- पार्षद शर्मा मौके पर ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा- जब तक बसें यहां से नहीं हटतीं और इसका समाधान नहीं निकलता, मैं धरने पर ही बैठा रहूंगा।
- पुलिस ने बताया कि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगा रहे हैं।

मनचले आईटी इंजीनियर ने रात में किया पीछा, गिरफ्त में आया तो माफी मांगने लगा

## लेडी कॉन्स्टेबल से कहा 'सिंगल हो, साथ चलोगी'

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में रात को सड़कों पर घूम रही लेडी कॉन्स्टेबल से एक मनचले ने छेड़छाड़ कर दी। पैदल जा रही कॉन्स्टेबल के पास एक्टिवा सवार युवक आया और बोला- सिंगल हो क्या, साथ चलोगी?

दरअसल, इंदौर में महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी क्रम में मनचलों को पकड़ने के लिए पुलिस ने विजय नगर इलाके में स्टिंग ऑपरेशन चलाया।

इसके तहत रविवार देर रात 12 बजे से लेकर 1 बजे तक दो महिला पुलिसकर्मियों को मेघदूत गार्डन के बाहर घूमने के लिए भेजा गया था। जिन्होंने टीम के साथ मिलकर एक मनचले को रंगे हाथ पकड़ा। एसीपी पराग सैनी ने बताया कि स्टिंग ऑपरेशन के दौरान कार सवार एक टीम लेडी कॉन्स्टेबल के आसपास मौजूद थी। कैमरे के जरिए पूरी गतिविधियों पर नजर रखी गई। आरोपी की हरकत सामने आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही वह अपनी हरकत के लिए माफी मांगने लगा।



**आईटी कंपनी में काम करता है आरोपी-** कॉन्स्टेबल से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी की पहचान 27 वर्षीय सर्वेश साहू के रूप में हुई है। सागर का रहने वाला सर्वेश इंदौर की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अक्सर अकेली महिलाओं को देखकर उनसे छेड़छाड़ करता था।

**महिला अपराधों में एमपी देशभर में पांचवां-** बता दें कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की क्राइम इन इंडिया 2024 रिपोर्ट में एमपी की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। मध्य प्रदेश महिला अपराध में लगातार चौथे साल पांचवें स्थान पर रहा है। यहां महिलाओं से जुड़े 32,832 मामले दर्ज हुए। 2022 में 32,765 केस दर्ज किए गए थे, जो 2023 में घटकर 32,342 हुए। 2024 में राज्य में हर दिन औसतन 90 से ज्यादा महिलाओं से जुड़े अपराध दर्ज हुए।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में प्रदेश में दहेज हत्या के 450 मामले दर्ज हुए। इनमें 232 मामले आईपीसी और 218 मामले बीएनएस की धाराओं के तहत दर्ज किए गए। दहेज हत्या के मामलों में एमपी तीसरे स्थान पर रहा। 2038 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश पहले और बिहार दूसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर तीन घंटे में एमपी में एक रेप का केस दर्ज हो रहा है। इसके अलावा हर दिन करीब 32 अपहरण हो रहे हैं। दहेज हत्या और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में भी प्रदेश टॉप-3 राज्यों में शामिल है। अपहरण के मामलों में एमपी चौथे स्थान पर रहा।

एनसीआरबी ने यह रिपोर्ट 6 मई को जारी की। इसमें 2024 में देशभर में हुए अपराधों के आंकड़े दिए गए हैं। यह रिपोर्ट सितंबर 2025 में आनी चाहिए थी, लेकिन इस बार मई 2026 में जारी की गई। रिपोर्ट में देरी की वजह आपराधिक आंकड़ों के सत्यापन और डेटा मिलान को बताया गया है।

डिजिटल स्किल्स की बढ़ती आवश्यकता के बीच

## एक्सेल एसेंशियल्स एंड बिज एक्सेल प्रतियोगिता का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आज के डिजिटल और डेटा-आधारित युग में विद्यार्थियों के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि तकनीकी और विश्लेषणात्मक कौशल भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। विशेष रूप से एक्सेल जैसी प्रोफेशनल स्किल्स आज हर क्षेत्र में सफलता की आधारशिला बन चुकी हैं। चाहे बिजनेस मैनेजमेंट हो, फाइनेंस, एचआर या मार्केटिंग-हर क्षेत्र में एक्सेल प्रोफेशनल सफलता की मजबूत नींव माना जाता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस द्वारा एक्सेल एसेंशियल्स एंड बिज एक्सेल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए 7 दिवसीय एक्सेल वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसके बाद एचआर एनालिटिक्स पर विशेष प्रशिक्षण सत्र एवं प्रतियोगिता का फाइनल राउंड आयोजित किया गया।

## बाइक नहीं रोकी तो लाठी से पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बाइक से घर लौट रहे एक युवक पर तीन बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक नहीं रोकने पर चलती गाड़ी पर लाठी से हमला कर दिया।

युवक खेत में गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल और बाइक लूट ली। सिमरोल पुलिस के मुताबिक फरियादी संजय यादव निवासी गिरीराज वैली कॉलोनी, पिपल्यालोहार ने शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने बताया कि प्याज गोदाम के पास एक युवक ने हाथ देकर उसे रोकने की कोशिश की। शक होने पर उसने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। कुछ दूर आगे बढ़ते ही दो अन्य बदमाश दौड़ते हुए आए और लाठी से हमला कर दिया। हमले में संजय खेत में जा गिरा। इसके बाद बदमाशों ने उसके सिर पर डंडों से वार किए और मोबाइल व बाइक लेकर फरार हो गए और जाते-जाते आरोपी उसे पास के एक कुएं में फेंक गए। संजय ने बताया कि कुआं करीब 30 फीट गहरा था और उसमें लगभग 5 फीट पानी भरा था। गिरने से उसकी टांग में फ्रैक्चर हो गया। कुएं में लगी मोटर और रस्सी के सहारे वह करीब 6 घंटे तक किसी तरह खुद को संभाले रहा। सुबह करीब 6 बजे पास से गुजर रहे एक युवक को उसने आवाज लगाई।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com